ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 30 मई 2024
वर्ष 34, अंक 123, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह 16

पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज 2

## एक नजर

### कुपवाड़ा में सेना के जवानों ने 4 पुलिसकर्मियों के साथ की मारपीट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों की कथित रूप से पिटाई कर दी। पुलिस दल ने एक मामले की जांच के सिलसिले में कुपवाड़ा के बटपोरा इलाके में प्रादेशिक सेना के एक जवान के घर पर कथित रूप से छापा मारा था। पुलिस के इस कदम से सेना की स्थानीय इकाई में कथित रूप से रोष था, जिसके बाद वे थाने में घुसे और पुलिस कर्मियों को पीट दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि बाद में पुलिस और सेना के जवानों के बीच मामूली मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया है। घायल पुलिस वालों को सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल (एसकेआईएमएस) में भर्ती कराया गया था।

### रूद्रम- दो मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रूद्रम – दो मिसाइल का वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ , वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम –दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी।

### परिवार के आठ सदस्यों की हत्या कर की आत्महत्या

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के माहुलझिर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने परिवार के आठ सदस्यों की कुल्हाडी से हत्या कर स्वयं को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिले के माहुलझिर थाना अंतर्गत बोदल कछार गांव में एक आदिवासी परिवार के एक युवक ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है।

### इंडिगो ने महिला यात्रियों के लिए सीट चयन की शुरू की सुविधा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बाजार अनुसंधान के बाद महिला यात्रियों के लिए विशेष सुविधा की पेशकश की है। इसके तहत सीट बुक करने वाली महिलाएं अब वेब चेक-इन के समय अन्य महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों के बारे में जान सकती हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है। अप्रैल में 80 लाख यात्रियों ने इंडिगो की सेवाएं लीं। एयरलाइन ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि उसने एक नई सुविधा शुरू की है जिसका उद्देश्य महिला यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को और सुगम बनाना है। इसे बाजार अनुसंधान के आधार पर शुरू किया गया है। वर्तमान में यह हमारे गर्लपावर सिद्धांत के अनुरूप प्रायोगिक चरण में है। यह सुविधा केवल वेब चेक-इन के दौरान महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों की दृश्यता प्रदान करती है।

## देश में कदम रखते ही गिरफ्तार होगा रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

- म्यूनिख से बेंगलुरु की उड़ान का 30 मई का टिकट बुक कराया
- एसआईटी बेंगलुरु अड्डे पर गिरफ्तारी के लिए तैनात

जनता दल (सेक्यूलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना ने 30 मई को म्यूनिख से बेंगलुरु की वापसी की उड़ान में टिकट बुक कराया है। देश में कदम रखते ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

एसआईटी के सूत्रों के अनुसार, जद(एस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के 33 वर्षीय पोते रेवन्ना के 31 मई को बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है। एसआईटी रेवन्ना के बेंगलुरु पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यहां केम्पेगौड़ा हवाईअड्डे पर लगातार नजर रख रही है। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी के तौर पर फिर से चुनाव लड़ रहे रेवन्ना यह खबर सामने आने के तुरंत बाद विदेश भाग गए थे कि कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री सिद्दरमैया से उन आपत्तिजनक वीडियो की जांच करने का आदेश दिया है जिसमें रेवन्ना कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण करते हुए दिखायी दे रहे हैं।



**तबाही के निशान**

असम के नागांव में रेमल तूफान का व्यापक पर पड़ा है। भूस्खलन व ज्यादा बारिश होने से बुधवार को भी यहां हाल बेहाल रहा। क्षेत्र की सड़कों व घरों में पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ● एजेंसी

## लूटपाट मामले में आजम खां और बरकत दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 2019 के डूंगरपुर बस्ती में मामले आज होगा सजा का ऐलान

**अमृत विचार :** डूंगरपुर बस्ती में लूटपाट व चोरी के मामले में कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता मोहम्मद आजम खां और ठेकेदार बरकत अली को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के जज डॉ. विजय कुमार ने दोषी करार दिया है। दोनों को सजा का ऐलान गुरुवार को होगा।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य आरोपों में गंज थाने में मामले दर्ज कराए थे। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा। आरोप है कि दरोगा फिरोज खां ने फायर भी किया। इसके बाद उसकी वाशिंग मशीन, सोना, चांदी के जेवर तथा 5000 रुपये लूटकर ले गए। विवेचना के दौरान सपा नेता आजम खां का भी नाम शामिल किया गया था।

# देश की राजधानी सबसे गर्म

## दिल्ली में पारे ने रचा इतिहास, 52.3 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश की राजधानी में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। नई दिल्ली में शाम 4.14 बजे तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह तापमान मुंगेशपुर इलाके में बुधवार को दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं देर शाम दिल्ली में आसमां से बरसी फुहारों ने लोगों को कुछ राहत दी।

उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म वाराणसी रहा, यहां तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच और 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है। अगले एक हफ्ते में यह देश के बाकी हिस्सों तक पहुंच सकता है।



कानपुर में गर्मी से राहत के लिए निगम ने बौछार अभियान चलाया। ● मनोज तिवारी

### पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना

दिल्ली में पानी किल्लत को देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पेड लीव दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने निर्देश जारी किए हैं।

### उप्र में लू से 28 लोगों की मौत

- महोबा में छह, हमीरपुर में तीन, चित्रकूट-बांदा में दो-दो की मौत
- कानपुर में दरोगा सहित तीन लोगों ने तोड़ा दम
- बहराइच तीन, लखनऊ व प्रतापगढ़ एक-एक जान गई


**लखनऊ/ कानपुर।** प्रदेश में प्रचंड गर्मी व लू का दौर जारी है। बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से बुधवार को अलग-अलग जिलों से 28 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। महोबा में छह हमीरपुर में तीन,बहराइच तीन, कानपुर देहात में तीन, चित्रकूट और बांदा में दो-दो और लखनऊ व प्रतापगढ़ एक-एक जान गई। इसके अलावा कानपुर में एक दरोगा सहित सात लोगों की मौत लू लगने से हो गई। महोबा में अधिकतम तापमान 46 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में 48 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम करीब पांच बजे बूंदाबादी के बाद उमस बढ़ गई। जालौन, बांदा व चित्रकूट में अधिकतम तापमान 47 डिग्री, इटावा में 45 .4 डिग्री तो फतेहपुर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सिल्सियस रहा। झांसी 47 .5 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में दिन का पारा 46 .8 डिग्री से. रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 43 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। बहराइच 43 डिग्री से. और प्रतापगढ़ 45 .6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## बृजभूषण के बेटे के काफिले की कार ने बाइक सवार 2 युवकों को रौंदा, मौत

संवाददाता, करनैलगंज(गोंडा)



रेहान



सहजाद

- गुस्साए ग्रामीणों ने काफिले पर किया पथराव, वाहन छोड़कर भागा चालक गिरफ्तार



हादसे के बाद खड़ी फार्च्यूनर कार।

**अमृत विचारः** कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल पुलिस स्कोर्ट लिखी फार्च्यूनर कार ने बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों समेत तीन लोगों को रौंद डाला। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला अस्पताल में भर्ती है। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने पथराव कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर चालक लवकुश को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद गांव में तनाव है और इस तनाव को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात है।

बुधवार की सुबह बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपने लाल लश्कर के साथ कैसरगंज की तरफ जा रहे थे। करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर छितईपुरवा गांव के समीप काफिले में चल रही पुलिस स्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला। हादसे में निंदुरा गांव निवासी रेहान (17) व शहजादे (24) की मौत हो गयी। जबकि छितईपुरवा गांव की रहने वाली महिला सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सीता देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब करण भूषण के काफिले की पुलिस स्कोर्ट लिखी कार ओवरटेकिंग का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवक कर के सामने आ गए। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के शिकार लोगों को अस्पताल ले जाने के बजाय काफिले में शामिल अन्य गाड़ियां फर्राटा भरते हुये निकल गयीं। आक्रोशित लोगों ने हादसे को अंजाम देने वाली फॉर्च्यूनर कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कार चालक बस में सवरने लोग भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया जबकि महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया परिजनों संग ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का घेराव किया तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर आरोपी कार चालक लवकुश श्रीवास्तव निवासी नवाबगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आईटी ने रियल स्टेट कारोबारी की जब्त की 82 एकड़ जमीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कास गांव में हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने राजधानी के सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कास गांव में 82 एकड़ जमीन जब्त की है। आरोप है कि यह विभिन्न कंपनियों के नाम से खरीदी थी। जब्तीकरण की कार्रवाई के बाद कुर्की की नोटिस भी चस्पा की गई है।

सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया कि जमीनें तिलिचो इन्फ्राडेवलपर, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ट्रेपेजियम इन्फ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टेरे नार्मस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पानटियक इन्फ्रा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, एम्ब्लाजान प्रापर्टीज, एवलिन इन्फ्राकान व साईंस्तुति वेंचर के नाम पर खरीदी गई थीं। जमीनों को जब्त करने के बाद कुर्की की नोटिस चस्पा की गई है। आयकर विभाग ने फरवरी माह में बेनामी कंपनियों के जरिए काले धन को रियल एस्टेट में खपाए जाने के मामले में लखनऊ, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद समेत छह शहरों में स्थित 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें हवाला कारोबारी नंद किशोर चतुर्वेदी की कंपनी हमसफर डीलर्स व उसकी सहयोगी कंपनियों के ठिकानों पर छानबीन हुई थी।

## लखहा में बवाल, महिला समेत दो के पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, बेहजम(लखीमपुर खीरी)

### दीवार तोड़ने को लेकर मारपीट-पथराव-फायरिंग

- बवाल में पांच लोग घायल, पथराव की चपेट में तीन पुलिसकर्मियों को भी आईं चोटें, पुलिस ने लाठियां भांजकर काबू में किए हालात



गांव खजुहा में पथराव के बाद मौके पर बिखरे पड़े ईंट-पत्थर।

**अमृत विचार :** गांव लखहा में बुधवार दोपहर दीवार तोड़ने को लेकर भारी बवाल हो गया। एक पक्ष के साथ आए 20-25 लोगों के दीवार तोड़ने और दूसरे पक्ष के साथ मारपीट करने पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। मारपीट शुरू हो गई। लाठी-डंडे चले और पथराव होने लगा। करीब आधे घंटे तक चली गोलियों की तड़तड़ाहट से गांव में दहशत व्याप्त हो गई। गोली लगने से एक महिला समेत दो लोग घायल हुए हैं। वहीं पथराव और मारपीट में पुलिसकर्मियों समेत पांच लोग घायल हुए। सूचना पर कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे एएसपी पश्चिमी ने मोर्चा संभाला और जमकर लाठियां बरसाई। तब जाकर हालात काबू में आए। पुलिस ने करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया है।

थाना नीमगांव के गांव लखहा निवासी मनीष कुमार ने रास्ते के पास दीवार बनाई थी। जिसका पड़ोसी मनमोहन वर्मा विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि दीवार रास्ते पर बनाई गई है, जबकि मनीष कुमार अपनी जगह में दीवार खड़ी करने का दावा कर रहे थे। करीब छह दिनों से विवाद चला आ रहा था। बुधवार की सुबह करीब 10:30 बजे मनमोहन ने अपने करीब 20-25 लोगों को बुला लिया और ट्रैक्टर से दीवार गिरानी शुरू कर दी। इसका मनीष कुमार पक्ष के लोगों ने विरोध किया। इस पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चलने लगे। इसी बीच ताड़बतोड़ फायरिंग शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। इसी बीच नीमगांव पुलिस भी मौके पर आ गई। इस दौरान करीब आधे घंटे तक कई राउंड फायरिंग हुई। गोली लगने से बिट्टू पत्नी बदलू, और प्रदीप पुत्र प्यारेलाल घायल घायल हो गए। वहीं मारपीट और पथराव में भूपेंद्र वर्मा, अरविंद कुमार सिवत्री देवी के साथ ही तीन पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर मौके पर पहुंची एसओ श्रद्धा सिंह ने हालात बेकाबू होने पर मामले की जानकारी आला अफसरों को दी। सूचना पाकर एएसपी नैपाल सिंह (पश्चिमी), सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह खीरी, मितौली, फरधान समेत कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। एएसपी ने खुद बॉडी प्रोटेक्टर और हेलमेट लगाकर फोर्स के साथ मोर्चा संभाला। पुलिस ने लाठियां भांजकर हालातों पर काबू पाया। पुलिस ने दोनों पक्ष के करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में स्थिति तनाव पूर्ण बनी हुई है। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## मोदी ने पूछा, नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे षड़्यंत्र तो नहीं

बारीपदा/बालासोर (ओडिशा), एजेंसी।



- कहा- 10 जून को ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी तो विशेष समिति का गठन कर कराएंगे जांच

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी।

मयूरभंज और बालासोर लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। उन्होंने कहा नवीन बाबू की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के पीछे के रहस्य को सामने लाया जाना चाहिए, क्योंकि राज्य के लोगों को इसका कारण जानने का अधिकार है। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा चाहता है कि कोई उड़िया राज्य का मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा ओडिशा के लोगों ने राज्य में बीजद के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला किया है।

### पटनायक का मोदी को जवाब, मेरी सेहत ठीक, कर रहा हूं चुनाव प्रचार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि उनकी सेहत ठीक है और वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव के लिए गत एक महीने से प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) पूर्व में सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं उनका अच्छा मित्र हूं। उन्हें मात्र मुझे फोन करके मेरी सेहत की जानकारी लेनी थी लेकिन ओडिशा एवं दिल्ली में भाजपा के कुछ लोग मेरी सेहत को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरी सेहत ठीक है और मैं राज्य में विगत एक महीने से चुनाव प्रचार कर रहा हूं। मोदी के बयान के कुछ घंटों के बाद ही पटनायक की यह प्रतिक्रिया आई है।

## सातवें चरण में 13 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 30 मई को शाम छह बजे प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी में मतदाताओं व मतदान कर्मियों के बचाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं, दुद्धी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

## पैरोल जंप कर फरार इनामी अपराधी मुंबई से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजियाबाद पुलिस ने रखा था 50 हजार का इनाम

**अमृत विचारः** एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी अभियुक्त को मुंबई से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर गाजियाबाद के दो थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। कोरोना के दौरान अदालत से दो महीने का पैरोल मिलने के बाद अभियुक्त फरार हो गया था। एसटीएफ ने अभियुक्त को तीन दिन के ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद ला रही है।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि शब्बीर पुत्र हसमुद्दीन किशनगंज बिहार का निवासी है। जरी का काम सीखने के लिए दिल्ली आया था। इसी बीच इसकी मुलाकात दिल्ली में रह रहे कुछ आपराधिक तत्वों से हुई, जिसके बाद शब्बीर गाजियाबाद में चोरी और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगा। गाजियाबाद कोतवाली और विजयनगर थाने में शब्बीर के खिलाफ सात मुकदमे दर्ज हैं। इसी के आधार पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई थी। 2020 में कोरोना महामारी के दौरान शब्बीर को अदालत से दो महीने के लिए पैरोल मिला था, जिसे जंप करते हुए शब्बीर मुंबई भाग गया। शब्बीर पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम रखा था।





## खेल डायरी

### आईडब्ल्यूएल के दूसरे सत्र में खेलेंगी श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी

**नई दिल्ली।** श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी को इंडियन वुमेन्स लीग आईडब्ल्यूएल 2 में क्रमश: पहला और दूसरा स्थान हासिल करने के बाद आईडब्ल्यूएल में प्रोमोट कर दिया गया। श्रीभूमि ने गोवा के मापुसा में दुलेर स्टेडियम में पुधुवाई यूनिकॉर्न्स पर 2-0 की जीत से आईडब्ल्यूएल 2 खिताब अपने नाम किया। पांच टीम श्रीभूमि एफसी, नीता फुटबॉल अकादमी, गढ़वाल यूनाईटेड एफसी, पुधुवाई यूनिकॉर्न्स और एफसी टूएम अंतिम दिन लीग जीतने की दौड़ में बनी हुई थी, लेकिन लीग के अंतिम दौर में श्रीभूमि और नीता फुटबॉल अकादमी ने 10-10 अंक हासिल किए। बेहतर रिकॉर्ड की बदौलत श्रीभूमि को विजेता घोषित किया गया। नीता एफए ने अंतिम दिन एसएजी फुटबॉल अकादमी को हराया।

### एआईएफएफ फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 22 से

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन गुजरात में 22 जून से पांच जुलाई तक स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में हुआ। टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 18 टीम हिस्सा लेंगी। संबंधित राज्य संघों ने 14 टीमों को नामित किया है जबकि पिछले सत्र में फुटसाल क्लब चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी और इलेक्ट्रिक वेंग फुटसाल क्लब को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन लीग सह नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा जहां सभी चार ग्रुप के विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे।

### नॉर्वे शतरंज: प्रगनानंद हारे, वैशाली को मिली जीत

**स्टवान्गर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज के दूसरे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रगनानंद को मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्पेयरबैंक 1 एसआर-बैंक में मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने आर्मागेडन (सडन डेथ) खेलों में सफेद रंग के मोहरों से जीत हासिल की और प्रत्येक ने 1.5 अंक हासिल किए। विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ने वाले भारत के विलक्षण प्रगनानंद ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य दौर में अपना पहला क्लासिकल पहला मैच ड्रॉ खेला। उधर, वैशाली ने कोनेरू को हराकर महिला टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। वैशाली आर ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के लिए साथी भारतीय कोनेरू हम्पी को हराया।

### अपने खेल और टीम का ऋणी रहूंगा : छेत्री



**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की दहलीज पर खड़े भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों और खेल के हमेशा ऋणी रहेंगे जिन्होंने हमेशा उनकी मदद करके इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम छह जून को कुवैत के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर खेलने यहां पहुंच गई है। छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। छेत्री ने कहा ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिये दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले छेत्री ने कहा मैने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा। अगर भारत जीतता है तो पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। साथ ही एएफसी एशियाई कप सउदी अरब 2027 के लिए स्वत: क्वालीफाई करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाएगा।

### एएसी की नियुक्ति पर रोक, समिति को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने बुधवार को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए तदर्थ प्रशासनिक समिति (एएसी) की नियुक्ति पर रोक लगाकर खेल संस्था का नियंत्रण 2019 को चुनी गयी कार्यकारी समिति को वापस दे दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजस्थान घुड़सवारी संघ (आरईए) द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 24 मई को ईएफआई का रोजमर्रा का कामकाज देखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नज्मी वजीरी की अध्यक्षता वाले तदर्थ पैनल की नियुक्ति का आदेश दिया था। महासंघ ने एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ पेटेंट अपील दायर की थी और उसे मनमुताबिक फैसला भी मिला। भारत ने अभी तक ड्रेसज स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक का एक कोटा हासिल किया है जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अनुष अगरवाला ने दिलाया था।

# कोहली-रोहित के लिए खिताब का आखिरी मौका

## 2007 और 2011 विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं दिग्गज, 13 साल बाद फिर जीतना चाहेंगे ट्रॉफी



बेंगलुरू, एजेंसी

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 साल के होने वाले होगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी-20 विश्व कप रोहित और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप विराट का दूसरा विश्व खिताब होगा और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला।

**2026** में होगा अगला टी-20 विश्व कप तब रोहित 40 साल के होने वाले होगे और 38 वर्ष के होंगे कोहली

**2007** बेलफास्ट में रोहित ने जबकि कोहली ने 2008 दांबुला में खेला था अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच

### खास हैं रोहित और विराट की बल्लेबाजी के अंदाज

रोहित में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है जिससे उन्हें मदद मिलेगी, लेकिन कोहली का खेल थोड़ा अलग है। वह कभी-कभार बड़ी हिट लगा सकते हैं लेकिन उन्हें अक्सर स्पिन के खिलाफ जूझना पड़ता है, विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ। टी-20 में धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहता है। बीच के ओवरों में उनकी प्रगति में बाधा डाली लेकिन इस साल के आईपीएल के दौरान उन्हें इसका समाधान मिल गया। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉग स्वीप का इस्तेमाल किया। इसका उनके स्ट्राइक रेट पर अच्छा असर पड़ा क्योंकि कोहली ने 188 गेंदों पर 260 रन बनाए और स्पिनरों के खिलाफ 15 छक्के लगाए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 139 तक पहुंच गया जो उनके आईपीएल के 124 के समग्र स्ट्राइक रेट से काफी बेहतर है। यह कोहली के लिए टी-20 विश्व कप में काम आ सकता है जहां पिचों के टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ धीमा होने की उम्मीद है जिससे स्पिनरों की अहमियत बढ़ती है। क्रिकेट के दायरे से परे दोनों दिग्गजों का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अंतिम प्रयास करना व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक आकर्षक दृश्य होगा।

कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी। कोहली ने अपने करियर की शुरुआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है। विराट ने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अभी के लिए कोहली और रोहित को टी-20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा।



# ठंड से सामंजस्य बिठाने में जुटी भारतीय टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी-20 विश्व कप के लिए सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी-20 विश्व कप में भारत के सभी शुरूआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिए सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गई।

आईपीएल में आरसीबी के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं। भारत में तेज गर्मी में 90 प्रतिशत मैच खेलने के बाद खिलाड़ी यहां सुबह के खुशनुमा मौसम के अनुरूप ढलने पर ध्यान लगाएंगे क्योंकि यहां तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहता है जिसमें बहुत कम आद्रता होती है। सुबह हल्की हवा में सफेद कूकाबूरा गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। यात्रा की थकान के बाद खिलाड़ियो को सुबह की इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। सहयोगी स्टाफ ने नासाऊ काउंटी मैदान पर अभ्यास पिचों पर नेट सत्र में कौशल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियां को परिस्थितियों के हिसाब से सांमजस्य बिठाने में मदद करने का फैसला किया। टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरूआत हल्की जांगिग से की, इसके बाद शटल रन लगाई और कुछ फुट वॉली भी की।



नासाऊ काउंटी मैदान पर ट्रेनिंग सत्र में दौड़ते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

### कदमों पर तो खड़ा हो गया, इंडिया के लिए खड़ा होना बाकी : पंत

**मुबंई।** आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ एक प्रोमो लॉन्च किया है। स्टार स्पोर्टस ने बुधवार को ट्वीट कर प्रोमो का वीडियो शेयर किया है जिसमें पंत के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ कहा जा रहा है दिल में एक कसक अभी बाकी है, दिल में एक धड़क अभी बाकी है, अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिये खड़ा होना बाकी है। वीडियो में ऋषभ पंत देश को गर्व, खुशी और आशा के साझा बैनर के तहत एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े क्रिकेट गौरव के लिए तैयार है। यह देश और दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक भारत के रूप में खड़े होने का समय है।

# ऑस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में नामीबिया को हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैचों में नामीबिया को वॉर्नर की 21 गेंदों में नाबाद (54) रनों की पारी की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की संघर्षपूर्ण शुरुआत हुई। नामीबिया की ओर से जेन ग्रीन ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 38 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली और 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

### चयनकर्ता और कोच के साथ खेली ऑस्ट्रेलिया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की। आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, स्टोइनिस और मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा।

# अरूंधति प्री क्वार्टर फाइनल में, नरेंदर बाहर

बैंकॉक, एजेंसी

गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए स्थिति मजबूत की। अरूंधति ने तीसरे राउंड में आसान जीत दर्ज की। नरेंदर ने भी विरोधी को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

**ओलंपिक क्वालीफायर**



### पदक विजेताओं को पुरस्कार देगा आईबीए

**जिनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में हर स्वर्ण पदक विजेता को वह 50000 डॉलर नकद पुरस्कार देगा। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगा रखा है और ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के उसके फैसले को भी मंजूरी नहीं दी है। उसके पास 13 भारवर्गों में क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाले पुरूष और महिला मुक्केबाजों, उनके कोचों और राष्ट्रीय टीमों के लिए 21 लाख डॉलर ईनामी राशि है। हर ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन को 25000 और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 10000 डॉलर दिये जाएंगे।

# नियमों में बदलाव के कारण सिंहराज ने छोड़ा पेरिस कोटा

नई दिल्ली, एजेंसी

**पैरा निशानेबाज**

दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता निशानेबाज सिंहराज अधाना पेरिस के लिए भारतीय दल का हिस्सा नहीं हो पायेंगे क्योंकि 2021 तोक्यो चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति (आईपीसी) द्वारा प्रतियोगिता नियमों में बदलाव किया गया है।

42 वर्षीय सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल एसएचआई श्रेणी में कांस्य जीता था। भारतीय पैरालंपिक समिति के निशानेबाजी के लिए चयन पैनल ने बैठक की और फैसला किया कि केवल आठ ही पैरा निशानेबाज पेरिस के लिए उड़ान भरेंगे। देश के पैरा निशानेबाजों ने नौ पेरिस कोटा स्थान हासिल किए हैं। पीसीआई चयन समिति की बैठक के मिनटस के अनुसार हालांकि हमने पेरिस पैरालंपिक के लिए नौ कोटा स्थान हासिल किए, लेकिन हमारी पीसीआई चयन नीति और विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स दिशानिर्देशों के अनुसार केवल आठ निशानेबाज ही भाग ले पाएंगे इसलिए हमें सिंहराज का एक कोटा छोड़ना होगा।

### फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे जोकोविच

**पेरिस।** सार्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रांस के पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए है। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। जोकोविच की 93वीं जीत है। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से होगा।



**2** घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से दर्ज जीत की जोकोविच की यह 93वीं जीत है।

### लावेर कप में टीम यूरोप के कप्तान होंगे यानिक

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन 1983 चैंपियन यानिक नोआह लावेर कप 2025 में ब्योर्न बोर्ग की जगह यूरोपीय टेनिस टीम के कप्तान होंगे। पिछले सप्ताह आंद्रे अगासी को विश्व टीम का कप्तान चुना गया जो जॉन मैकेनरो की जगह लेंगे। नोआह ग्रैंडस्लैम जीतने वाले फ्रांस के आखिरी खिलाड़ी थे जो 1986 में एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंचे। अगला लावेर कप सेन फ्रांसिस्को में होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में अल्लू और रश्मिका का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस नए पोस्टर में पीछे का बैकग्राउंट काफी कलरफुल नजर आ रहा है। साथ ही इसमें अल्लू बिल्कुल शाहरुख खान की तरह बाहें फैलाए नजर आ रहे हैं। रश्मिका के चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर एक्स अकाउंट पर जारी किया है। मेकर्स ने एक्स अकाउंट पर लिखा, इंडिया की सबसे पसंदीदा जोड़ी जल्द ही कपल सॉन्ग को लेकर आ रही है। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।



### भानुशाली ने सुपर्ण के साथ साइन की तीन फिल्मों की डील

**मुबंई।** भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के विनोद भानुशाली ने सफल फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है के बाद सुपर्ण एस वर्मा के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने तीन फिल्मों की एक शानदार डील क्रैक की है। इस स्टूडियो ने क्रिटिकली अक्लेम्ड निर्देशक सुपर्ण एस वर्मा को एक अपकमिंग फिल्म का निर्देशन करने और दो और फिल्मों का रचनात्मक निर्माण करने के लिए साइन किया है। हाल में भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने इसकी घोषणा की है। अपनी दूरदर्शी स्टोरीटेलिंग और इनोवेटिव फिल्ममेकिंग अपरोच के लिए जाने जाने वाले, सुपर्ण एस वर्मा अपना अनूठा दृष्टिकोण और रचनात्मक विशेषज्ञता भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड में लाएंगे। इसके तहत निर्देशक एक आगामी फिल्म की बागडोर संभालेंगे, जिसमें वे अपनी विशिष्ट शैली और रचनात्मकता का समावेश करने का वादा करेंगे। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है और अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। वहीं कास्ट और क्रू के बारे में ज्यादा जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। निर्देशन के अलावा, वह दो और फिल्मों के लिए क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी काम करेंगे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

**मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे।



पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और गुरजोत ने इसे गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। जर्मनी ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के अंतिम लम्हों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और उसने इसका फायदा उठाते हुए 3-2 की बढ़त बना ली जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारत यूरोप दौरे पर अपना अंतिम मैच बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगा।

# पीवी सिंधू सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में, लक्ष्य हारे

सिंगापुर, एजेंसी



पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं।

सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 21-12 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। वहीं लक्ष्य ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन 62 मिनट में पराजित हो गए। एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल मैच में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की जोड़ी से 18-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# एसओ ने घर में घुसकर बरसाए डंडे, वीडियो वायरल

## पौन घंटे बवालियों के कब्जे में रहा गांव लखहा, गुस्साई पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, करीब दो घंटे तक गांव खजुहा में होता रहा बवाल

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)


घर के अंदर युवक पर डंडे बरसाती एसओ नीमगांव श्रद्धा सिंह।


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार


गोली लगने से घायल महिला और युवक।


घटना स्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बुधवार को लखहा गांव करीब पौन घंटे तक बवालियों के कब्जे में रहा। बवाल करने पहुंचे लोगों ने जमकर उत्पात मचाया, लेकिन ग्रामीणों के मोर्चा संभालने पर हालात बिगड़ गए। एएसपी के साथ मौके पर पहुंची कई थानों की पुलिस जब एक्शन में आई और लाठी चार्ज किया तो लोग गली-कूचों में छिपने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने जो जहां मिला। उसे दौड़ा दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। यहां तक घरों में घुसी पुलिस ने महिलाओं पर भी डंडे बरसाए।

जिस वक्त बवाल हुआ। उस समय पुलिस गांव मिर्जापुर में मौजूद थी। दरअसल मंगलवार को गांव मिर्जआपुर निवासी नागेश की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उसके परिवार के लोग हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर रखकर प्रदर्शन कर रहे थे। एएसपी नैपाल सिंह भी कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर थे। वह परिवार वालों को समझा बुझा रहते थे। इसी बीच गांव लखहा में बवाल की सूचना से पुलिस के हाथपाव फूल गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात नाजुक देख लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस ने सड़क और आसपास खड़े लोगों को पहले दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा। इस दौरान कई घरों में भी पुलिस घुस गई। जो जहां मिला उस पर वहीं जमकर डंडे बरसाए और धड़पकड़ शुरू की। इस दौरान एक घर में मिले युवक को कई पुलिस वालों ने चारों तरफ से घेर लिया। एसओ नीमगांव का सारा गुस्सा उसी युवक पर फूट पड़ा। घर के अंदर ही कई दरोगाओं और सीओ की मौजूदगी में एसओ नीमगांव श्रद्धा सिंह ने उसकी डंडे से जमकर पिटाई की। एसओ की पिटाई करते हुए किसी ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### लापरवाहीः छह दिन से थाने में चल रहा था मामला

**बेहजम।** हत्या, लूट, चोरी की घटना हो चाहे अन्य कोई मामला। इन मामलों में कार्रवाई न करने और लापरवाही बरतने को लेकर एसओ नीमगांव अक्सर चर्चा में रहती हैं। बुधवार को गांव लखहा में हुए बवाल में भी एसओ की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दीवार को लेकर चल रहा यह विवाद छह दिन पहले थाने पहुंचा था, लेकिन पुलिस ने निस्तारण कराने के बजाय उसे चालती रही। यदि पुलिस पहले ही चेत जाती और समस्या का निस्तारण करा देती तो शायद बुधवार को गांव में भारी बवाल नहीं होता। गांव लखहा निवासी मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार पुत्र सोबरन लाल का मनमोहन के बीच में कई दिनों से दीवार बनाने को लेकर विवाद चल रहा था। छह दिन पहले यह मामला थाना नीमगांव पहुंचा था। एसएसआई इस मामले को देख रहे थे, लेकिन छह दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। अगर पुलिस समय रहते कार्रवाई करती और समस्या का निस्तारण करा देती तो शायद बवाल टल सकता था, लेकिन पुलिस ने विवाद को सुलझाने में कोई रुचि नहीं ली।

## सार-संक्षेप

### रेंजर आरिफ जमाल ने दोबारा संभाला कार्यभार

**संवाददाता, निघासन। अमृत विचार :** दक्षिण निघासन रेंज लुधौरी के स्थानांतरित रेंजर आरिफ जमाल ने हाईकोर्ट के आदेश पर दोबारा कार्यभार ग्रहण किया है। शासन ने कुछ महीने पहले उनका स्थानांतरण अन्यत्र कर दिया था। इस पर रेंजर आरिफ जमाल हाईकोर्ट की शरण में चले गए थे। रेंजर आरिफ जमाल ने बताया कि बगैर कारणों के हुए ट्रांसफर के चलते कोर्ट गए थे। कोर्ट ने न्याय का फैसला किया है। उन्होंने दोबारा कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी आज

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर प्रिंट मीडिया की वर्तमान स्थिति और सोशल मीडिया की चुनौती विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में 30 मई को पूर्वान्ह 10 .30 बजे से नगर पालिका परिषद सभागार में किया जाएगा।

### चिल्ड्रेंस एकेडमी में हुआ छात्र अलंकरण समारोह


चिल्ड्रेंस एकेडमी में पुरस्कृत बोर्ड के मेधावी और अतिथि।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** चिल्ड्रेंस एकेडमी में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन कर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटर के टॉप टेन मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय की क्रिकेट टीम जिसने श्री राजेंद्र गिरी क्रिकेट टूर्नामेंट को जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया उसका भी सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, विद्यालय प्रबंधक सतीश कुमार गुप्ता, सविता गुप्ता, डायरेक्टर अनुभव गुप्ता, प्रधानाचार्य अजय कृष्णा आनंद, शिक्षक, शिक्षिकाएं, मेधावी छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

### पालिकाध्यक्ष ने किया डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन


फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ करतीं पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** शहर की ग्राम पंचायत सैधरी के फत्तेपुर में बुधवार को डे-नाइट क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सैधरी प्रधान गुड्डू वर्मा, टूर्नामेंट के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ( अर्जुन) भी मौजूद रहे।

### मानवाधिकार सुरक्षा समिति ने वकीलों को दिया समर्थन


सेंट्रल बार एसोसिएशन को समर्थन पत्र देते अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** मानवाधिकार सुरक्षा समिति ने सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला को समर्थन दिया है। मानवाधिकार सुरक्षा समिति के के जिला संयोजक जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री अजय कुमार पांडेय ने बताया कि सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश ने अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव व अन्य के विरुद्ध दर्ज झूठी एफआईआर दर्ज कराई है। जिसे मानवाधिकार सुरक्षा समिति स्पंज करने की मांग करती है और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करती है। उन्होंने कहा कि अगर झूठी एफआईआर को निरस्त नहीं किया गया तो अधिवक्ता आरपार की लडाई लड़ेंगे। उन्होंने सेन्ट्रल बार एसोसिएशन तहसील गोला के जारी आन्दोलन का समर्थन किया है। इस दौरान अरशद रजा, लाल बहादुर, कृष्ण मोहन धूरिया, उमा प्रताप कटियार, मोहम्मद सलीम, संजय सिंह, कमल पाण्डेय, राजीव वर्मा, सुधीर कनौजिया आदि रहे।

# सूखा पड़ा सौंखिया में अमृत सरोवर, बेजुबान प्यासे



सूखा पड़ा सौंखिया का अमृत सरोवर। अमृत विचार

संवाददाता, रोशननगर।

**अमृत विचारः** इस भीषण गर्मी में आम जनमानस ही नहीं पशु पक्षी भी बेहाल हैं। ऊपर से सरकार ने जल संचयन के मकसद से लाखों खर्च कर जो अमृत सरोवर बनवाए थे वह बेमकसद नजर आ रहे हैं। भारी भरकम बजट खर्च करने के बाद भी अमृत सरोवर गर्मियों में काम नहीं आ रहे हैं और ऐसी भीषण गर्मी में बेजुबानों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

शासन की सख्ती के बावजूद भी प्रशासनिक स्तर पर सरोवरों में पानी भरने की कवायद शुरू नहीं की जा सकी है, जिससे यह सरोवर बदहाली की स्थिति में पड़े हैं ब्लॉक बांकेगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत सौखियां में बने अमृत सरोवर का हाल भी कुछ ऐसा ही है जिसमें मौजूदा समय में सौंदर्यीकरण कराया गया जो यह अमृत सरोवर सूखा पड़ा है, जिसमें बच्चे मैच खेलते है, मवेशी या पक्षी प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इस अमृत सरोवर की तरफ आते है। लोगों का कहना है कि इस समय पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है। लेकिन अधिकारी इस तरफ अनदेखी किये हुए है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों खर्च करने के बाद भी नतीजा सिर्फ शून्य ही निकला और प्रशासनिक हवाई दावों के बीच बेनतीजा कवायद भी इन सरोवरों की सूरत को नही संवार सके हैं, वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी इस और पूरी तरह खामोशी साधे हुए हैं।

## गोला डिपोः परिचालक पर जानमाल की धमकी देने का आरोप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गोला डिपो के एक संविदा परिचालक ने दूसरे परिचालक पर जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिचालक ने एआरएम और आरएम से लेकर परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक का शिकायती पत्र भेजा है। साथ ही मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। संविदा परिचालक अभिजीत सिंह ने प्रबंध निदेशक को भेजे गए पत्र में लिखा है कि वह मूलत : बलिया जनपद का निवासी है और गोला डिपो में संविदा परिचालक के पद पर तैनात है। गोला में परिवार के साथ रहकर अपनी ड्यूटी कर रहा है। पीडित परिचालक ने बताया कि कुछ दिन पहले डिपो के परिचालक संतोष गुप्ता ने लगेज का फोटो खींचने और गाड़ी चेक कराने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज करते हुए जानमाल की धमकी दी। पीड़ित परिचालक ने बताया कि शाहजहांपुर और लखीमपुर डिपो पर सवारियां बैठाने के लिए एआरएम की ओर से 15 मिनट बस अड्डे पर रूकने का समय निर्धारित किया गया है। मगर, इसके बावजूद दबंग परिचालक संतोष गुप्ता इसके बावजूद देर तक सवारियां बैठाते रहते हैं। अभिजीत सिंह ने प्रबंध निदेशक आदि को पत्र भेजकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाकर अपने एवं अपने परिवार के साथ होने वाली घटना के लिए संतोष गुप्ता को जिम्मेदार बताया है।

# जिला अस्पतालः अव्यवस्थाओं में कमी, मरीजों के लिए लगी कुर्सियां

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


जन औषधिक केंद्र के पास डलवाई गई कुर्सियों पर बैठे मरीज और उनके तीमारदार।

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल के ओपीडी परिसर से लेकर पर्चा काउंटर के पास गिनती की मात्र दस तीन सीटर कुर्सियां पड़ीं थीं, जबकि अस्पताल में रोजाना 1200 से 1300 तक मरीज तीमारदारों के साथ दवा आते हैं। कुर्सियां न होने की वजह से मरीज और तीमारदार जमीन पर बैठने को मजबूर होते थे। इस अव्यवस्था को अमृत विचार ने 18 मई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया तो मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने जन औषधि के केंद्र पास एक दर्जन से अधिक तीन सीटर कुर्सियां डलवाई हैं। इससे 40 से 50 मरीजों के बैठने का इंतजाम हो गया है।

जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने से लेकर ओपीडी में डॉक्टर को दिखवाने और फिर औषधि वितरण काउंटर पर दवा लेने के लिए मरीजों को दो से तीन घंटे का समय लगता है। वहीं जांच कराने की स्थित में इंतजार का समय और बढ़ जाता है। ऐसे में गंभीर से लेकर बुजुर्ग मरीज ज्यादा देर तक खड़े न होने और कुर्सियों के अभाव की वजह से जमीन पर बैठने और लेटने के लिए मजबूर हो जाते हैं। खबर का संज्ञान लेकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने जन औषधि केंद्र और दवा वितरण काउंटर के पास एक दर्जन से अधिक तीन सीटर कुर्सियां डलवा दी है, जिससे 40 से 50 मरीजों के बैठने का इंतजाम हो गया है।


जिला अस्पताल में सुविधाएं ठप, मरीजों को महज कागजों पर मिल रहा उपचार

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ।

> अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इसका हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मरीजों के लिए बेन्चें डलवा दी गईं हैं। आने वाले दिनों में इनमें और इजाफा किया जाएगा।
>
> –देश दीपक आर्य, प्रधानाचार्य–स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय लखीमपुर

# वनराज और गैंडों को भी पानी का सहारा



दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल में वॉटर होल में पानी का आनंद लेता गैंडा और बाघ। अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी से जहां हर कोई बेहाल है, वहीं दुधवा टाइगर रिजर्व के वन्य जीव भी बिलबिला उठे हैं। दुधवा प्रशासन द्वारा खुदवाए गए वॉटर होल की तस्वीरें दर्शा रहीं हैं कि इनसे वनराज यानी बाघ और गैंडों को भी राहत मिल रही है।

डीटीआर के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने दो तस्वीरें साझा की, जिसमें से एक में पानी में बैठा गैंडा तो दूसरी में वॉटर होल में मस्ती करता बाघ। दोनों तस्वीरें दुधवा के दक्षिण सोनारीपुर रेंज के सलूकापुर क्षेत्र की हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह पानी में दुर्लभ वन्यजीव तेंदुआ, हाथी, नीलगाय, बारहसिंगा, भालू आदि जल क्रीड़ा कर राहत महसूस कर रहे हैं।


कचहरी रोड पर पानी का छिड़काव करता नगर पालिका का टैंकर।

## तपिश से बचाने को पालिका ने कराया पानी का छिड़काव

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** सूरज की तपिश से बचाने के लिए पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने सड़कों पर पानी के छिड़काव के निर्देश दिए हैं। जिस पर नगर पालिका प्रशासन ने बुधवार को शहर की सड़कों पर पानी का छिड़काव कराकर सड़कों की गर्मी कम करने की कवायद शुरू कर दी है। पानी का छिड़काव होने के बाद लोगों को राहत भी मिलने लगी है। इस बाबत ईओ संजय कुमार ने बताया कि प्रमुख मार्गों पर नगर पालिका की ओर से टैंकर द्वारा पानी का छिड़काव कराया गया, ताकि राहगीरों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके।

# तेज धूप–गर्म हवाएं बरपा रहीं कहर, पारा 44 डिग्री पार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


शहर की मेन रोड पर धूप से बचने के लिए छाता लगाकर निकलते राहगीर। अमृत विचार


सदर चौराहे पर बुधवार दोपहर एक्का दुक्का लोगों के निकलने से रहा सन्नाटा।

**अमृत विचारः** नौतपा में दिन पर दिन गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सूरज की तपिश से हर कोई बेहाल है। तेज धूप के सथ गर्म हवाओं की वजह से बुधवार दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री तो रात दस बजे का तापमान 34 डिग्री रहा। तापमान में निरंतर हो रही वृद्धि से न तो लोगों को दिन में राहत है और न ही रात में। भीषण गर्मी की वजह से लोगों की रात सोने की बजाय करवटें बदलते गुजर रही है। बुधवार को गर्मी का सितम इतना तेज रहा कि सदर चौराहे पर इक्का दुक्का लोग ही नजर आए।

मौसम का मिजाज इस समय खासा गर्म है। धूप इतनी तेज निकल रही है कि ऐसा लगता है कि आसमान से आग बरस रही हो। उधर, गर्म हवाओं ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रखी हैं। गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों तरह तरह के प्रयास कर रहें हैं, लेकिन वह सभी फेल नजर आ रहे हैं। न तो जिलेवासियों को दिन में राहत मिल रही है और ही रात में। गर्मी की वजह से लोगों की नींद तक गायब रहती है और पूरी रात करवटें बदलती गुजर रही है। सुबह दो से तीन बजे के आसपास जरूर राहत मिलती है। आलम यह है कि कूलर तक लोगों की गर्मी से राहत दिलाने में असफल साबित हैं। गर्मी से तरबतर लोग राहत पाने के लिए बारिश होने की दुआ करने लगे हैं। बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। मौसम वैज्ञानिक डॉ. विशेन् बताते हैं कि अभी कुछ दिन तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। लोगों को चाहिए कि वह धूप और गर्म हवाओं से बचकर रहे। इसके लिए सबसे अच्छा उपाय है कि सुबह 11 से शाम चार बजे तक घर एवं ऑफिस आदि से बाहर बिल्कुल न निकलें। यदि मजबूरी हो तो पानी पीकर निकलें।

### दोपहर में सूनी रहीं सड़कें

चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए लोग दोपहर में घरों में दुबके रहे। इससे दोपहर 12 बजे के करीब सदर चौराहे से लेकर मेन रोड, अस्पताल रोड, रोडवेज बस अड्डा रोड सूनी रहीं। भीषण गर्मी की वजह से बाजार में खरीदारों की संख्या बेहद कम रही। इससे दुकानों पर सन्नाटा रहा।

### दो जून तक हाई अलर्ट

मौसम विभाग की ओर से भीषण गर्मी का देखते हुए दो जून तक का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक धूप में न निकलने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचने का अनुमान जताया है। साथ ही घुटन महसूस होने या फिर तबियत बिगड़ने पर डॉक्टर को दिखाने का मशविरा दिया है। मौसम वैज्ञानिकों ने कमरे का दरवाजा खोल कर रखने ताकि विंटीलेशन ना रहे, मोबाइल का प्रयोग कम से कम करने( अत्यधिक गर्मी में मोबाइल फटने की संभावना) के लिए कहा है। गर्मी से बचने के लिए दही, मट्ठा, बेल का जूस, नीबू पानी आदि पेय पदार्थ का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करने की सलाह दी है।

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/
एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/
डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/
बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# गिरफ्तारी न होने पर भड़के परिजनों ने युवक का शव रखकर जाम की सड़क

## पुलिस पर लापरवाही का आरोप, एएसपी के आश्वासन पर माने परिजन, खोला जाम

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में मंगलवार की तड़के 22 वर्षीय नागेश की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों का गुस्सा बुधवार की सुबह सड़क पर फूट पड़ा। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया और प्रदर्शन करने लगे। परिजनों का कहना था कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में लापरवाही कर रही है। सूचना पर एएसपी नैपाल सिंह कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। परिवार वालों को शीघ्र गिरफ्तारी कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजन माने और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि मंगलवार की तड़के गांव मिर्जापुर निवासी 22 वर्षीय नागेश पड़ोस में रहने वाली अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पर गया था। जहां नागेश की लाठी-डंडों से पीटकर और धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी थी। प्रेमिका को भी जमकर मारा पीटा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव सोमवार की शाम को परिवार वालों को सौंप दिया था, लेकिन तहरीर देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। इससे परिजन आक्रोशित थे। शव लेकर घर पहुंचे परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो जाती और आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाते हैं तब तक वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह के हस्तक्षेप पर पुलिस ने देर रात प्रेमिका के पिता त्रिभुवन समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी। इससे नाराज परिवार वाले बुधवार की सुबह फिर भड़क उठे। तमाम ग्रामीणों के साथ शव लेकर मैगलगंज-लखीमपुर मार्ग के लखनापुर चौराहे पर पहुंचे और सड़क पर शव रखकर मार्ग जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। सूचना पाकर एएसपी नैपाल सिंह (पश्चिमी), सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह थाना खीरी, फरधान समेत कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एएसपी ने परिवार वालों से बातचीत की। टीम गठित कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कराने का आश्वासन दिया। परिजनों ने पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। हालांकि पुलिस हत्याकांड के 48 घंटे बीतने के बाद भी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।


सड़क पर शव रखकर जाम लगाते परिजन व मौके पर मौजूद पुलिस।

> हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगाई गई हैं। पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> –शमशेर बहादुर सिंह, सीओ मितौली।

# राजस्थान से चोरी कर भागे दो नेपाली गिरफ्तार

संवाददाता, पलिया कलां

- 164190 रुपये नकद व करीब 15 लाख के सोने के जेवर बरामद
- राजस्थान और पलिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली बड़ी सफलता

**अमृत विचार:** राजस्थान में एक व्यक्ति के घर से लाखों का कीमती जेवर व नगदी लेकर भागे नेपाल निवासी दो चोरों को राजस्थान से आई पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब 15 लाख रुपए के सोने के जेवर व 1,64,190 रुपये की नगदी बरामद की है

राजस्थान के फतेहलाल नगर निवासी घनश्याम सिंह परिवार समेत 27 मई को बाहर गए थे। घर पर उनका नेपाली नौकर था। पुलिस के मुताबिक नेपाली नौकर ने मालिक के घर पर न होने का फायदा उठाते हुए अपने दो अन्य नेपाली साथियों के साथ घर में रखी नगदी और लाखों के जेवर चोरी कर लिए और भाग निकले। सुबह जब मकान मालिक घर वापस पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। राजस्थान पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। राजस्थान की एक टीम पलिया पहुंची और पुलिस से संपर्क कर मदद मांगी। हरतत में आई बंसी नगर चौकी पुलिस ने राजस्थान पुलिस की टीम के साथ नेपाल जाने वाले रास्तों पर चेकिंग शुरू की। पुलिस टीम ने चोरी कर भागे सुरेंद्र आउजी पुत्र धर्म सिंह व विनोद आउजी पुत्र धर्म सिंह निवासी पुनपाबाटा, जिला सिलीगुड़ी, नेपाल को धर दबोचा। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 1,64,190 रुपये व करीब 15 लाख रुपये के सोने के जेवर बरामद किए हैं, जबकि आरोपियों का एक साथी रवि आउजी पुत्र हरीश निवासी पुनपाबाटा, सिलीगुड़ी, नेपाल अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक भागे आरोपी के पास भी काफी जेवर और नगदी है। राजस्थान पुलिस दोनों आरोपियों को लेकर वापस लौट गई है।

## सार-संक्षेप

### भीषण गर्मी से आम जनमानस बेहाल

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** इन दिनों पड़ रही प्रचंड गर्मी से आम जनमानस का हाल बेहाल है। गर्मी से बचाव को लेकर लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो रहे है। नौतपा में बढ़ रहे तापमान से भीषण गर्मी का कहर जारी है। सुबह नौ बजे से ही झुलसा देने वाली गर्मी पडने लगती है। दोपहर में सड़कों पर लोग गर्मी से बचाव करते नजर आते है। तेज धूप से चलते लोग दोपहर के समय तो घरों में दुबके रहने पर मजबूर हो रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से बदल गई है। लोग सुबह, शाम के समय ही घरों से बाहर निकल रहे है। सड़क से लेकर बाजार तक में दोपहर के समय सन्नाटा पसर जाता है। कई दुकानदार दोपहर में शटर गिराकर अपने घरों को चले जाते हैं। कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, गन्ने का जूस, नीम्बू पानी, शिकंजी आदि ठंडी चीजें पीकर लोग शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे हैं।

### तालाब पर कब्जा करने के मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर से सटे गांव छाउछ स्थित तालाब की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हल्का लेखपाल अजीत कुमार ने बताया कि शहर से टे गांव छाउछ में एक तालाब दर्ज कागजात है। जिस के कुछ भाग पर अस्पताल रोड बंसल भवन निवासी गुंजन बंसल पुत्र अशोक बंसल, अंजना अग्रवाल पत्नी स्वर्गीय आलोक अग्रवाल व मधुर अग्रवाल निवासी मोहल्ला थरवरनगंज ने मिट्टी पाटकर अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने तीनों आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रशिक्षण संवर्ग के पांचवें दिन दी कानून की जानकारी

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण के पांचवें दिन बौद्धिक, मानसिक विकास के साथ कानून की जानकारी दी गई। विश्व हिंदू परिषद के बृजेश पांडे अधिवक्ता ने पुलिस और आम जनता के बीच सामंजस्य पर अपने विचार रखे। अधिवक्ता पांडेय ने बताया कि हमें यदि कोई प्रताड़ित करता है तो हम उसे किस तरह न्याय दिलाएं। उन्होंने कई आईपीसी की धाराओं को समझाते हुए भारतीय संविधान के महत्व को समझाया। बताया कि पुलिस किसी को जबरन थाने में नहीं रोक सकती। वहीं क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने लोगो को नशे से दूर रहने की सलाह दी। कहा कि जिस तरह देश की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने हिंदुओ बनवासियो को संगठित किया और इसी तरीके से उन्हें शस्त्र चलाना सिखाया। जंगल में घास की रोटी खाकर देश को मुगलों से बचाने का काम किया। अब देश सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी बजरंगदल और विश्व हिंदू परिषद की है। गांवों में बजरंग दल के कार्यकर्ता व्यायाम शाला खोलें। युवाओं को वहांआने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर पूर्वी उत्तर प्रदेश के गौ सेवा प्रमुख वरिष्ठ प्रचारक पूरन सिंह ने कहा कि 30, 31 मई और एक जून को लखीमपुर में ही गौसेवको की अवध प्रांत व कानपुर प्रांत की बैठक होगी, जिसमें गौ पालन व गौ उत्पादों पर जोर दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रचार प्रमुख आचार्य संजय मिश्रा भी मौजूद रहे।


प्रशिक्षण संवर्ग में प्रशिक्षणार्थियों को कानून की जानकारी देते अधिवक्ता बृजेश पांडेय।

### बालक के साथ हुए अप्राकृतिक कृत्य की दी तहरीर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में एक कामांध युवक ने 13 वर्षीय बालक को अपनी हवस का शिकार बना डाला। लहूलुहान बालक जब घर पहुंचा तब उसने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। बालक की मां का कहना है कि जब वह शिकायत लेकर आरोपी के घर गई तो उसे भी मारा पीटा। बीच बचाव करने आयी उसकी पुत्री की भी पिटाई कर दी। महिला का कहना है कि मारपीट में उसे और उसकी बेटी को चोटें आईं हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रहमत नगर में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रहमत नगर में सोमवार की रात हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बतादें कि गांव रहमतनगर निवासी पूर्व प्रधान सुनील कुमार बुक्के के घर चोर सोमवार की रात घुस गए थे। कमरे में रखे सात हजार रुपए व लाखों के जेवर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने सुनील की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नाले में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

संवाददाता, संसारपुर

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार:** थाना मैलानी के कस्बा संसारपुर चौकी के तहत संसारपुर-बोझिया मार्ग पर सोबरन इंटर कॉलेज के ग्राउंड के समीप बनी नाले में एक युवक का शव पड़ा देखे जाने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान गांव बोझिया निवासी बृजेश कुमार वर्मा (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बुधवार शाम कुछ लोगों ने नाले में युवक का शव पड़ा देखा। शव के पास ही गमछा पड़ा हुआ था। मिलने की खबर आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। सूचना पाकर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को बाहर निकलाया। शव की पहचान होने पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। मृतक के बड़े भाई गेंदन लाल वर्मा ने बताया कि उनका भाई अविवाहित था, जो पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था। तीन चार दिनों से भोजन भी नहीं कर रहा था। दिन भर संसारपुर बाजार में रहता और रात में घर चला जाता था।

> परिजनों ने प्रार्थना पत्र दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> –मोहित, पुंडीर चौकी प्रभारी संसारपुर।

# हादसे में युवक की मौत, सड़क किनारे मिला शव

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** बीती रात करीब नौ बजे मैलानी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुकरा स्थित अपनी ससुराल से बाईक द्वारा थाना गोला के वजीरनगर ग्राम पंचायत के बबेशर चांद कुआं स्थित अपने घर जा रहे 28 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र मुन्नालाल की कुकरा बांकेगंज मार्ग पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के ससुर ओम प्रकाश ने हत्या की आशंका जताई।

मृतक के भाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को कुकरा एक भंडारे में आए थे। शाम को करीब 8:30 बजे बाइक से सुरेश कुमार सुसराल से घर के लिए निकल लिया था। ससुराल के लोग उसे रोकते रहे, लेकिन उसने किसी को नहीं बताया और चला आया। रास्ते में क्या हुआ, इसकी जानकारी नहीं है। सुबह जानकारी मिली कि भाई बांकेगंज अस्पताल में है इसलिए आया। अस्पताल पहुंचे मृतक के ससुर ओमप्रकाश ने कुछ लोगों द्वारा हत्या करने की आशंका जताई। इस पर पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आने की बात कही। पुलिस का कहना है कि उसे सुबह दुर्घटना की जानकारी हुई। इस पर उसे बांकेगंज सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाइक को पुलिस ने कब्जे में लिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सुरेश कुमार। (फाइल फोटो)


बांकेगंज चौकी इंचार्ज से पूछती मृतक की सास।

### 4 वर्ष पूर्व हुआ था विवाह

मृतक के ससुर ओमप्रकाश ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व बेटी का विवाह किया था। दामाद मेहनत मजदूरी करके तथा घर पर मौजूद थोड़ी खेती करके गुजर बसर कर रहा था। उनके अब तक कोई औलाद नहीं है।

### चौकी इंचार्ज से रो-रोकर मौत का कारण पूछती रही सास

**बांकेगंज।** सुबह जब जानकारी मिली तो कुकरा से मृतक सुरेश के सास, ससुर, पत्नी, मृतक का भाई धर्मेंद्र और अन्य लोग बांकेगंज सीएचसी पहुंचे। सास रो रोकर चौकी इंचार्ज से अपने दामाद की मौत का कारण पूछ रही थी। यह देखकर चौकी इंचार्ज की आंखें भी नम हो गई।

### बाइक सुरक्षित देख लोगों में दिखी हैरानी

**बांकेगंज।** आमतौर पर सड़क दुर्घटना के मामले में बाइक क्षतिग्रस्त हो जाती है परंतु बीती रात हुई दुर्घटना में बाइक को पूरी तरह सुरक्षित देख लोग हैरान थे कि आखिर दुर्घटना कैसे हुई होगी। यदि किसी वाहन ने टक्कर मारी होती या बाइक फिसलती तो निश्चित ही कोई न कोई इंडिकेटर टूटा होता या बाइक के अन्य हिस्से में टूट–फूट होती परन्तु बाइक पूरी तरह सुरक्षित है। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना के वक्त उसका चेहरा सड़क से टकराया होगा जिससे नाक से खून निकलता रहा।

# मौसम बिगाड़ रहा बच्चों की सेहत

- भीषण गर्मी उल्टी, दस्त, पेट दर्द व लूज मोशन की बनी वजह

कार्यालय सवांददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कड़ी धूप और भीषण गर्मी की चपेट में आकर बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। गर्मी ने हालत तो सबकी खराब कर रखी है। मगर, छोटे बच्चों पर इसका असर काफी दिख रहा है। गर्मी की वजह से पेट दर्द, उल्टी, तेज बुखार और लूज मोशन की चपेट में आकर बच्चे सरकारी से लेकर निजी अस्पताल पहुंच रहे हैं। बुधवार दोपहर एक बजे तक बुखार और उल्टी से ग्रसित तीन एवं लूज मोशन की वजह से दो बच्चे जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। इनकी हालत गंभीर होने की वजह से चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

बुधवार को जिला अस्पताल की बालरोग विभाग ओपीडी में करीब 100 बच्चे पहुंचे। इसमें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रिजवान खान ने बताया कि दोपहर तक करीब 40 बच्चे ओपीडी में आए। इनमें डायरिया, हाई ग्रेड फीवर, पेट दर्द की समस्या से पीड़ित बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा थी। इसकी वजह भीषण गर्मी से है। इसे बच्चे सहन नहीं कर पा रहे हैं, जिसका असर मासूमों से लेकर छोटे बच्चों पर साफ दिख रहा है। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस तरह के मौसम में बच्चों की साफ सफाई से लेकर उनके खान पान पर ध्यान देने की जरूरत है। छह माह तक के बच्चों को मातांए सिर्फ स्तनपान कराएं। गर्मी को देखते हुए हर एक से डेढ़ घंटे पर बच्चों को दूध पिलाती रहीं, जिससे उसके शरीर में पानी की कमी न होने पाए। वहीं छह माह से अधिक उम्र के बच्चों को खाली पेट बिल्कुल न रहने दें। थोडे थोडे समय पर तरल पदार्थ अवश्य देते रहें।

### धूप और गर्म हवाओं से बच्चों को बचाएं

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रिजवान खान ने बताया कि गर्मी में बढ़ा तापमान बच्चों का शरीर एडजस्ट नहीं कर पाता है, जिससे लू लगने की संभावना बन जाती है। इससे शरीर का पानी सूख जाता है। इसलिए बच्चों को पानी से लेकर तरल पदार्थ अधिक पिलाते रहें। उल्टी–दस्त, पेट दर्द या तेज बुखार आने को नजरअंदाज न करें। इस स्थित में बच्चें को नजदीकी सीएचसी या फिर जिला अस्पताल लेकर आएं।


बच्चे की जांच करते बाल रोग विशेषज्ञ।

# भीषण गर्मी में रुला रही बिजली, दिन-रात कटौती जारी

**संवाददाता, रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद फीडर से सम्बद्ध रोशननगर क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली कटौती जारी है। इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। बिजली कटौती से बच्चे से लेकर युवा, बुजुर्ग तक परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि रात को जब खाना खाने का समय आता है। तब बिजली गायब रहती हैं। इससे अंधेरे मे गुजारा करना पड़ता है। घर में लगे बिजली उपकरण पंखा, कूलर, शो पीस की तरह लटक रहे हैं। इनवर्टर भी दगा दे रहे हैं। रोशननगर, ममरी, धिरावां, कैथौला, स्याहपारा, जनकपुर, सेखवापुर, बन्जार गंज, नरसिंहपुर, वृंदावन, दूलीपुर, रामपुर, बाबरपुर, जमुनहां, बोझवा आदि गांवों के उपभोक्ता बिजली कटौती से परेशान हैं। जेई देवेश कुमार पांडेय ने बताया कि रोस्टर के मुताबिक सप्लाई जा रही है। गर्मी में ट्रांसफार्मर भी धोखा दे रहे हैं। क्षमता कम होने के कारण बार बार बिजली काटनी पड़ती है।

# महिला की संदिग्धहाल में मौत, हुआ पोस्टमार्टम

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार।** कस्बा जंगबहादुरगंज निवासी एक महिला की संदिग्ध हालात में तबियत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे शाहजहांपुर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी पसगवां पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।

जंगबहादुरगंज निवासी सत्यम गुप्ता पुत्र रामनरेश की शादी 26 फरवरी 24 को हरदोई के थाना पिहानी के ग्राम चांदपुर निवासी सर्वेश गुप्ता की पुत्री अनीता के साथ हुई थी। 27 मई को वह अपने मायके से ससुराल आई। मंगलवार की शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार वाले उसे शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर पाकर मायके के लोग भी शाहजहांपुर पहुंच गये। मायके वाले हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि मृतका की गर्दन पर निशान हैं। आशंका यह व्यक्त की जा रही है कि उसने फांसी लगाई। सच तो पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से सामने आएगा। थानाध्यक्ष पसगवां दीपक राठौर ने बताया कि उन्हें अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम शाहजहांपुर में हुआ है। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### प्लाट बिकाऊ है

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या मो0नम्बर = 9721860359 9415548728**

### शीघ्र चाहिए

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 /** 9554377000

### सूचना

मैं अमरेंद्र बहादुर सिंह (सेवा क्रमांक –2890871एम) पिता शालिनी सिंह, दिव्यांशी सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह ग्राम–शिवपुर पोस्ट–गहरौली जिला– रायबरेली–229202। सत्यनिष्ठा से घोषित करता हूं कि मेरी सेना डिस्चार्ज बुक में मेरी बेटी और बेटे का नाम गलत लिखा गया है 1. शालनी सिंह का सही नाम है– शालिनी सिंह, 2. दिव्यांशी का सही नाम है– दिव्यांशी सिंह, 3. कृष्ण बहादुर सिंह का सही नाम है–कृष्ण बहादुर सिंह।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे निवास प्रमाण–पत्र व खतौनी में मेरा नाम रामेश्वरी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामदेवी अंकित हो गया है। जो कि गलत है। मेरा सही नाम श्रीमती रामेश्वरी है। अतः मेरे आधार कार्ड में रामदेवी के स्थान पर श्रीमती रामेश्वरी अंकित किया जाये। **रामेश्वरी पत्नी स्व0 महिपाल ग्राम हन्नपसिगवाँ डाकखाना महमूदपुर सरैयां, थाना कोतवाली पिहानी तहसील शाहाबाद, हरदोई।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं अपने चारों पुत्रों अनिल कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार व सत्येन्द्र कुमार उर्फ लाली को उनके गलत चाल चलन, नशेबाजी एवं गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखलर करता हूँ। उपरोक्त चारों पुत्रों द्वारा किये गये किसी भी कार्य की समस्त जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **हरीशंकर पुत्र महराजदीन निवासी ग्राम– पूरेलाल साहब मजरे निसगर परगना– सरेनी तह0 लालगंज, जिला– रायबरेली।**

### सूचना

मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड सं. –921512215924 में त्रुटिवश नाम तनिषा मलिक (TANISHA MALIK) व जन्मतिथि 30.08. 2003 अंकित हो गयी है जबकि हाईस्कूल की मार्कशीट में नाम अदा मलिक (ADA MALIK) व जन्मतिथि–30.08.2006 है। जो सत्य एवं सही है। अतः आधार कार्ड में नाम अदा मलिक व जन्मतिथि–30. 08.2006 अंकित किया जाये **मलिक मोहम्मद, नि.–485/75ज, लकड़मंडी, जेलर कम्पाउंड, डालीगंज, निरालानगर, लखनऊ 226020**


सम्मेलन | शब्दाक्षर संस्था ने आयोजित किया सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन

# पृथ्वी से आकाश तक बिकता है अखबार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** शब्दाक्षर संस्था द्वारा नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा को सम्मानित कर कवि सम्मेलन कराया गया, जिसमें कवियों ने विभिन्न विधाओं के रंग बिखेरे हैं।

खुटार रोड पर स्थित मां मंगला देवी मंदिर में संत कुमार बाजपेयी की अध्यक्षता में शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र शशि के आयोजन में हुए कार्यक्रम का प्रारम्भ मां शारदे के पूजन, सरस्वती वंदना एवं शब्दाक्षर गीत से हुआ। शब्दाक्षर पत्रकार सम्मान में नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कवि श्याम मोहन मिश्र ने काव्यपाठ करते हुए कहा- उफ़ !यह गर्मी जेठ की दिनकर उगले आग। देह नहाई स्वेद से सखी खोजिए बाग।। बृजेश तिवारी बृजेश ने कहा -प्यार की बात सबसे न्यारी है। प्यार की घात सबसे भारी है। द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने कहा -हो सक्षम योग्य धनुर्धर पर तुमसे न युद्ध हो पायेगा। आ करके द्रोणाचार्य कोई फिर तुमसे छल कर जायेगा।। जिलाध्यक्ष शब्दाक्षर शशिकान्त मिश्र 'शशि' ने पढ़ाशत जोजन आनन फारि दियो तब हीं अति सूक्ष्म सरूप बनाई।चट धाइ गये मुख अन्दर, बाहर आइ गये तुरतै कपिराई।। आलोक तिवारी आलोक ने पढ़ा -जल संरक्षण कर जल को सदा बचाना है। शुष्क धरा पर फिर से अब तो नवजीवन लाना है।। रामकुमार गुप्ता ने कहा -हे अच्युत केशव नारायण, हे वासुदेव हरि दामोदर। हे राम कृष्ण जानकी नाथ, गोपी बल्लभ माधव श्रीधर। बीपी मिश्र बेधड़क ने पढ़ा- पत्रकारिता का बढ़ा, कितना है आकार। पृथ्वी से आकाश तक बिकता है अखबार।। रमेश पांडे शिखर शलभ ने कुछ यूं पढ़ा -पीढ़ियां सीढ़ियां, शुभ शिखर दे गईं, छू लिए चांद-तारे, यहां आ गए। कर दिया लक्ष्य से दूर हर भूल ने, रह किनारे-किनारे कहां आ गए।। बेनीराम अन्जान ने कहा - देश की अस्मिता आज खतरे में है चन्द्रबरदाई भूषण बना दो हमें। देश को यदि जरूरत पड़े रक्त की, शीश मेरा लगा दांव पर दीजिए।। सभाध्यक्ष सन्त कुमार बाजपेयी 'सन्त' ने पढ़ा- गिरि गइ कच्ची कोठरिया कहां जइवा चाउमासे मा। देही कंपावइ वयरिया कहां जइवा चाउमासे मा।। केके शुक्ल और सम्मानित विभूति सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने भविष्य में हर प्रकार से शब्दाक्षर संस्था का सहयोग करने की घोषणा की और पत्रकारों की टीम के साथ आयोजन को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्र शशि ने आमंत्रित कवियों, समाज सेवकों सहित मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और शब्दाक्षर पत्रकार सम्मान अनवरत चलते रहने की घोषणा की। उन्होंने कहा, हमारी संस्था प्रतिमाह एक पत्रकार को सम्मानित करेगी।


गोला में पत्रकार सुरेंद्र शर्मा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के पति ने धमकी देने की दी तहरीर

**मैलानी, अमृत विचार:** नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के पति भवानी शंकर माहेश्वरी ने नगर के ही एक व्यक्ति पर रंजिशन धमकी देने की तहरीर पुलिस को दी है। मैलानी थानाध्यक्ष और एसपी को भेजे पत्र में समाजसेवी भवानीशंकर माहेश्वरी ने कहा है कि नगर का ही एक व्यक्ति राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता वश रंजिश मानता है। जिसने उन्हें फोन पर धमकी दी है। इससे पूर्व उन पर फर्जी मुकदमा भी दर्ज कराया जा चुका है। माहेश्वरी का कहना है कि 27 मई को उनके मित्र अनिल गुप्ता निवासी मोहल्ला ईदगाह के मोबाइल पर फोन करके जानमाल की धमकी देते हुए गालियां दी और कहा कि थाना घेरवा दूंगा। माहेश्वरी का कहना है कि आरोपी दबंग व अपराधिक किस्म का है। जो पहले भी तीन बार उनकी गाड़ी रोककर धमकी दे चुका है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पर कार्रवाई और परिवार के जानमाल की सुरक्षा की गुहार की है।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES**

- **FACULTY OF MEDICAL SCIENCES** (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- **FACULTY OF NURSING** M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- **FACULTY OF DENTAL SCIENCES** All Specialties)
- **HUMANITIES AND JOURNALISM** English
- **FACULTY OF PHARMACY**

**Last Date of Receiving Application :** 20th May, 2024
**Application Submission Address :** To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
**For more details and application form & application fee**
**Visit University Website :** www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# आसमान से बरसे 'अंगारे', कूलर-पंखे बेअसर

## नौतपा के चलते रोजाना बढ़ रहा तापमान, लोग हुए बेहाल

पारा @ 45 डिग्री

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** नौतपा नक्षत्र के चलते दिनों दिन बढ़ रहे पारे के चलते गर्मी से लोग बेहाल हो गये हैं। इसके बावजूद नगर पालिका गंगाघाट की ओर से अभी तक प्रमुख स्थानों, मुख्य मार्गों पर प्याऊ नहीं लगवाया गया है और न ही मवेशियों के लिये नाद रखवाई गई है। जिससे गर्मी में लोग पानी के लिये परेशासन हो रहे हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री तथा न्यूनतम 32 डिग्री दर्ज किया गया।

गर्मी का पारा एक बार फिर से हाई होने लगा है। बुधवार को भीषण गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दस बजते ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। केवल जरूरी काम से जाने वाले लोग ही सड़कों पर निकले। उधर तेज धूप से पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दोपहर होते ही पशु छांव की तलाश में निकल पड़ते हैं। जबकि पक्षी पेड़ों के झुरमुट में छिपकर मौसम के ठंडे होने का इंतजार करते रहते हैं। पारा अधिक हो जाने के कारण लोगों के शरीर से पसीना निकलना लगातार जारी रहा। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से भी दगा ने गई। जिससे लोग परेशान रहे। गंगा में बच्चे व अन्य लोग गर्मी के कारण घंटों पानी छपक छई करते रहे। शाम छह बजे के बाद मौसम सामान्य हुआ। जिसके बाद चहल पहल देखने को मिली। इधर भीषण गर्मी पड़ने के बाद भी पालिका की ओर से अभी तक सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ नहीं लगवाये गये। जिससे बाहर से आने वाले लोग पानी के लिये भटक रहे हैं। वहीं अन्ना मवेशियों के लिये भी अभी नाद नहीं रखवाई हैं। जिससे वह भी पानी के लिये परेशान हो रहे हैं।


नवीन पुल पर छाता लगाकर धूप से बचाव करता व्यक्ति। अमृत विचार

# ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए सब स्टेशन में लगवाए गए कूलर

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** सरैयां सब स्टेशन में लगे बड़े ट्रांसफार्मर गर्मी में अधिक हीट हो रहे हैं। ऐसे में ट्रांसफार्मर में कोई कमी न आ जाये, इसे देखते हुये बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिये जंबों कूलर सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर के पास लगवाये हैं। जिससे ट्रांसफार्मर ठंडा बना रहे और आपूर्ति में कोई परेशानी न आ सके।

पड़ रही भीषण गर्मी में जहां एक ओर आम जनमानस बेहाल हो गया है, अधिक गर्मी पड़ने के कारण सप्लाई देने वाले बड़े ट्रांसफार्मर भी अधिक हीट हो रहे हैं। गर्मी के बीच अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर फुंक न जाये इसको लेकर एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने उच्चाधिकारियों से ट्रांसफार्मर के आस पास कूलर लगवाने की मांग की।


ट्रांसफार्मर के पास लगवाया गया कूलर।

जिस पर एक्सईएन ने कूलर लगाने के निर्देश दिये। जिस पर बुधवार को शुक्लागंज सबस्टेशन और गंगाघाट टाउन सबस्टेशन पर लगे 10 एमवीए और 5 एमवीए ट्रांसफार्मरों के आगे जंबों कूलर लगाये गये हैं। जिससे ट्रांसफार्मर ठंडे बने रहे। जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि गर्मी के कारण सप्लाई चालू होने के दौरान उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर भी अधिक गर्म हो रहे हैं। इनको ठंडा करने के लिए कूलर के साथ पानी की फुहार डाली जायेगी। जिससे विद्युत व्यवस्था में कोई बाधा न हो सके और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सके।


स्थानाभाव से धूप में खड़े गौवंश। अमृत विचार

# चारा कम खाते ही चिकित्सक से लें परामर्श, करवाएं उपचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- गोवंश भी हो रहे लू और गर्मी से बीमार, चिकित्सक ने बताए बचाव के तरीके

**अमृत विचार।** प्रचंड धूप के साथ चल रहीं गर्म हवाएं वातावरण का तापमान 44 के पार पहुंचा रही हैं। इस भीषण गर्मी से इंसान ही नहीं बेजुबान खासकर गोवंश काफी बेहाल हैं। धूप व लू का प्रकोप गोवंशों को सिर्फ बीमार ही नहीं बनाता, बल्कि कई बार जानलेवा भी साबित होता है।

लू व धूप से पीड़ित होने पर प्रभावित गोवंश का तापमान 108 डिग्री तक पहुंच जाता है। साथ ही बीमार होने पर वह थके-थके रहते हैं। हीट स्ट्रोक से प्रभावित गोवंश को समय पर इलाज न मिलने पर कई बार उनकी जान पर बन आती है। इसलिए गर्मी के मौसम में गोवंश के सुस्त होकर चारा के प्रति अनिच्छा देखते ही उपचार उपलब्ध कराना चाहिए। सीवीओ डा. शिवमूर्ती प्रकाश ने बताया कि पशु के शरीर के तापमान में एक डिग्री की वृद्धि होने पर दुग्ध उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक घट जाता है।

उनके शरीर में बाइकार्बोनेट की कमी रक्त के पीएच बढ़ा देता है। इससे गोवंश की पाचन क्षमता प्रभावित होने से वह चारा खाना बंद कर देते हैं। शुष्क पदार्थ ग्रहण करने की क्षमता 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है, जिससे दुग्ध उत्पादन क्षमता में गिरावट आती है।

### सुबह नौ से पहले, शाम को छह बजे के बाद चराने ले जाएं

गर्मी में पशुओं को सुबह नौ से पहले और शाम के समय पांच बजे के बाद खेतों में चराने ले जाना चाहिए। साथ ही सुबह-शाम याथ संभव नहलाना भी चाहिए। उन्हें बांधने वाले स्थानों पर टीन शेड पर पुआल डालना फायदेमंद साबित होता है, क्योंकि इससे संबंधित स्थान पर गर्मी में कमी रहती है। उन्हें पीने के लिए ठंडा साफ पानी हर समय उपलब्ध कराना भी आवश्यक होता है।

### मवेशियों को लू लगने के लक्षण

- गोवंश की सांस लेने की गति बढ़ जाती है। वह हांफता है और मुंह से लार भी गिरने लगती है।
- शरीर का तापमान बढ़ने के कारण मवेशी खाना-पीना छोड़ देते हैं, दूध देने की मात्रा कम हो जाती है।
- प्रभावित गौवंश के शरीर में पानी की कमी होने से मल त्याग बंद हो जाता है।

### बचाव के उपाय

- गर्मी से बचाव के लिए पशुओं को नमी वाले स्थान से लाया गया हरा चारा देना चाहिए। साथ ही गुड़ को पानी में घोलकर पिलाना चाहिए।
- आहार को संतुलित बनाने के लिए 50 ग्राम खनिज मिश्रण व नमक की मात्रा भी देनी चाहिए।
- दो-तीन बार सिंचाई करने के बाद ही गोवंश को तैयार हुई ज्वार, बाजरा की चरी खाने को देनी चाहिए।

# प्रचंड गर्मी में एसी, कूलर, पंखों की बिक्री बढ़ी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी का पारा दिनों दिन चढ़ता जा रहा है, जिस कारण शाम के समय भी लू के थपेड़े चलते हैं। जिससे लोगा गर्मी में परेशान हो रहे हैं। गर्मी से बचने के लिये गंगाघाट क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग घरों में तेजी से एसी, कूलर, पंखा लगवा रहे हैं। जिस कारण नगर के दुकानों और शो रूमों में गर्मी से राहत पहुंचाने वाले उपकरण का स्टॉक खत्म हो गया है। गर्मी अधिक पड़ने से दुकानदारों को इधर काफी मुनाफा भी हुआ है।

गर्मी ने इस बार अप्रैल माह से ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया था, जिसके बाद मई माह के पहले और दूसरे सप्ताह में पारा दिनों दिन चढ़ता गया। जिस कारण सूर्य की तपिश से हर कोई बेहाल हो गया। इधर मई माह के अंतिम सप्ताह में नौतपा नक्षत्र लगने से पारा 46 डिग्री तक पहुंच गये। ऐसे में घरों में रहने वाली महिला और बच्चे उबल गये। गर्मी को देखते हुये लोगों ने शुक्लागंज की इलेक्ट्रानिक दुकानों में पहुंच कर अपनी हैसियत के अनुसार कूलर, पंखा, एसी खरीदी। इसके अलावा लोहे के कूलरों की भी अधिक डिमांड देखने को मिली। नगर की कुछ इलेक्ट्रानिक दुकानें ऐसी भी हैं। जहां पुराना स्टॉक खत्म हो गया है। जिससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुये हैं। दुकानदारों ने बताया कि इस साल सबसे अधिक कूलर की बिक्री हुई है। फाइबर बॉडी के कूलरों की अधिक बिक्री हुई है। पांच हजार से लेकर पंद्रह हजार तक के कूलर लोग खरीद रहे हैं। इसके साथ ही एसी, फ्रिज, जंबों कूलर की भी बिक्री खूब हुई है।


कूलर खरीदने के लिये दुकानदार से बात करता युवक। अमृत विचार

- गर्मी अधिक पड़ने से मांग बढ़ी, दुकानदारों को हुआ काफी मुनाफा

### दुकानों का स्टॉक हुआ खत्म

- नगर के दुकानदारों ने बताया कि इस बार गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। जिससे हम लोगों की दुकानों का स्टॉक खत्म हो गया है। वहीं कानपुर थोक मार्केट से कूलर मांगने का आर्डर दे रखा है। इसके बावजूद समय पर माल नहीं पहुंची रहा है। जिससे ग्राहकों को वापस करना पड़ रहा है।

### ऑनलाइन भी हो रही है खरीददारी

- ऑनलाइन एसी, कूलर, पंखे की भी नगर में खूब खरीददारी हुई है। लोगों ने बताया कि ऑनलाइन ईएमआई और कई प्रकार के डिस्काउंट मिलने से इलेक्ट्रानिक उपकरण ऑनलाइन ऐप से मंगवा रहे हैं।

### 8 घंटे बंद रही बिजली बिलबिलाए लोग

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर में हो रहे विद्युतीकरण को लेकर बुधवार को अंबिकापुरम और आर्य नगर में एबीसी केबिल डालने का काम किया गया। इस दौरान दोनों मोहल्लों की सुबह से शाम तक बिजली बंद रही। वहीं हो रहे कार्य का जेई ने निरीक्षण भी किया। जहां मौजूद कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। बुधवार को तीसरे दिन भी आर्य नगर में एबीसी केबिल डालने के लिये कार्यदायी संस्था के कर्मचारी पहुंचे। जहां ढाई सौ घरों की सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक बिजली बंद कर दी गई। जिससे दोपहर के समय बिजली न आने से लोग खासे परेशान रहे। जेई विष्णु शुक्ला ने केबिल कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आर्य नगर में लगभग 1200 मीटर केबिल डाली जा चुकी है। एक दिन का कार्य बचा हुआ है। उसे भी जल्द पूरा कर लिया जायेगा। इसी तरह अंबिकापुरम में भी केबिल डालने का काम कराया गया। सुबह से शाम तक बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला गये।

# संस्था ने गोवंश के लिए रखवाईं नांदें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** तमाम जरूरतमंदों की सहायता करते हुए गौ सेवा में बढ़-चढ़कर सहभागी बनने वाले नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने कई दिनों से जारी जबर्दस्त गर्मी में बेजुबानों को पानी मुहैया कराने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों नांदें रखवाई। उन्होंने बताया कि रखी गई नांदों में नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी का भरोसा दिलाया है।

नौतपा के चलते इस बार पहले ही दिन से गर्मी में वृद्धि का सिलसिला जारी है। शहर में घूमने वाले गौवंशों को इस मौसम में पीने के पानी का जबर्दस्त संकट है। गौवंश को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए अन्य संस्थाओं के अलावा नर सेवा-नारायण सेवा भी नांद रखवाने का अभियान चला रही है। इसके तहत सिविल लाइंस स्थित पुलिस क्लब के अंदर, कल्याणी मंदिर के पास स्थित प्रखर वाजपेयी व भोला पांडेय के यहां, एबीनगर उत्तरी निवासी शिवम शर्मा व विवेक शुक्ला, हिरन नगर स्थित आशु बुक डिपो के सामने सहित अन्य स्थानों पर नांद रखवाई गईं। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि गौसेवा करने वालों को तमाम देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जिससे उनके कष्ट समाप्त होते हैं। इसीलिए सामर्थ्यभर सभी को गौसेवा करनी चाहिए। नांद रखवाने के अभियान में जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, अभिषेक तिवारी, शिवम् शुक्ल, अखिल मिश्रा, विकास सिंह सेंगर, धर्मेंद्र शुक्ल व अभी तिवारी आदि शामिल रहे।


नांद रखवा कर पानी भरते नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के अध्यक्ष विमल द्विवेदी।

# गर्मी में लोवोल्टेज आने से परेशान हो रहे उपभोक्ता

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- दीपक विहार कॉलोनी में दो सप्ताह से है समस्या, नहीं हो रही सुनवाई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दीपक विहार कॉलोनी में दो सप्ताह से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिसकी शिकायत विभाग से की गई। इसके बावजूद अभी तक लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात नहीं दिलाया गया। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

स्थानीय नगर के मोहल्ला दीपक विहार कालोनी निवासी जितेंद्र धोबी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। वहीं उनके मोहल्ले में विद्युत विभाग ने आपूर्ति बहाल कर रखी है लेकिन बीते दो सप्ताह से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिस पर उपभोक्ताओं के स्टेप्लाईजर लगाये जाने के बावजूद वोल्टेज 30-50 के ऊपर नहीं बढ़ सका है। गर्मी से निजात दिलाने वाले घरेलू विद्युत उपकरण मुंह चिढ़ाते ही नजर आ रहे हैं। जिसके चलते दिनों दिन बढ़ते पारे से भीषण गर्मी में परिवार के बुजुर्ग व बच्चे बेहाल हो रहे हैं। क्षेत्र के विशाल विमल, बिंदालाल चौरसिया, सुनील गुप्ता, उमा शंकर, गुरु प्रसाद, साधना, रानी, पार्वती, काजल व सोनी यादव आदि एक दर्जन उपभोक्ताओं ने अधिशाषी अधिकारी विद्युत वितरण से को जानकारी दी है। जिस पर उन्होंने बताया कि जल्द ही क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जायेगा। जिससे गर्मी में लोगों को भरपूर बिजली मिल सके।

# मोपेड से टकराई बाइक, बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाइवे पर मोपेड से टकराने के बाद बाइक फिसल गई। हादसे में मां की गोद से उछल कर नीचे गिरे पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वहीं बाइक में बैठी बच्चे की मां सहित चार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया है।

जिला मुरादाबाद के भोजपुर थाना अंतर्गत रूस्तमपुर गांव निवासी संजू सिंह बहेलिया जाति का है। वह अपनी पत्नी गीता और पांच माह के कार्तिक के साथ लखनऊ के मोहनलालगंज में सड़क किनारे जड़ीबूटी बेचता था। वहीं पास में इसके बहनोई नन्हा और बहन किरण भी यही काम करती है। बुधवार को संजू की कानपुर के कल्याणपुर निवासी बड़ी बहन के बेटे रोहित की शादी थी। इसी में शामिल होने बहनोई नन्हा, बहन किरण उसका एक वार्षिक बेटा मानव सहित संजू की पत्नी गीता व पांच माह के बेटे कार्तिक को गोद में लेकर एक ही बाइक जा रहे थे। सदर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाइवे पर एक मोपेड से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में कार्तिक मां की गोद से उछल कर सड़क पर गिर गया। इसके बाद बाइक भी अनियंत्रित हो गई सभी लोग सड़क पर गिर कर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। डाक्टर ने कार्तिक को मृत घोषित कर दिया। हादसे में किरण व उसका बेटा मानव भी गंभीर घायल हुआ, उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया।


कार्तिक के बिलखते माता-पिता। अमृत विचार

- हादसे में बाइक सवार लोग भी हुए घायल

विद्यार्थी कर रहे मस्ती

बीघापुर तहसील व ब्लाक क्षेत्र के गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में चल रहा समर कैंप

# बच्चों को दिखाई गई मोटिवेशनल हिंदी फिल्म 'मैं हूं कलाम'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर तहसील व ब्लाक क्षेत्र के गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हैं, जहां वह जमकर मस्ती करते हुए बाहर से बुलाए गए प्रशिक्षकों से गीत-संगीत, शास्त्रीय नृत्य, ड्रामा व कराटे सहित विभिन्न खेलों की बारीकियां भी सीख रहे हैं। कैंप समापन 31 मई को छात्र-छात्राएं सीखे गए हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

गर्मी की छुट्टियों में दादा-दादी व नानी के पास जाने वाली परंपरा पर अब बहुत कम अमल होती है। इसी के मद्देनजर स्कूल प्रबंधन ने 23 मई से बच्चों के लिए समर कैंप शुरू करा रखा है, जिसमें कक्षा तीन से आठ तक विभिन्न कक्षाओं के एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राएं सहभागिता कर रहे हैं। समय कैंप में बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। इसके लिए प्रबंधन ने जहां कानपुर से क्लासिकल डांसर क्षितिज कुमार मिश्रा व रायबरेली से आशीष जायसवाल को कराटे प्रशिक्षण देने के लिए बुला रखा है। प्रबंधक गौरव अवस्थी ने बताया कि बच्चों को गीत-संगीत का प्रशिक्षण पद्म भूषण सम्मान प्राप्त उस्ताद राशिद खां के वंशज मोहम्मद फैज दे रहे हैं। इसके अलावा बच्चों को इंग्लिश स्पीकिंग और रंगकर्म भी सीखाया जा रहा है। इसके अलावा समर कैंप में शामिल बच्चों को कैरम, शतरंज, क्रिकेट, बैडमिंटन समेत आदि खेलों में दक्षता दिलाई जा रही है। प्रिंसिपल शिवानी सिंह ने बताया कि बच्चों को मोटिवेशनल फिल्म 'मैं कलाम हूं' भी दिखाई गई। साथ ही कंप्यूटर की बेसिक जानकारी देते हुए इस्तेमाल सिखाया गया है। कैंप का समापन शुक्रवार को किया जाना है, जिसमें बच्चे कैंप में अर्जित स्वयं की प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।


समर कैंप में क्लासिकल नृत्य सीखतीं छात्राएं। अमृत विचार


ड्राइंग की दक्षता बढ़ातीं बच्चियां। अमृत विचार


क्राफ्ट की समझ विकसित करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- 31 को प्रतिभा प्रदर्शन के साथ होगा एमएम पब्लिक स्कूल के समर कैंप का समापन

### समर कैंप बंद मत कीजिए प्लीज!

समर कैंप में पेंटिंग बना रही अनन्या सोनी, राखी सिंह, रत्नश्री सिंह, पीहू पटेल व अनन्या सोनी कहती हैं कि यहां पहुंचने के बाद व्यस्तता के चलते गर्मी का एहसास नहीं रहता। क्लासिकल डांस सीख रही कनक व सान्वी शुक्ला कैंप में शामिल होने से पहले डांस देखना भाता था, लेकिन अब इसे करना भी बहुत अच्छा लगने लगा है। वह कहती हैं कि अब बड़े होकर डांस को ही करियर बनाने की इच्छा है। इसी तरह कक्षा तीन की आकांक्षा व नित्या और कक्षा चार की इतिका आदि छात्राओं ने बताया कि चाकलेट देकर किडनैपिंग से बचाव सीखना रोमांचक रहा। समर कैंप में मजा भी आ रहा है। बातचीत के दौरान ही प्रिंसपल के मौके पर पहुंचने पर अन्य बच्चों के साथ अदिति व उपासना एक साथ बोल उठते हैं मैडम प्लीज, समर कैंप और अधिक दिन चलाइए। बच्चों के मुताबिक यहां काफी कुछ सीखने को मिल रहा है।

# बुजुर्ग किसान की आग की चपेट में आकर मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बेटों के आपसी विवाद से परेशान होकर आत्मदाह की रही चर्चा

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत एक वृद्ध किसान को अपनी छत पर आग से जलते देख परिजनों के होश उड़ गए। आग बुझाने के बाद उसे परिजनों ने 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं छह बिसुआ जमीन को लेकर बेटों में हो रहे विवाद से आहत होकर उसके आत्मदाह करने की भी चर्चा रही। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

बीघापुर कोतवाली के बिसेनमऊ निवासी रामसुमेर यादव (60) पुत्र नत्थू यादव खेती किसानी का काम करता था। बुधवार सुबह साढ़े छह बजे घर की छत पर संदिग्ध हालात में आग लगने से लपटों में घिर गया चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और परिजन दौड़े तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। बेटों-बहुओं ने लोगों की मदद से आग बुझाई और उसे 100 बेड अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डा. आरके रमन ने उसे मृत घोषित कर दिया। चर्चा है कि रामसुमेर के नाम लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग के किनारे छह बिसुआ जमीन है। उसके पांच बेटे विमल, रमन, बाबूलाल, मनीष और धर्मेंद्र इस जमीन के लिए अक्सर उससे विवाद करते रहते थे।

बुधवार सुबह भी विवाद हुआ था। इसी से परेशान होकर रामसुमेर के खुद पर केरोसिन डालकर आग लगा लगी। हालांकि छत पर जाकर खुद को आग लगाने की घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। एसओ राजपाल ने बताया कि पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना में विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। जांच और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल में उपकरणों का अभाव, भटक रहे दंत रोगी

## बिछिया सीएचसी पर वर्ष 2020 से तैनात हैं दंत चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



सीएचसी बिछिया में गेट से निकलती एंबुलेंस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिछिया ब्लॉक मुख्यालय स्थित सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में तीन साल से दंत चिकित्सक की तैनाती है, लेकिन उपकरणों के अभाव में दंत रोगियों को चिकित्सा सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। हालांकि चिकित्सक की तैनाती के चलते 10-15 दंत रोगी प्रतिदिन अपना पंजीकरण कराते हैं। उपकरणों के अभाव में मात्र परामर्श तक सीमित दंत चिकित्सक को मजबूरी में रोगियों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पाल जाने की सलाह देनी पड़ती है।

सीएचसी पर वर्ष 2020 में ही विभागीय अधिकारियों ने दंत चिकित्सक के पद पर डॉ. विक्रम सिंह को तैनात किया था। नियुक्ति होने के अगले वर्ष ही चिकित्सक ने सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों से उपकरण उपलब्ध कराने को पत्र लिखा था, लेकिन लगातार प्रयासों के बाद भी उच्चाधिकारी सीएचसी को जरूरी उपकरण नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। दंत चिकित्सा के लिए सबसे जरूरी वर्किंग डेंटल चयर मानी जाती है, लेकिन सीएचसी में मरीज देखने के लिए चेयर ही नहीं उपलब्ध है। कर्मचारियों ने बताया कि सीएचसी का निर्माण पूर्ण होने के बाद आए सामान में वर्किंग डेंटल चेयर शामिल थी, लेकिन तब चिकित्सक न होने से उपयोग नहीं किया जा सका। इससे रखे-रखे चेयर में जंग लग गया। इस संबंध यहा तैनात चिकित्सक बताते हैं कि समुचित परामर्श व इलाज के लिए 70 से अधिक उपकरणों की आवश्यकता होती है, जो यहां नहीं हैं। इसलिए आने वाले मरीजों का मामूली परीक्षण कर हालचाल के आधार पर ही दवाइयां लिखनी पड़ती हैं। मरीजों को आराम न मिलने पर जिला अस्पताल में दिखाने की सलाह देनी पड़ती है। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ लाख आबादी को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से सपा सरकार के कार्यकाल में पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) को उच्चीकृत कर सीएचसी विकसित किया गया है।

### बोले सीएचसी प्रभारी...

सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि सीएमओ सहित मंडल व शासन स्तर के अधिकारियों को इस संबंध में काफी पहले पत्र व्यवहार किया जा चुका है। इसलिए उम्मीद है आने वाले समय में उपकरण उपलब्ध कराए जाने पर अधिक बेहतर इलाज मिल सकेगा।

# सीएचसी की मोटर खराब होने से मरीजों और तीमारदारों को नहीं मिल रहा पानी

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बने पांच हजार लीटर के प्लांट की दो दिनों से मोटर खराब पड़ी हुई है। जिस कारण अस्पताल आने वाले मरीजों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रही है। पड़ रही प्रचंड गर्मी में पानी के लिये मरीजों को भटकना पड़ रहा है। वहीं सीएचसी प्रभारी ने जल्द मोटर की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज में लगा पांच हजार लीटर क्षमता का आरओ प्लांट की दो दिन पहले मोटर खराब हो गई थी। जिससे प्लांट शो पीस बना हुआ है। मोटर खराब होने के कारण प्लांट में पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे अस्पताल आने जाने वाले मरीजों को पानी के लिये भटकना पड़ रहा है। वहीं अधिकांश मरीज मजबूरन पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। पानी न मिलने से 45 डिग्री की झुलसा देने वाली तपिस में मरीजों के साथ साथ तीमारदारों का भी बुरा हाल है। फरवरी 2023 में विधायक निधि से लगभग 35 लाख रुपये की लागत से लगाये गए आरओ प्लांट से सीएचसी, तहसील, ब्लाक, बीआरसी व कोतवाली में शुद्ध पेय जल की आपूर्ति की जाती है।


सीएचसी परिसर में लगा आरओ प्लांट। अमृत विचार

जिससे आने जाने वाले लोगों तक सुलभता से शुद्ध पेय जल उपलब्ध रहता है लेकिन इस भयंकर गर्मी में दो दिन से आरओ प्लांट के काम न करने से ब्लाक, कोतवाली, बीआरसी व सीएचसी आने जाने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। हसनगंज निवासी बबलू, मनोज व भोला आदि बताया कि लगभग दो दिन से मोटर खराब होने से पानी की किल्लत बनी है। आने जाने वाले राहगीर भी पीने के पानी के लिए परेशान रहे। सीएचसी प्रभारी डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि जानकारी हुई है। प्लांट में जो भी समस्या है उसका समाधान किया जाएगा।

# सब्जी की दुकान से हजारों रुपये की चोरी, पुलिस ने टरकाया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के फोरलेन सब्जी मंडी में सब्जी बेच रही एक महिला के पास मंगलवार देर शाम एक स्कूटी सवार युवती सब्जी लेने आई। इस दौरान उसे बातों पर उलझा लिया और उसका रुपयों से भरा बैग पार कर दिया। जानकारी होने पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने उसे टरका दिया।


चोरी होने की जानकारी देतीं अंबरवती।

परमसुख खेड़ा निवासी रमेश की पत्नी अंबरवती राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में सब्जी बेचने का काम करती है। उसने बताया कि मंगलवार देर शाम वह सब्जी बेच रही थी, तभी लाल स्कूटी सवार एक युवती पहुंची। जहां उसने तीन सौ रुपये की सब्जी खरीदी और उससे बाते करते हुये झांसे में ले लिया। जैसे ही उसकी नजर हटी तो युवती ने रुपयों से भरा बैग पार कर दिया। बैग में 15 हजार रुपये और करीब 12 हजार कीमत का सोने का माला था। कुछ देर बाद बैग न होने पर युवती को काफी देर तक ढूंढा लेकिन वह नहीं मिली। सीसीटीवी कैमरे में देखा तो स्कूटी दिखाई पड़ी लेकिन उसका नंबर नहीं दिखा। जिस पर पीड़िता ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को चोरी की जानकारी दी। जिस पर पुलिस ने जांच पड़ताल करने की बजाय पीड़िता को टरका दिया। बिंदा नगर चौकी इंचार्ज जन्मेदय सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है और न ही कोई प्रार्थना पत्र मिला है।

### उगाही करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल

**बिछिया उन्नाव।** दही चौकी पुरवा मोड़ पर जमकर उगाही की जा रही है। जिसका बुधवार को दो वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुये। वीडियो को संज्ञान में लेकर एसपी ने जांच के लिये सीओ को निर्देशित किया है। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि आपका अपना अमृत विचार नहीं करता है। बनी कस्बे में बन रहे एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के चलते पुरवा मोड़ पर रूट डायवर्ट किया गया है। जहा पर ट्रैफिक पुलिस जमकर उगाही कर रही है। बुधवार को दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। जिनमे एक वीडियो में ट्रैफिक दरोगा एक चालक से पैसे ले रहा है। जो की रात का है। जबकि दूसरे वीडीओ दिन का है। जिसमे दरोगा पैसे गिन रहा है। यह दोनो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। जिसके बाद वॉयरल वीडियो को उन्नाव एसपी ने संज्ञान में लेकर सीओ सिटी को जांच सौंपी है। वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार अखबार नहीं करता है।

# दुर्घटनाओं में चालक, परिचालक घायल

संवाददाता गंजमुरादाबाद, उन्नाव

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तीन अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन भारवाहन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसों में वाहन चालकों को मामूली चोटें आई। उन्हें पास के डॉक्टर के पास इलाज के लिये ले जाया गया। वहीं दुर्घटना होने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गये।

आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आगरा की तरफ जा रही एक डीसीएम ग्राम नसिरापुर के सामने अनियंत्रित होकर साइड बेरिकेटिंग तोड़ती हुई गहरी खाई में चली गई। वहीं दुर्घटना में डीसीएम पलटने से बच गई। जिससे चालक को मामूली चोट आई। उसने इलाज के लिये ले जाया गया। वहीं चालक पूनाराम निवासी गांव अमृत पुरा थाना मगरेवास जनपद अजमेर परिचालक विशाल के साथ ट्रेलर में तारकोल लादकर गुजरात से नेपाल जा रहा था। तभी रास्ते में मंगलवार की रात ग्राम सबली खेड़ा के निकट अचानक स्टेयरिंग फेल हो जाने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर खंती में चला गया। इसके अलावा चालक अवधेश कुमार निवासी गांव फरकतपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद डीसीएम में कोयला लादकर राजस्थान से लखनऊ जा रहा था। रास्ते में एक्सप्रेस वे की हवाई पट्टी पर स्थित बाबा कुटी के निकट ओवरटेक के चक्कर में डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कोयला मार्ग पर बिखर गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने सड़क पर से कोयला हटवाकर आवागमन बहाल कराया। तीनों दुर्घटनाओं में चालकों और क्लीनर को मामूली चोटे आईं।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार छात्र हुआ घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम ताजपुर के सामने तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल छात्र को यहां की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम जामड़ निवासी नितिन (18) पुत्र मिश्रीलाल बुधवार दोपहर बाद अपनी बाइक से गंज मुरादाबाद स्थित अब्दुल गफ्फार महाविद्यालय में प्रवेश फार्म लेने जा रहा था तभी हरदोई उन्नाव मार्ग पर ताजपुर गांव के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल छात्र को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


अस्पताल में भर्ती घायल।

# प्रत्याशी नियुक्त कर सकेंगे 90 मतगणना एजेंट

**उन्नाव।** जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए चार जून को होने वाली मतगणना विधानसभावार अलग-अलग हाल में कराई जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 14 ईवीएम टेबल पर होगी। साथ ही एक-एक आरओ व एआरओ टेबल रहेगी। इसलिए सभी उम्मीदवार 15 मतगणना एजेंट बनवा सकेंगे। प्रत्याशी या उनके चुनाव एजेंट को मतगणना से तीन दिन पहले यानी एक जून को फार्म 18 भर कर रिटर्निंग अफसर के पास एजेंट बनाने के लिए आवेदन करना होगा। मतगणना एजेंट को पूरी मतगणना अवधि में एक ही टेबल पर रहना होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी को 90 मतगणना एजेंट नियुक्त करने का अधिकार है। रिटर्निंग अफसर की टेबल पर उम्मीदवार या चुनाव एजेंट ही रह सकेंगे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


आयोजकों के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

# डीसीए रेड ने ब्लू को 24 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** डीसीए के बैनर तले आयोजित से एसएस त्रिपाठी अंडर-12 जिला स्तरीय क्रिकेट लीग का पहला मैच खेला गया, जिसमें डीसीए रेड ने डीसीए ब्लू को 19 रनों से शिकस्त देने में कामयाबी हासिल की।

इससे पहले डीसीए रेड के कप्तान अल्तमश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर के मैच में 5 विकेट खोकर 99 रन बनाए, जिसमें वैदिक ने 22, अल्तमश 17 (नाबाद) व कृष्णा ने 10 रन जोड़े। डीसीए ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंशुमान शर्मा ने दो और देवेश, पार्थ व राज ने एक-एक बल्लेबाज को पवेलियन वापस भेजने में सफलता प्राप्त की। लक्ष्य का पीछे करने उतरी डीसीए ब्लू टीम निर्धारित 20 ओवर में पांच के नुकसान पर मात्र 75 रन बना सकी, जिसमें प्रिंस यादव ने सर्वाधिक 33, विराट ने 12 व अंशुमान ने आठ की पारी खेली।

डीसीए रेड की ओर से गेंदबाजी करते हुए राघवेंद्र ने दो और हर्षवर्धन व अल्तमश ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मुख्य अतिथि वेटरेंस क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मंसूर खान व जिला खेल सचिव (माध्यमिक) नवीन सिन्हा ने सभी खिलाडियों से हाथ मिला परिचय प्राप्त करते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। अंपायरिंग का दायित्व मनीष दीक्षित व शिशिर वाजपेयी ने संभाला। वहीं स्कोरर भूमिका मो. गाज़ी ने संभाली। इस दौरान वरिष्ठ क्रिकेटर अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, ओम मिश्रा, सुभाष त्रिवेदी, आशीष निगम, सचिन तिवारी व आदित्य त्रिवेदी आदि मौजूद मौजूद रहे। डीसीए सचिव पीके मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को दूसरा लीग मैच सुबह छह बजे खेला जाएगा।


# गैंगस्टर के दोषी को 30 माह की सजा

**उन्नाव।** आसीवन पुलिस ने द्वारा शातिर पर की गई गैंगस्टर की कर्रवाई को सही ठहराते हुए उसे 30 माह की सजा सुनाई है। इसके उस पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बता दें आसीवन पुलिस ने इश्तियाक पुत्र बाबू कुरैशी निवासी मियागंज पर तीन अप्रैल 2006 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। पुलिस का आरोप था कि वह गैंग बनाकर गौकशी व तस्करी के अलावा चोरी, राहजनी सहित अवैध असलहों के बल पर आतंक व भय कायम कर धन अर्जित करता था। इसके आतंक के कारण कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट लिखाने या गवाही देने का साहस नहीं जुटा पाया था। आईओ ने जांच के बाद उसके विरुद्ध 12 जून 2006 को आरोप पत्र दाखिल किया। 18 सालों से विचाराधीन मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी, विश्वास त्रिपाठी की तरफ से पेश किए गए तर्कों को सुनने के बाद एडीजे-5 जयवीर सिंह ने इश्तियाक को दोषी ठहराते हुए तीस माह सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

# पल्लेदार का नाली में पड़ा मिला शव, फैली सनसनी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बहराइच जिले सदर कोतवाली के नवीन मंडी में पल्लेदारी करने वाले एक युवक का शव मंडी के अंदर सूखी नाली में पड़ा देख वहां सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान करा परिजनों को सूचना दी। इस पर बदहवास परिजन पहुंचे और अनहोनी की आशंका जताई। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। बता दे बहराइच जिले के थाना खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलामकन गांव निवासी पुत्र अर्पित (30) पुत्र स्व. कुंवरपाल सिंह करीब छह महीने से नवीन मंडी में पल्लेदारी का काम करता था। बुधवार सुबह नवीन मंडी के पास ही नाली में शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। पहुंची पुलिस ने उसकी परिजनों को सूचना दी। दिवंगत के चाचा जयकरन सिंह ने बताया कि उसकी मौत की खबर से मां माया, पत्नी साधना, बेटी अंशिका बेहाल हैं।


अर्पित।

# पोस्टमार्टम में ऑटो चालक के शरीर में मिला जहर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के गदन खेड़ा चौराहा के पास मोटर मार्केट में आटो चालक को पड़ा देख साथी ने उसे घर पहुंचाया था। जहां से जिला अस्पताल के इलाज शुरू होने कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। बुधवार को हुए पोस्टमार्टम के बाद मामला अधिक उलझ गया। सूत्र बताते है कि उसके शरीर में जहर मिला है। जो किसी पेय पदार्थ में मिला कर दिया या पिया गया। साथ ही सिर में चोट मिली है। सही कारण जानने के लिए विसरा सुरक्षित किया गया है।

बता दे सदर कोतवाली क्षेत्र के जवाहर खेड़ा निवासी सियाराम (21) पुत्र रामनरेश गदन खेड़ा चौराहा से बीघापुर रूट पर अपना आटो रिक्शा चलाता था। मंगलवार देर रात्रि वह अपने मौसेरे भाई राजा को बाइक से गदन खेड़ा चौराहा छोड़ने आया था। परिजनों का आरोप था कि चौराहे के पास मोटर मार्केट के पास था। तभी एक दर्जन से अधिक दबंग वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने लात घूसों से सरेराह उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसे तब तक पीटते रहे जब तक वह मरणासन्न नहीं हो गया। पिटाई देख जब अन्य आटो चालक वहां पहुंचने लगे तो हमलावर मौके से भाग निकले। उसे साथी चालक ने घर पहुंचाया। जहां से परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया।


परिजनों से जानकारी लेते बिछिया ब्लाक प्रमुख। अमृत विचार

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजन शव देख रो-रोकर बेहाल होते रहे। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर हमलावरों की पहचान कराकर विधिक कार्रवाई की जायेगी। वही घटना की जानकारी पर सदर विधायक पंकज गुप्ता के अनुज बिछिया ब्लाक प्रमुख ने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए एसएचओ से फोन पर पीड़ित को न्याय दिलाने की बात कही।

## सार-संक्षेप


राजधानी मार्ग पर हुआ शर्बत वितरण। अमृत विचार

### शर्बत बांट कर राहगीरों को पहुंचाई राहत

**शुक्लागंज उन्नाव।** जेठ माह और गर्मी को देखते हुये बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित साकेतपुरी के सामने समाजसेवियों ने शर्बत वितरण कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली। बुधवार को साकेतपुरी के पास फोरलेन के किनारे समाजसेवियों ने शर्बत वितरण कराया। जहां शर्बत वितरण में आरओ वॉटर का प्रयोग किया गया। इस दौरान दोपहर से शाम तक शर्बत वितरण चलता रहा। जहां तेज धूप में आने जाने वाले लोगों नें ठंडा-ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी शर्बत वितरण हुआ। इस मौके पर वैभव शुक्ला, पिंटू सिंह, अभिलाष बाजपेई, दीपक सिंह, विनय गुप्ता, सत्यम सिंह समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### कूड़े के ढेर में आग लगने से हड़कंप

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार दोपहर मरहला चौराहे पर डंप कूड़े में आग लग गई। आग को देख आस पास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद दुकानदारों ने पानी डालकर आग बुझाई। आग की सूचना दमकल को दी लेकिन दमकल मौके पर नहीं पहुंची। मरहला चौराहे के दोनों ओर कई खाने-पीने की दुकानें हैं। जो बांस और टटटर से बनी हुई हैं। उसी के पास पालिका की जमीन पर कूड़ा डंप पड़ा हुआ है। दोपहर करीब दो बजे किसी ने जलती सिगरेट या बीड़ी फेंक दी। जिससे उसमें आग लग गई। लपटें उठने लगी। लपटें और धुंआ देख आस पास के दुकानदार अपना सामान समेटने लगे। वहीं कुछ लोगों ने पुलिस चौकी को सूचना दी। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। दुकानों के पास आग बढ़ने पर आस दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद बाइक मैकेनिक ने जनरेटर चालू कर पानी डलवाकर आग बुझाई। आग बुझने के बाद दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

### गोवंश ने रिटायर्ड शिक्षक को पटका, घायल

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के मजरा सराय निवासी रिटायर्ड शिक्षक पर गोवंश ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिये परिजन सीएचसी ले गये। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्रामपंचायत फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के मजरा सराय निवासी श्रीपाल शर्मा रिटायर्ड शिक्षक हैं। बुधवार सुबह वह अपने खेतों से वापस आ रहे थे तभी गांव के निकट बूढ़े बाबा मन्दिर के पास आवारा गोवंश ने उन पर हमला बोल दिया। शोर सुन आस पास के लोग दौड़े और डंडा पटककर गोवंश को भगाया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को फतेहपुर चौरासी सीएचसी ले गए। जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

शुरू हुआ तरणताल

डीएम गौरांग राठी ने नारियल फोड़ कर की शुरुआत, प्रवेश के लिए देना होगा फिटनेस का प्रमाण

# तरणताल पर नहाने का लुत्फ उठा सकेंगे लोग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- सभी आयु वर्ग के लोग कर सकेंगे तैराकी का अभ्यास
- तरणताल में बिना कास्ट्यूम के नहीं दिया जाएगा प्रवेश

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी ने सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना की मौजूदगी में पं. दीन दयाल उपाध्याय स्पोटर्स स्टेडियम के तरणताल का चालू सीजन के लिए शुरू किया। उन्होंने कहा कि तैराकी शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए सबसे उपयोगी एक्सरसाईज है। इसलिए बच्चों सहित युवाओं को तैराकी करते हुए स्वयं में एक हुनर विकसित करनी चाहिए।

इससे पहले जिला क्रीड़ा अधिकारी कल्पना कमल ने बताया कि तैराकी के अभ्यास के लिए 18 वर्ष आयु के बालक व बालिका को पहले 310 रुपये शुल्क जमा करना होगा, जबकि मासिक शुल्क दो सौ रुपये देय होगा।

इसी तरह 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 610 रुपए शुल्क जमा कर अगले माह में 500 रुपये शुल्क देय रहेगा। तैराकी प्रशिक्षक विकास अवस्थी ने बताया कि बालक-बालिकाएं व महिला-पुरुष तैराकी अभ्यास के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

प्रवेश लेते समय सभी को फिटनेस प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना होगा। साथ ही दो पासपोर्ट आकार की फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ शुल्क जमा कर अभ्यास शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान सभी को कैप सहित पूर्ण कास्ट्यूम पहनना आवश्यक है।


नारियल फोड़ते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

# करंट की चपेट में आकर युवक गंभीर

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** हरदोई के थाना कासिमपुर अंतर्गत ग्राम गदेउरा निवासी महेश (32) पुत्र रामचन्द्र मंगलवार को अपने साढ़ू के घर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर आया था। रात के समय गर्मी से राहत पाने के लिए वह बिजली के बोर्ड में पंखे का तार लगा रहा था। तभी वह अचानक तेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसके रिश्तेदार आनन फानन उसे बांगरमऊ की सीएचसी लाए। जहां के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## एक नजर

### पूर्व जिला जज के निधन पर शोकसभा कर जताया दुःख

हरदोई, अमृत विचार। जनपद में कार्यरत रहे जिला जज चंद्र मौली शुक्ला के निधन पर बार एसोसिएशन ने शोक सभा करके संवेदना जताई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।शोक प्रस्ताव पारित करते हुए समस्त न्यायिक कार्यों से विरत रहने का फैसला लिया। इसके आधार पर पूरे दिन अधिवक्ताओं ने अदालती कामकाज से अलग रखा।

### सवर्ण चेतना छात्र संघ ने राज्यपाल से की मांग

हरदोई। गनीपुर प्रकरण को ले कर सवर्ण चेतना छात्र संघ राजभवन पहुंचा और बिलग्राम पुलिस की शिकायत की। राज्यपाल ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। संघ के ज़िलाध्यक्ष आदर्श मिश्रा,प्रदेश सचिव संजीव मिश्रा के अलावा रचित अवस्थी, प्रवीण शुक्ला व रामजी अवस्थी ने राज्यपाल को बताया कि बिलग्राम के गनीपुर में 13 मई को मारपीट मे यदुनंदन की मौत हो गई थी,जबकि दूसरे पक्ष के सुमित शुक्ला के भी ज़ख्मी होने की बात कहते हुए उन्हे बताया कि पुलिस ने उसे ज़ख्मी हालत में गिरफ्तार कर लिया,जोकि मानवाधिकार का उल्लंघन है। राज्यपाल से मांग की गई कि सारे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज़िलाध्यक्ष के मुताबिक राज्यपाल ने निष्फक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है।

### ई-रिक्शा चालक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। ई–रिक्शा चालक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। हालांकि उसके घर वालों का कहना है कि अधेड़ की अचानक तबियत बिगड़ गई थी, वहीं डाक्टरों का कहना है कि सस्पेक्ट प्वाइजनिंग से मौत हुई। कोतवाली शहर के मूंगा पुरवा निवासी आशाराम (65) शहर में ई–रिक्शा चला कर परिवार के लिए सहारा बना हुआ था। उसके बड़े पुत्र सुनील ने बताया कि सुबह के वक्त उसके पिता की एका–एक तबियत बिगड़ गई। उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद मौत हो गई।

# सीएचसी आने वाले मरीजों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं

## भीषण गर्मी में तपती जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं मरीज, स्वास्थ्य सेवाएं हैं बदहाल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,






सीएचसी शाहाबाद के गेट पर अपनी बारी के इंतजार में बैठी महिला मरीज व बुजुर्ग। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं पूरी तरह से बेपटरी हो चुकी हैं। बड़े बड़े दावों के बावजूद स्वास्थ्य मंत्री के जिले में ही स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बड़ी संख्या में प्रतिदिन ओपीडी में मरीज पहुंचते हैं। इस भीषण गर्मी में उनके लिए बैठने का कोई इंतजाम नहीं है। तपती हुई जमीन में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद जनपद हरदोई की सबसे बड़ी तहसील का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। यहां पर हेल्थ एटीएम से लेकर ऑक्सीजन प्लांट तक की स्थापना है लेकिन सुविधाओं के नाम पर पूरी तरह से जीरो है। नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए पहुंचते हैं। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीजों का यहां आना होता है। इस भीषण गर्मी में मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करने के लिए जमीन पर बैठना पड़ता है। ओपीडी के सामने स्वास्थ्य प्रशासन ने एकमात्र बेंच लगा रखी है जिस पर मात्र चार मरीज ही बैठ सकते हैं। शेष मरीजों को अपनी बारी के इंतजार में भटकना पड़ता है। महिलाओं को बच्चों के साथ और बुजुर्गों को इस भीषण गर्मी में सहारे की जरूरत होती है तो वह जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। ऐसे में पहले से बीमार मरीजों और समस्या हो रही है।

### पंजीकरण के लिए टीन शेड के नीचे लगती है लाइन

सुबह के वक्त डॉक्टर से मिलने के लिए पंजीयन करने वाले मरीजों की टीन शेड के नीचे लंबी लाइन लगती है। इस भीषण गर्मी और तपन के कारण मरीज को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन फिर भी उन्हें अपना पंजीयन करने के लिए इस छोटी सी टीन के नीचे लाइन लगानी पड़ती है। आसपास भयंकर धूप आ जाती है धूप में भी महिलाएं और पुरुष खड़े होकर अपने पंजीयन का इंतजार करते हैं।

### उप मुख्यमंत्री के गृह जनपद में सीएचसी का यह हाल

उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के गृह जनपद में सरकारी अस्पताल का यह हाल है। एक तरफ चिकित्सक ही सलाह दे रहे हैं कि भीषण गर्मी में कम से कम से बाहर निकलें और धूप में जाने से बचें। लेकिन सीएचसी के चिकित्सकों को शायद यह समझ नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी एसी कमरों में बैठकर ड्यूटी कर रहे हैं। मरीज गर्म हवाओं के साथ जमीन पर बैठकर ओपीडी में अपनी बारी का इंतजार करते हैं। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक का पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनके फोन पर कॉल रिसीव नहीं किया गया।

### बच्चे को बंदर ने काटा सीएचसी में भर्ती

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। भदासी गांव की रहने वाली रीता के दो वर्षीय बेटे को बंदर ने काट लिया, जिससे वह जख्मी हो गया। जख्मी हालत में बच्चे को सीएचसी लाया गया। जहां उसका इलाज हुआ। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी निवासी रीता का दो वर्षीय पुत्र घर में खेल रहा था। अचानक उसे बंदर ने दौड़ा कर काट लिया, जिससे वह जख्मी हो गया। तत्काल परिजन घायल बच्चे को सीएचसी लाये जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। बंदरों के बढ़ते हुए आतंक के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। आए दिन बंदर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर देते हैं। कई लोग तो बंदरों के हमले के कारण मौत का शिकार भी हो चुके हैं। लेकिन वन विभाग और पालिका प्रशासन द्वारा बंदरों को पकड़ने का कोई इंतजाम नहीं किया गया।

## सीएचसी में दवा लेने आए दो लोगों की चोरी हुईं बाइकें

संवाददाता, शाहाबाद, मल्लावां

अमृत विचार। सीएचसी शाहाबाद में पिता की दवा लेने आए युवकों की बाइक चोरी हो गईं। पीड़ितों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

क्षेत्र के ग्राम कठमा निवासी शिवराज ने बताया कि वह बुधवार को पिता की दवा लेने सीएचसी आया था। उसने अस्पताल के अंदर गेट के निकट बाइक लॉक कर खड़ी कर दी, और दवा लेने चला गया। दवा लेकर अस्पताल से बाहर आया तो मोटरसाइकिल नहीं मिली। सीएचसी में गेट के पास सीसीटीवी भी लगा है। युवक ने मोटरसाइकिल चोरी की लिखित सूचना पुलिस को दी है। मल्लावां संवाददाता के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में दवा लेने आए दम्पति की बाइक चोरी हो गईं। बाइक चोरी होने पर पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। बुधवार को दोपहर करीब एक बजे कुरसठ पटेल नगर निवासी कौशल द्विवेदी अपनी पत्नी मोहिनी को दवा दिलाने बाइक से आया था। बाइक परिसर में खड़ी कर दवा लेने लगा। तभी किसी ने बाइक चोरी कर ली जो परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी आ गईं। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि घटना उनकी जानकारी में नहीं है।

## माधौगंज के प्रताप को प्रोन्नति से गांव में हर्ष

हरदोई, अमृत विचार। माधौगंज के मूल निवासी प्रताप नारायण द्विवेदी उत्तर प्रदेश विधान परिषद सचिवालय विशेष सचिव के पद पर प्रोन्नत कर नियुक्त की गई है। जिला हरदोई के ग्राम समुखा ब्लाक माधौगंज के मूल निवासी प्रताप नारायण द्विवेदी किसान परिवार में जन्मे थे। यहीं के सरकारी स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर उन्हें सचिवालय में तैनाती मिली। कठिन परिश्रम व कर्तव्य परायण से विशेष सचिव पद पर पहुंचकर अपने गांव व जिले का नाम रोशन किया। उनकी इस तैनाती से गांव सहित जिले के लोगों में खुशी की लहर है। शुभचिंतक उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

# छप्पर के नीचे चल रहा था अस्पताल, सीज

संवाददाता, हरदोई



छप्पर के नीचे भर्ती मरीज का हाल लेती टीम। अमृत विचार

अमृत विचार। बड़े-बड़े हास्पिटल भी कैंसर के मरीज़ को भर्ती करने से पहले जांच पड़ताल करते हैंलेकिन ऐसे मरीज़ो को छप्पर के नीचे चल रहे हास्पिटल में भर्ती कर बाकायदा इलाज हो रहा था। जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग ने आनन-फानन में हास्पिटल को सीज़ कर दिया। उसके संचालक के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

जानकारी के अनुसार लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना कोतवाली के कटियामऊ में छप्पर के नीचे मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। बुधवार को नोडल अधिकारी डा. मनोज सिंह ने सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक डा. किसलय बाजपेयी के साथ छापा मारा। अधिकारियों ने अस्पताल को सीज कर दिया। संचालक एके पासवान पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। यहां कैंसर तक के मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार पहले भी इसी हास्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की गई थी लेकिन संचालक ने अधिकारियों को रकम पहुंचाकर सब मैनेज कर लिया था। सीएमओ के निर्देश पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचते ही हास्पिटल का संचालक और तथाकथित डाक्टर वहां से खिसक गए।

नोडल अधिकारी डा.मनोज सिंह ने बताया कि इस तरह के अवैध व मानको को दरकिनार कर चल रहे हास्पिटल और क्लीनिकों के खिलाफ अभियान लगातार चलता रहेगा। ऐसे में न सिर्फ हास्पिटल सीज़ ही किया जाएगा बल्कि एफआईआर तक दर्ज कराई जाएगी। इस कार्रवाई से झोलाछाप व मानक विहीन चल रहे अस्पताल संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही।

# नवीन गल्ला मंडी में शुरू हुई गेहूं की खरीद

संवाददाता, हरदोई,



नवीन गल्ला मंडी में गेहूं की खरीद करते कर्मचारी। अमृत विचार

अमृत विचार। बुधवार को नवीन गल्ला मंडी में सरकारी गेहूं की खरीद शुरू हो गई। उधर कई दिनों पूरे जिले में प्रशासन व व्यापारियों के बीच खींचतान मची हुई थी। किसान सरकारी केंद्रों पर गेहूं नहीं बेच रहे थे। इससे जिले में गेहूं की खरीद लक्ष्य से कोसों दूर है।

जिला मुख्यालय स्थित मंडी समिति सहित सांडी, शाहाबाद, माधौगंज मंडी में भी किसानों ने गेहूं सरकारी केंद्रों पर नहीं बेचा था। उधर व्यापारियों ने प्रशासन के दबाव के चलते गेहूं की खरीद बंद कर दी थी, लेकिन फिर भी किसान सरकारी केंद्रों पर सस्ते में अपनी मेहनत की कमाई नहीं बेच रहा था, इसको लेकर प्रशासन काफी चिंतित थे। प्रशासन ने व्यापारियों से खरीद न करने को कहा था। व्यापारियों ने कई दिन खरीद नहीं की थी। इसके बावजूद हालात बदले नहीं। सरकारी केंद्रों पर सन्नाटा ही छाया रहा था। प्रशासन ने व्यापारियों को धमकाया भी, लेकिन उनकी धमकी कोई काम नहीं आई। सिर्फ व्यापारी आढ़तों पर गेहूं की खरीद बंद किए हुए हैं। निजी आढ़तों पर गेहूं 2415 रुपये में है,जबकि सरकारी खरीद 2275 में चल रही है। वहीं सरकारी केंद्रों पर किसानों को तमाम समस्याएं भी उठानी पड़ती थी। खरीद के लिए कई दिनों तक अपने वाहन केंद्रों पर खड़े करने पड़ते थे। केंद्रों पर लगे कर्मचारी किसानों के सामने तरह-तरह की दिक्कतें भी पैदा करते थे, जबकि निजी आढ़तों पर किसानों के व्यापार के अलावा घरेलू संबंध होते थे, जब किसान को कभी ज्यादा पैसे की जरूरत पड़ती थी, तब वह मंडी से ही सहयोग लेते थे। जरूरत के समय काम आने वाले व्यापारियों को किसान छोड़ना नहीं चाहते थे जबकि प्रशासन किसानों व व्यापारियों पर जबर्दस्ती दबाव बनाकर सरकारी खरीद के आंकड़े पूरे कराना चाहती थी। इसको लेकर पूरे जिले में किसान व व्यापारी आक्रोशित थे। इसी के चलते मंडियों में सन्नाटा फैला हुआ था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से लौट रहे एसआई की ट्रेन से गिरकर मौत

संवाददाता, हरदोई



बुलंदशहर निवासी एसआई नरेश कुमार की बदायूं के औसावां थाने में थी तैनाती

अमृत विचार। बदायूं के औसावां थाने में तैनात एसआई नरेश कुमार इलाहाबाद हाईकोर्ट में सीए दाखिल करने के बाद मंगलवार को ट्रेन से वापस लौट रहे थे। उसी बीच दलेल नगर और उमरताली रेलवे स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से गिर गए। जिससे उनकी वहीं पर मौत हो गई। बुधवार की सुबह शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

अनूप शहर के खगमरा मजरा कोटला ज़िला बुलंदशहर के नरेश कुमार पुलिस में एसआई के पद पर थे। उनकी बदायूं के औसावां थाने में तैनाती थी। 26 मई को वह इलाहाबाद हाईकोर्ट में सीए दाखिल करने गए थे। जहां से मंगलवार की रात ट्रेन से वापस लौट रहे थे। उसी बीच रास्ते में कछौना कोतवाली के दलेलनगर और उमरताली के बीच चलती ट्रेन से गिरने से उनकी मौत हो गई।

तलाशी के दौरान उनकी पैंट की जेब में एटीएम, होटल की पर्ची और 6500 रुपये मिले। होटल की पर्ची पर लिखे नंबर पर बात हुई तो उधर से पहचान की गई। मोबाइल नंबर से घरवालों को जानकारी दी। दोपहर बाद वह लोग मौके पर आ गए। एसआई नरेश कुमार के परिवार में पत्नी रुक्मिणी के अलावा दो बेटे और दो बेटियां हैं। एसएचओ कछौना राकेश सिंह ने बताया कि सफर के दौरान किसी ट्रेन से गिरने से मौत हुई है। फिलहाल सारे मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



जागरूकता शिविर में जानकारी देते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

### लोक अदालत में अधिक मामलों का हो निस्तारण

हरदोई, अमृत विचार। प्रधान न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव (तृतीय) की अध्यक्षता में बुधवार को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन फैमली कोर्ट में किया गया ।उन्होंने वाद कारियों से कहा कि ऐसे मामले जो किसी भी कोर्ट में चल रहे हैं सिविल के हों, दीवानी के हों या फिर पति–पत्नी के हों उन सभी का निस्तारण आगामी 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौता के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण कराएं। उन्होंने प्रिलिटिगेशन की प्रक्रिया के तहत सुलह कराये जाने के लिए वाद कारियों से अपील और उनका पक्ष भी सुना। इस अवसर पर अपर प्रधान न्यायाधीश (प्रथम) फराह मतलूब, अपर प्रधान न्यायाधीश (द्वितीय) आशारानी सिंह, व अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने राष्ट्रीय लोक अदालत व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के वारे में जानकारी दी। इस दौरान अमरदीप, शिवम, पीएलवी दिनेश कुमार, अशोक कुमार, शिवम कश्यप सहित अधिक संख्या में वादकारी आदि मौजूद रहे।

### किशोरी जेवर लेकर घर से फरार, प्रेमी पर केस दर्ज

पाली, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी 95 हजार रुपए के जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई, किशोरी के पिता ने पाली थाने में तहरीर देखकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती 26 मई को अरविंद पुत्र जगराम निवासी ग्राम दरौनिया थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद उसकी 14 वर्षीय पुत्री को भगा ले गया, उसकी पुत्री साथ में 95 हजार रुपए कीमत के जेवरात भी ले गई है। उसने अपनी पुत्री को नाते रिश्तेदारी में काफी खोजा पर कोई सुराग नहीं लगा। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

### दो पक्षों में मारपीट, चार पर केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दरियापुर विक्कू में दो पक्षों में हुई मारपीट के प्रार्थना पत्रों पर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम दरियापुर विक्कू निवासी विद्यावती पत्नी श्री पाल ने बताया वह अपने दरवाजे पर बैठी थी, तभी गांव की सुनीता पत्नी ओमप्रकाश अपने साथ सुशील की पत्नी को लेकर आई और रंजिश में गाली गलौज करने लगी। मना करने पर दोनों ने उसे लात घूसों से मारा पीटा,वहीं दूसरे पक्ष की सुनीता ने बताया विपक्षी विद्यावती पत्नी श्री पाल ने राम खिलौना पत्नी रामनरायन के साथ मिलकर उसे मारा पीटा। दोनों पक्षों ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया दो पक्षों में आपस में मारपीट हुई है। प्रार्थना पत्र के आधार पर दोनो पक्षों के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच कर रही है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल



शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। एक कॉलोनी की रहने वाली किशोरी के साथ उसके पड़ोसी अमित पुत्र लज्जाराम द्वारा घर में घुसकर दुष्कर्म किया गया था। 22 मई को दुष्कर्म की हुई इस घटना के सिलसिले में पीड़िता की मां ने शाहाबाद कोतवाली में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। कोतवाली पुलिस ने धारा 376 पास्को एक्ट के अंतर्गत आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### प्लेटफार्म नंबर-2 पर पड़ा मिला साधु का शव

हरदोई, अमृत विचार। बालामऊ जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर–2 पर तपती धूप में साधू का शव घंटो ज़मीन पर पड़ा रहा। काफी देर बाद रेलवे कर्मचारियों ने साधू को बेहोश बता कर उसका शव सीएचसी पहुंचा दिया। लेकिन वहां के डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसरा बुधवार की सुबह बालामऊ जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर–2 पर लगभग 75 वर्षीय एक साधू का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार प्लेटफार्म पर साधु का कई घंटे तक पड़ा रहा। जिसे बाद में सीएचसी में मृत घोषित कर दिया गया। बालामऊ जीआरपी इंचार्ज विनोद गोस्वामी का कहना है कि साधू की पहचान उसके पास से बरामद हुए आधार कार्ड से हुई है। जिसके मुताबिक साधू का नाम महावीर दास निवासी उत्तर गौजा आवंला चौरा बदुल पुरा उत्तराखंड है।

### मतगणना के लिए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें कार्मिक : जिलाधिकारी

हरदोई, अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में 4 जून को होने वाली मतगणना के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना के दौरान दिए गए दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक सुनिश्चित करें। मतगणना में लगे हुए सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से मतगणना स्थल पर पहुंचे। मतगणना स्थल पर बिना परिचय पत्र प्रवेश नहीं होगा। मतगणना कक्ष में मोबाईल सहित कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण निषेध रहेगा। पोस्टल बैलट की गणना में लगाए गए अधिकारियों को उन्होंने पोस्टल बैलट गणना की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ईटीपीबी की प्री काउंटिंग प्रक्रिया आठ बजे से प्रारम्भ होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### याद किए गए चौधरी चरण सिंह

हरदोई, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री व किसान राजनेता चौधरी चरण सिंह की 37 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना सपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया और अपने पूरे राजनीतिक जीवन में भारत के किसानों के हितों और उनके अधिकारो और कल्याण की वकालत की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमित बाजपेयी. फूलच्द्र वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सईद अहमद, जहीर अली पप्पू, प्रदेश सदस्य कार्यकारिणी राजाराम यादव, मनोज शुक्ला, आदिबेश उपस्थिति रहे।



चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता। अमृत विचार

जागरूकता

अंतराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडीला में हुआ आयोजन

# महिलाओं और युवतियों को दी माहवारी की जानकारी

संवाददाता, संडीला, हरदोई



लाभार्थियों को पैड वितरण करते स्वास्थ्यकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडीला के प्रांगण में अंतराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी दिव्यांशु साकेत, स्टाफ नर्स नैंसी मिश्रा, सीएचसी संडीला की मेडिकल ऑफिसर डा. सरोज शर्मा, अर्श काउंसलर सत्या शर्मा, बीपीएम आशीष, स्टाफ नर्स, एएनएम, संगिनी, आशा, आंगनवाड़ी सेविकाएं उपस्थित थी।

इस अवसर पर क्षेत्र की तमाम किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं सहित 15 से 49 वर्ष आयु की अन्य महिलाओं को बुलाकर उन्हें मासिक धर्म से संबंधित जानकारी दी गई। उनकी खून की जांच की गई, मासिक धर्म के समय उपयोग करने के लिए पैड का वितरण किया गया। मासिक धर्म से जुड़ी पुस्तिका का वितरण सभी लाभार्थियों को किया गया तथा व्यक्तिगत एवं समूह में सभी लाभार्थियों को परामर्श दिया गया।

एक फाउंडेशन से दिव्यांशु के द्वारा माहवारी के समय पैड का इस्तेमाल एवं उचित निस्तारण, किशोरावस्था के दौरान उचित खान - पान एवं माहवारी से जुड़ी भ्रांतियां तथा मिथक के बारे में सभी लाभार्थियों को जानकारी दी गई। डॉ. सरोज ने माहवारी क्या है एवं क्यों होती है इस विषय में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कुल 67 लाभार्थियों की खून की जांच की गई 85 लाभार्थियों को परामर्श दिया गया तथा 96 लाभार्थियों को पद वितरण किया गया। 67 लाभार्थियों की खून की जांच की गई। 85 लाभार्थियों को परामर्श दिया गया। 96 लाभार्थियों का पैड वितरण किया गया।

## सड़क हादसे में घायल की दो माह बाद मौत

हरदोई, अमृत विचार। ससुराल जाते समय सड़क हादसे में घायल युवक की लाख प्रयास के बाद भी जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे के करीब दो माह बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पाली थाने के भरखनी निवासी 22 वर्षीय कुलदीप पुत्र अमर नाथ 28 मार्च को बाइक से ससुराल जा रहा था। उसी बीच साण्डी थाने के सैतियापुर के पास हुए हादसे में वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया था। लखनऊ ले जाने पर भी कोई फायदा नहीं हुआ। हरदोई मेडिकल कालेज इलाज के दौरान मंगलवार को 61 वें दिन उसकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी पूनम के अलावा उसकी एक बेटी है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### तमंचा के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के अल्लाहपुर तिराहे से युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया वह हेड कांस्टेबल संजय चौबे के साथ अल्लाहपुर तिराहे पर ड्यूटी पर थे। तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। टोकने पर युवक भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया।युवक ने अपना नाम धर्मेंद्र कश्यप निवासी मोहल्ला निहाल गंज बताया। युवक की तलाशी लेने पर तमंचा बरामद हुआ। युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### पिकअप डाला की टक्कर से पैदल जा रहा युवक घायल

**मल्लावां, हरदोई।** कटरा-बिल्हौर राजमार्ग पर पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार पिकअप डाला ने टक्कर मार दी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे राजेपुर मटकुरिया निवासी मोहित 19 वर्ष पुत्र राजेंद्र जो पैदल कहीं जा रहा था, तभी इण्डेन गैस गोदाम के पास तेज रफ्तार पिकप डाला ने मार दी। घटना में मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में भर्ती कराया गया, जहां डॉ दिव्यांशू बाजपेई ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत सुधरते न देख रिफर कर दिया गया। इधर परिजनों द्वारा घायल को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराने के लिए ले गए।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर भगाया, मुकदमा दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** दहेज़ की मांग पर अड़े ससुरालियों ने उसे उसके बच्चे के साथ घर से भगा दिया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। टड़ियावां थाने के गद्दीपुरवा सिकंदरपुर निवासी दिनेश गुप्ता की पुत्री सुरभि गुप्ता संविदा पर पंचायत मित्र थी। साल 2022 में 12 मई को उसकी शादी कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार निवासी धीरज गुप्ता पुत्र श्रीपाल के साथ हुई थी। सुरभि का कहना है कि शादी के बाद से उसके ससुराल वाले दहेज़ की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करने लगे। बहाने से उससे उसकी नौकरी भी छुड़वा दी। दहेज़ की मांग को ले कर उसे एक जनवरी 2023 को उससे सारा माल-ज़ेवर छीन कर दुधमुंहे बच्चे के साथ उसे घर से भगा दिया। कोतवाली देहात पुलिस ने सुरभि की तहरीर पर पति धीरज गुप्ता, सास रेशमा, ननद पूजा, देवर गंगा और भोला सहित 7-8 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# चोरी के आरोप में दो किशोरों को जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया

## शिकायत करने पर पिता को भी दी धमकी, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र में दो किशोरों को जूते की माला पहनाकर चौराहा बनाया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुटखा चोरी का आरोप लगाकर तालिबानी सजा दी गई। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है। पिता की तहरीर के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार बिलग्राम थाना क्षेत्र के बसहर निवासी रमेश ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें रमेश के नाबालिक पुत्र को गांव के धर्मवीर, रामचेला, संजय व चार अज्ञात लोगों ने गुटखा चोरी का आरोप लगाकर सिर में चौराहा बनाया। फिर जूते की माला पहनाकर तालिबानी सजा दी है। इसके बाद दबंगों ने उसके पुत्र को जमकर पीटते हुए गांव में घुमाया। इस घटना का दबंगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। जिसमें कुछ लोग जूते और चप्पल की माला बना रहे है, जबकि तीन लोग माला


चोरी के आरोप में दो किशोरों को जूतों की माला (गोले में) पहनाकर गांव में घुमाते लोग। अमृत विचार

पहनाते हुए बच्चों की पिटाई और गाली-गलौज कर रहे है। बच्चों के प्रति की गई क्रूरता को लेकर लोगों

> वायरल वीडियो बिलग्राम थाना क्षेत्र के बसहर गांव का है। जिसमें एक पिता ने पढ़ाई न करने व गलत संगत से क्षुब्ध होकर अपने पुत्र व उसके साथी के सिर में चौराहा बनाकर जूते की माला पहनाई और गांव में टहलाया है। स्थानीय पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी है। जांच में जो भी तथ्य आएंगे उसी के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -**नृपेंद्र कुमार**, एएसपी पूर्वी,

में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित रमेश ने बताया कि वह दिल्ली में रहता है और उसके पत्नी व बच्चे गांव में रहते है। जब वह गांव आया तो उसने पता चलने पर दबंगों से पूछा कि तुमने ऐसा क्यों किया। इस पर दबंगों ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित का भी उसी तरह चौराहा बनाकर जूते की माला पहनाने की धमकी दी है। जिससे पीड़ित काफी डरा हुआ है और उसको दबंगों ने गांव में न रह पाने की धमकी भी दी है। पीड़ित रमेश ने पुलिस को तहरीर देते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की हैं। फिलहाल इस तरह का वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में तमाम तरह की चर्चा आम है।



### एक दर्जन ग्राम पंचायतों में गर्मी से सूखे पड़े हैं तालाब

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी के चलते गर्म तापमान में अधिकतर तालाब सूखे पड़े हैं। जिले में हो रही तेज गर्मी व धूप से इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल हो रहे हैं। गांवों में भी तालाब-पोखर सूखने से पशु-पक्षी प्यास के मारे व्याकुल हो जाते हैं। बताते चले कि सुरसा ब्लाक क्षेत्र में मनरेगा के तहत लाखों की लागत से तालाब खुदवाये गये, अब इन दिनों तालाब में धूल उड़ रही है। जिसके कारण पशु-पक्षी बेहाल हैं। खास बात तो यह है कि मनरेगा से करोड़ों की लागत से खुदवाये गये तालाब अब भीषण गर्मी के चलते इन दिनों बेकार साबित हो रहे हैं। सुरसा ब्लाक की ग्राम पंचायत सुरसा नेवादा कैरमैर, म्योनी, हुसियापुर, खजुरहरा लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों में तालाब सूखे पड़े हैं। जिसमें इस समय पानी भरवाने के लिए कोई अधिकारी की नजर नहीं पड़ती।

### ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल समस्या के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। शहरी क्षेत्र में किसी समस्या के समाधान के लिए कंट्रोल रूम का नंबर 9473942566 व ग्रामीण क्षेत्र के लिए 05852-223112 है। जनपद वासी कंट्रोल रूम के इन नंबरों पर कॉल कर पेयजल से सम्बंधित समस्या को दर्ज करा सकते हैं। कंट्रोल रूम के निर्बाध संचालन के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं।

### आइसक्रीम निर्माताओं के यहां की गई छापेमारी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** खाद्य विभाग द्वारा बुधवार को आवश्यक छापेमारी करके दो आइसक्रीम फैक्ट्रियों पर सैंपलिंग की कार्यवाही की गई है। पिछले काफी दिनों से नगर क्षेत्र में आइस कैंडी निर्माताओं द्वारा केमिकल युक्त आइसक्रीम बनाने की खबरें मिल रही थी। जिसके बाद खाद्य निरीक्षक खुशीराम ने नवीन मंडी स्थल के सामने यमयम आइस कैंडी निर्माता के यहां ऑरेंज कलर की कैंडी और एक आइसक्रीम की सैंपलिंग की गई। हरियाली बाजार के निकट मनोज गुप्ता के यहां भी एक आइस कैंडी का सैंपल लिया गया। खाद्य निरीक्षक खुशीराम ने बताया कि लिए गए सैंपल को लैब में भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मिलावटी और कलर युक्त आइसक्रीम किसी भी कीमत पर बिक्री नहीं करने दी जाएगी।

# गर्मी ने किया बेहाल, न दिन में चैन न रात में आराम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में लगातार तापमान का बढ़ना जारी है। बुधवार को तापमान बढ़ कर 44 डिग्री पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस रहा। चार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा छा दिया। बुधवार को जहां बाजारों में रौनक बढ़ जाती थी, वहीं तपन ने लोगों को कैद कर दिया। जरूरी काम वाले ही बाहर दिखाई दे दिए।

नौतपा का असर दिनोंदिन जिले में दिखाई देने लगा है। गर्मी व धूप का आलम यह है कि सूर्योदय के बाद ही तेज धूप निकल आती है। सुबह से ही तापमान तेजी पकड़ना शुरू कर देता है। गर्मी का आलम यह है कि जिले में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान बुधवार को दर्ज किया गया। चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली लू ने सड़कों पर सन्नाटा कर दिया। गर्मी का आलम यह है कि शाम 7 बजे तक लोगों को गर्म हवाओं के थपेड़े झेलने पड़ रहे हैं। लगातार गर्मी के बढ़ रहे प्रभाव के चलते बिजली की मांग बढ़ती चली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को जानवरों को पानी पिलाने व नहलाने की समस्या दिनोंदिन बढ़ रही है। गांव में सरकार के तमाम निर्देशों के बावजूद अभी भी तालाब व पोखर भरे नहीं हैं। बढ़ रही गर्मी के कारण लोग नहरों व ट्यूबवेलों में नहाकर खुद को ठंडा रख रहे हैं। इस बार गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद एक दिन भी आंधी-पानी न आने से तापमान दिनोंदिन बढ़ता चला जा रहा है। बिजली न आने से लोग किसी तरह घर से बाहर बैठकर दिन-रात गुजार रहे हैं।


तेज धूप में सिर व चेहरा ढककर जाती महिला।


बिजली न आने से बेहाल लोग। अमृत विचार

### दहेज उत्पीड़न में 13 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** बघौली थाने के ग्राम राव बहादुर के संजय की पुत्री बेबी ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने कहा कि उसकी शादी 3 जुलाई साल 2021 को इसी थाने के ग्राम नयागांव भैंसरी के अनुज शुक्ला के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में बुलेट बाइक की मांग करते हुए उसे तंग करने लगे। आरोप लगाया है कि 8 दिसंबर साल 2021 को आरोपितों ने उसकी पिटाई करते हुए घर से बेघर कर दिया। जिसके बाद पीड़िता मायके में रह रही है। विगत माह 28 मार्च को पति अनुज अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घर पहुंच कर गाली- गलौज व मारपीट की। उसने पुलिस को दी गई तहरीर में पति अनुज शुक्ला, ससुर उदय प्रताप, चचेरे ससुर विशंभर और उसकी पत्नी के अलावा जेठानी ममता, चचेरे ससुर अमरनाथ, ननद पूनम, रजनी, प्रीति, जेठ प्रेम प्रकाश सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच एसआई रामयश निषाद को सौंपी गई है।


मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करते श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्य व श्रद्धालु। अमृत विचार

# मंदिरों में हुआ 54वां मंगल पाठ

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पौराणिक कथाओं के अनुसार जनपद को भक्त प्रहलाद की जन्म स्थली और नरसिंह भगवान की प्रकट स्थली माना गया है। ऐसी पावन भूमि पर अपने 54वें मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई मंदिरों में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को धार्मिक बना दिया।

प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर महाराजा सिंह पार्क, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में महाराजा सिंह पार्क के श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति, बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय, संगठन की संयोजक सुनीता द्विवेदी, रंजना गुप्ता, सुधा गुप्ता, शशि गुप्ता, सोनिका गुप्ता, रानी शुक्ला, आरती गुप्ता, अनीता मिश्रा, अर्चना दुबे, रंजना मिश्रा समेत भारी संख्या में लोगों ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति, बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया व राहगीरों को शरबत वितरण किया गया।

# पीआरडी जवान ने पड़ोसी शिक्षक व परिवार को पीटा

संवाददाता, साण्डी, हरदोई

**अमृत विचार।** शिक्षक और उसके पड़ोसी पीआरडी जवान के बीच किसी बात पर कहासुनी होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि पीआरडी जवान ने अपने साथियों के साथ शिक्षक पर हमला बोल दिया। हमलें में शिक्षक समेत चाल लोगों के सिर फूट गए। खबर लिखे जानेतक पुलिस तक अभी तहरीर नहीं पहुंची।

बताया गया है कि साण्डी कस्बे के मोहल्ला खिड़किया निवासी अनिल राजपूत पेशे से शिक्षक है, जबकि उसका पड़ोसी संतोष जोशी पीआरडी में जवान है। उन दोनों के बीच बुधवार को पुरानी रंजिश को ले कर कहासुनी होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि संतोष जोशी अपने कुछ साथियों को बुला लाया और शिक्षक अनिल राजपूत के ऊपर हमला कर दिया। बचाने दौड़े शिक्षक के घर के विवेक, विशाल और कन्हैया को भी काफी चोंट पहुंची। उन चारों लोगों को एम्बुलेंस-108 की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

### बहन को विदा कराने पहुंचे भाई के साथ मारपीट

**हरदोई, अमृत विचार।** बहन को विदा कराने उसकी ससुराल पहुंचे भाई को उसके बहनोई के भाई गाली-गलौज करते हुए पीटने लगे। बचाने में उसकी बहन और बहनोई को पीटते हुए उनके पास से दो हज़ार की नगदी और गले से सोने की चेन छीन ली। शाहाबाद कोतवाली के जटपुरा निवासी लाल बिहारी की पुत्री रंजना टड़ियावां थाने के गुरसंडा में प्रमोद कुमार के साथ ब्याही है। 27 फरवरी को रंजना का भाई सूर्यभान बहन को विदा कराने गुरसंडा पहुंचा। आरोप है कि उसके बहनोई प्रमोद के परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिस पर बहन रंजना और बहनोई प्रमोद उसे बचाने पहुंचा, जिस पर हमलावरों ने प्रमोद के पास से दो हज़ार रुपये और रंजना के गले से सोने की चैन छीन ले गए। आरोप है कि पुलिस इस मामले में टाल-मटोल कर रही है। उसने हमलावरों को बचाने के लिए शांति भंग की कार्रवाई की, जो कि नाकाफी है। सूर्यभान ने मुख्यमंत्री तक शिकायत पहुंचाने की बात कही है।

### 1 जून से बाल श्रम के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल एवं किशोर श्रमिकों के उन्मूलन की दिशा में 1 जून से 30 जून तक विशेष अभियान शुरू किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में जनपद में श्रम विभाग व अन्य विभागों के अधिसूचित निरीक्षकों के माध्यम से बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान बच्चों को मुक्त कराया जाएगा।


## मुफ्त स्वास्थ्य मेला

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

09 जून 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज
शाहबाद, हरदोई

में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, दन्त रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग तथा मानसिक रोग आदि।

**कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें**
- पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त • सामान्य दवायें मुफ्त
- हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त • ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त

**कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें**
- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

**दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।**

**परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।**

अन्य सुविधायें:
1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।



सिया मिश्रा पुत्री श्री अनुज मिश्रा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में
सौजन्य से :
श्री हर्ष पाण्डेय जी, अनुज मिश्रा, राजकुमार यादव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989


**आयोजन** श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास रमाकांत मिश्र ने कहा

# मनुष्य के जीवन में माता-पिता व गुरु का स्थान सर्वोपरि

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बावन ब्लाक के हसनापुर में चल रहा श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के छठें दिन व्यास व्यास रमाकांत मिश्र ने माता-पिता और गुरु की महिमा का वर्णन किया।

कहा कि मनुष्य के जीवन में माता-पिता और गुरु का बहुत ही महत्व होता है। जिस व्यक्ति ने अपने माता-पिता और गुरु की बातों का अनुसरण कर लिया वह व्यक्ति जीवन में कभी असफल नहीं होता और समाज में सम्मान हासिल करता है। आगे कहा कि माता-पिता और गुरु के मुख से निकली हुई हर बात को उपदेश मानकर अनुसरण करना चाहिए। माता-पिता और गुरु तीनों की शिक्षा प्राप्त करने के बाद ही जीवन पूर्ण होता है। यह तीनों सदैव सही सोचते हैं समय-समय पर दंड भी देते हैं। माता-पिता और गुरु संसार में यही तीन होते जो सच्चे मन से व्यक्ति के कल्याण का चिंतन और प्रयत्न करते हैं। जिस तरह सुपुत्र के होने पर माता पिता को सुख मिलता है उसी तरह शिष्य के ज्ञानी होने पर गुरु को सुख प्राप्त होता है। सनातन धर्म के अनुसार जिस व्यक्ति ने माता पिता और गुरु का आदर सम्मान किया है उसने पूरे संसार का सम्मान किया है। इसके विपरीत जो इंसान माता -पिता और गुरु का सम्मान नही करता है उसका जीवन अपूर्ण ही रहता है। माता-पिता की सेवा करने से ईश्वर हमे मनचाहा फल देते हैं और गुरु हमारे जीवन के अंधकार को मिटाते है तथा सन्मार्ग पर चलना सिखाते हैं। माता -पिता हमें जीवन देते हैं और पालन पोषण करते हैं, गुरु हमें जीवन जीने के तौर तरीके बताते हैं। इस प्रकार मनुष्य के जीवन माता पिता और गुरु का स्थान सर्वोपरि है। श्री व्यास जी ने बताया कि प्रभु श्री राम ने माता पिता और गुरु की आज्ञा पालन किया। श्रीराम माता पिता की आज्ञा मानते हुए राज्य छोड़ दिया और 14 वर्ष के लिए वन को प्रस्थान कर गए। इस अवसर पर यज्ञाध्यक्ष श्यामजी शुक्ला, परीक्षित विशम्बर शुक्ला, प्रधान राकेश शुक्ला, राम प्रकाश दीक्षित, राजेश द्विवेदी, देवेन्द्र मिश्र, सतेन्द्र शुक्ला, अंकुर शुक्ला सहित अन्य बहुत से श्रोता मौजूद रहे।


श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते कथा व्यास रमाकांत मिश्र।

## एक नजर

### असलहा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

सीतापुर। थाना थानगांव पुलिस ने चेकिंग के दौरान रामचन्दर पुत्र भगौती निवासी ग्राम बदलीपुर मजरा कलियापुर थाना रेउसा को बहद ग्राम सुजातपुर के पास से एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के संबंध में थाना थानगांव पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

### 18 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़ा

सीतापुर, अमृत विचार। थाना पिसावां पुलिस ने चेकिंग के दौरान आमिर पुत्र इस्तियाक निवासी ग्राम अचार्जर थाना टड़ियावां जनपद हरदोई को 18 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़ लिया। बरामदगी के संबंध में थाना पिसावां पर गोवध अधिनियम पंजीकृत कर आरोपी का चालान किया गया।

### चोरों ने गायब की लाखों रुपये की संपत्ति

सदरपुर। थाना क्षेत्र के भुड़कुड़ा मजरे भुसना निवासी शहजाद पुत्र सिरदार के घर अज्ञात चोर बीते मंगलवार की रात घुस गए और कमरे का दरवाजा खोलकर बक्से में रखी 25 हजार रुपए की नगदी, एक सोने का हार, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी पायल, एक सोने का मांग टीका, एक बाल की चोटी चांदी की, एक सोने की अंगूठी चोरी कर ले गए। गृहस्वामी जब सुबह चार बजे सोकर उठा तो घर का बिखरा सामान, मुख्य दरवाजे में लगा टूटा ताला और खुला दरवाजा देखकर चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित गृहस्वामी ने अपने घर में हुई चोरी की सूचना तहरीर देकर करके थाना सदरपुर पुलिस को दी। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया है, कि तहरीर मिली है। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई है, आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### युवती को प्रताड़ित कर ससुराल से भगाने का आरोप

लहरपुर। ग्राम सूजाबाद मजरा कुसेपा निवासी राम मनोहर में अपनी पुत्री छोटी देवी की शादी विगत 7 मई 2023 को जनपद लखीमपुर खीरी के ग्राम सरजीपुरवा थाना शारदा नगर निवासी विजयकुमार पुत्र अमरिका के साथ की थी, लेकिन ससुरालीजन दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। कहते थे कि और दहेज लेकर आओ नहीं तो ससुराल में रहने नहीं देंगे। ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में भूमि की मांग कर रहे थे। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि सास ससुर पति, जेठ जेठानी ने उसे मारा पीटा व नवंबर माह 2023 में उसे ससुराल से भगा दिया और कहा यदि यहां आओगी तो तुम्हें जान से मार देंगे, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, जेठ व जेठानी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# भीषण गर्मी के बीच ट्रिपिंग ने किया जीना मुहाल

## 43 डिग्री दर्ज हुआ तापमान, विद्युत विभाग ने अपील कर समय पर उपकरणों को चलाने की दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** आसमान से बरस रही आग और तपिश की वजह से भीषण गर्मी ने अपने पुराने रिकार्डों को तोड़ते हुए गर्मी का कहर जारी है। नौतपा के पांचवें दिन मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को 1 फीसदी तापमान बढ़कर 43 डिग्री दर्ज किया गया है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे है। भीषण गर्मी के बिजली की हर मिनट पर ट्रिपिंग लोगों की गर्मी और अधिक बढ़ा रही है। विद्युत विभाग बढ़ते तापमान के चलते ट्रांसफॉर्मरों के टेम्प्रेचर को देखते हुए पानी की बौछार और कूलर लगाकर आपूर्ति को सामान्य करने के प्रयास लगे है। 24 घंटे में महज 18 घंटे मिलने वाली विधुत आपूर्ति के लिए लोगों को सडकों पर उतरना पड़ रहा है।

नौतपा के पांचवें दिन गर्मी से लोग बेहाल नजर आये। सड़कों पर निकलने वाले लोग दुप्पटे और गमछे से सिर को ढककर निकलंने को मजबूर रहे। रात के समय में भी बिजली की कटौती के बीच तापमान 30 डिग्री से ऊपर होने पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। भीषण गर्मी के बीच जहां इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की डिमांड बढ़ी है। वही विधुत व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। विधुत विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए समय समय वस्तुओं को चलाने की समय सारणी जारी करते हुए उपभोक्ताओं से सब्र रखने की अपील की है।

एसडीओ हिमांशु पटेल ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ट्रांसफॉर्मरों पर पंखे और कूलर लगाये गये हैं। जनता से अपील की जा रही है कि संयम बनाये रखें क्योंकि बढ़ते तापमान से फीडरों पर समस्या हो रही है। अधिक लोड होने पर ट्रांसफॉर्मरों के फुंकने का अधिक चांस रहता है। भीषण गर्मी में सिस्टम ओवरलोड होने की वजह से विद्युत आपूर्ति सुचारु नहीं चल पा रही हैं, व बार-बार सिस्टम ट्रिप मार रह है।

### विद्युत विभाग की अपील

- अपने घर में सभी विद्युत उपकरण एक साथ ना चलाये।
- पानी की मोटर, प्रेस, वाशिंग मशीन और अन्य भारी लोड सुबह पांच बजे से सुबह 11 बजे तक चलायें।
- शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक फ्रिज बंद रखें।
- शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक अपने घर में लगे ब् को लगातार ना चलाकर आधा आधा घंटे के अंतराल में चलाये।



तेज धूप व गर्म हवाओं से बचने के लिए सिर से पैर तक खुद को ढके महिलाएं। अमृत विचार

### बच्चों के लिए एक माह तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

सीतापुर, अमृत विचार। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव ने बताया कि वर्तमान में जनपद के समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय 18 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण बन्द हैं। जबकि अधिकांश ऑगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालयों में संचालित हैं और ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे, प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे होते हैं। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के प्रकोप से ऑगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के बचाव के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों में 25 मई से 25 जून तक अवकाश घोषित किया जाता है। उक्त घोषित अवकाश की अवधि में सभी ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ, मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाएं, केन्द्र बन्द होने की दशा में अन्य आवश्यक कार्य जैसे-गृह भ्रमण, टीएचआर वितरण, वीएचएसएनडी सत्र के दौरान लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण ट्रैकर ऐप पर फीडिंग एवं अन्य शासकीय कार्यों का सम्पादन किया जायेगा तथा सामुदायिक आधारित गतिविधियों का आयोजन कैलेण्डर के अनुसार निर्धारित तिथियों में पूर्व की भांति किया जायेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

# बच्चे की हत्या से उठेगा राज ! खोदवायी गई कब्र

**फॉलोअप**

- महिला ने देवरानी पर बच्चे की हत्या का आरोप
- केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने निकलवाया शव

**महमूदाबाद/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में सात माह के मासूम के हत्या मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। बुधवार शाम जिला मजिस्ट्रेट आदेश के बाद तहसील प्रशासन की निगरानी में कोतवाली पुलिस ने मृतक मासूम के शव को कब्र से खुदवाकर पोस्टमार्टम कार्यवाही के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मासूम की मौत का राजफाश होने की संभावना है।

बताते चलें कि नगर के वार्ड कटरा निवासनी कैसर जहां ने अपनी ही देवरानी कैसर जहां पर अपने सात माह के शिशु को मारने का आरोप लगाते हुए 25 मई को कोतवाली में तहरीर दी थी। मृतक मासूम की मां ने आरोप लगाया था कि 21 मई की रात उसकी देवरानी ने 7 माह के मासूम को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर देवरानी कैसर जहां पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। बीते दिन मोहल्ला कटरा निवासिनी कैसरजहां पत्नी सलीम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से जानकारी दी थी कि उसका पति लगभग 5 महीने से सऊदी अरब में काम कर रहा है। पीड़िता का आरोप था कि बीते 21 मई की रात को घर की बिजली चली जाने के कारण वह अपने 7 माह के छोटे बच्चे अरहान को लेकर छत पर सो गई थी। कुछ ही दूरी पर उसकी देवरानी जिसका नाम भी कैसरजहां है वह भी कुछ दूरी पर ही लेटी थी। आंख लगने के बाद अचानक से पीड़िता ने अपने बच्चे को पास में न देखकर रोने, चिल्लाने व ढूंढने लगी, पूरा घर छानने के बाद भी उसका बच्चा न मिल सका। इसी बीच बाहर रास्ते में मोहल्ले के चौकीदार ने आवाज देते हुए चिल्लाया कि यहां पर किसका बच्चा सो रहा है? पीड़िता चौकीदार की आवाज सुनते ही घर के बाहर भागी तो देखा था कि उसका बच्चा मोबीन बेकरी वाले के घर के बाहर चबूतरे पर पड़ा था।

पीड़िता का कहना था कि उस वक्त बच्चे में जान ही नहीं थी, साथ ही उसकी जुबान भी बाहर की ओर निकली हुई थी। मां का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद ही देवरानी अपने मायके चली गई। दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने यह आरोप लगाया था कि उसकी अपनी देवरानी से लगभग 2 महीने पहले झगड़ा हुआ था। इस बात को लेकर ही देवरानी ने 7 माह के दूधमुहें बच्चे को मारकर घर के बाहर डाल दिया था। फिलहाल शव को कब्र से खुदवाकर प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


कब्रिस्तान में बच्चे के शव को निकालने के दौरान मौजूद पुलिस व ग्रामीण।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव किशुनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति ने रस्सी से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त की, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

ग्राम किशुनपुर निवासी अनिल पुत्र टाई 35 वर्ष ने सोमवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में लगी खूंटी में रस्सी के सहारे लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त की। सोमवार देर रात अनिल द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने मंगलवार शव को पीएम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि परिजनों ने कोई भी आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीएचसी में इमरजेंसी सेवाओं के बहाल होने के इंतजार में कस्बावासी

**कमलापुर, अमृत विचार।** विगत वर्ष फरवरी 2022 को जनपद के दौरे पर आए सूबे के उपमुख्यमन्त्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने ब्लाक कसमण्डा की नन्दिनी अस्थाई गोआश्रय स्थल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कस्बे की क्षेत्र पंचायत सदस्य विजयलक्ष्मी जायसवाल ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखित प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पूर्व की भांति एमरजेंसी सेवा बहाल करवाये जाने की मांग की थी।

उन्होंने पत्र मे उल्लेख किया था कि सीएचसी कसमण्डा पर इमरजेंसी सेवा सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं, लेकिन कसमण्डा सीएचसी नेशनल हाइवे लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग से करीब 5 किलोमीटर दूर कमलापुर से मास्टरबाग जाने वाली रोड पर स्थित है और इसी बीच में बड़ी लाइन की रेलवे क्रासिंग भी पड़ती है। जिस वजह से कभी-कभी ऐसा होता है कि एम्बुलेंस मरीज को लेकर आती है और क्रासिंग बन्द होने के चलते उसे रुकना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं की तरफ उपमुख्यमंत्री को ध्यान दिलाया गया था। दो वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो रहा है, लेकिन आज तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमलापुर में पूर्व की भांति एमरजेंसी सेवा संचालित नहीं हो सकी है।



रेलवे क्रासिंग बंद होने से खड़ी एंबुलेंस। अमृत विचार

# पंजीकरण कराकर ही चार धाम यात्रा पर जाएं

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- उत्तराखण्ड शासन ने वेबसाइट व मोबाइल ऐप पर की है व्यवस्था

**अमृत विचार।** उत्तराखण्ड सरकार ने चार धाम यात्रा-2024 के लिए तीर्थ यात्रियों के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की है। ऐसे मेंयह आवश्यक है कि चार धाम यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जाए। बगैर पंजीकरण यात्रा के लिए जाने पर तीर्थ यात्रियों को असुविधा हो सकती है।

चार धाम यात्रा-2024 के लिए उत्तराखण्ड शासन ने वेबसाइट व मोबाइल ऐप पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था की है। हर श्रद्धालु, तीर्थयात्री, पर्यटक जो चारधाम (गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ) की यात्रा करना चाहता है, उसे अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

### पंजीकरण न होने पर चेक प्वाइन्ट्स पर रोक दिए जाएंगे

चार धाम यात्रा के लिए जिन यात्रियों ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं की है। ऐसे श्रद्धालुओं को चारधाम की यात्रा न करने की सलाह दी जाए। ऐसे यात्री, जिनका पंजीयन नहीं है, वे निर्धारित चेक प्वाइन्ट्स पर रोक दिए जाएंगे और उसके आगे नहीं जा सकेंगे। यात्रा के लिए पंजीकृत तिथि का अनुपालनः यह आवश्यक है कि तीर्थ यात्री उन तिथियों पर ही यात्रा करें, जिसके लिये उन्होंने पंजीकरण कराया है। इससे श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने तथा धामों पर व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### श्रद्धालुओं को बताएं टूर ऑपरेटर व ट्रैवल एजेन्ट

समस्त टूर ऑपरेटर तथा ट्रैवल एजेन्ट यह सुनिश्चित कराएँ कि उनके ग्राहकों द्वारा यात्रा प्रारम्भ करने से पहले आवश्यक पंजीकरण करा लिया गया है। इससे तीर्थ यात्रा के दौरान असुविधा अथवा किसी प्रकार के व्यवधान को रोकने में सहायता मिलेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा तथा चार धाम यात्रा-2024 के सफल प्रबंधन के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि उपरोक्त दिशा-निर्देशों से उत्तर प्रदेश के समस्त इच्छुक तीर्थ यात्रियों को अवगत करा दिया जाए।

## सार-संक्षेप

### भीषण गर्मी में ठंडक का एहसास कराएगा इमरजेंसी वार्ड



सामुदायिक केंद्र अधीक्षक को एसी सौंपते सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के रमेश बाजपेई।

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में अब इमरजेंसी में एडमिट मरीजों को गर्मी से निजात मिल गई है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन ने मरीजों की सुविधा के लिए एसी की व्यवस्था कर दी है। दरअसल इस भीषण तपती गर्मी में सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में मरीज व चिकित्सक दोनों ही रहने को मजबूर थे। चाहे दिन हो या रात मरीजों की भारी संख्या वार्ड में उपस्थित रहती है। मात्र छत के पंखों से इस चिलचिलाती गर्मी में राहत मिल पाना संभव भी नही है। इस बात को महसूस कर सोशल मीडिया एक्टिविस्ट रामनिवास गुप्ता द्वारा फेसबुक पर एक पोस्ट भी डाली गई थी जिसमें लिखा था कि क्या कोई जिगर वाला, दयावान, दानी महमूदाबाद स्थित सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में मरीजों के लिए एसी लगवा सकता है बहुत दुआएं मिलेंगी। जब यह पोस्ट सोशल मीडिया पर पड़ी तो सीता ग्रुप आफ एजुकेशन के मैनेजर रमेश वाजपेई ने इसका जवाब दिया और लिखा कि सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन इस काम को करेगा। 24 घंटे के भीतर इमरजेंसी वार्ड में विद्यालय परिवार की तरफ से वोल्टास की डेढ़ टन की नि:शुल्क एसी मुहैया करा दी गई। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ मुरारी लाल गंगवार, सीएचसी अधीक्षक आशीष सिंह, समाजसेवी ज्ञानेश मिश्र, विद्यालय के डिप्टी मैनेजर अंजनेय आशीष और वागीश दिनकर वाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।

### शुगर फैक्ट्री ने गन्ना आपूर्ति के लिए शुरू किया गन्ना सर्वे

सीतापुर। सेकसरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री के पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ना आपूर्ति करने के लिए गन्ना सर्वे कार्य प्रारंभ हो गया है। चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक डॉक्टर अनूप कुमार व गन्ना समिति के सचिव आर. बी अंबेडकर ने संयुक्त रूप से बताया कि चीनी मिल व परिषद के संयुक्त रूप से गन्ना सर्वे कार्य चल रहा है। इसके लिए 60 टीमे लगाई गई है। गन्ना सर्वे जीपीएस मशीन द्वारा किया जा रहा है। उक्त अधिकारियों ने किसानों को बताया है कि वह अपने गन्ने की नाप टीम के साथ सहयोग करके सही रूप से अंकित करा लें, अन्यथा चीनी मिल चल जाने पर उन्हें अपना गन्ना मिल को आपूर्ति करने में परेशानी उठानी पड़ेगी। साथ ही सभी किसान अपना घोषणा पत्र भी ऑनलाइन अवश्य भर दें। इस बार सर्वे टीम द्वारा किसानों के पेढ़ी गन्ने की नाप नहीं की जा रही है। केवल पौधा गन्ना ही नापा जा रहा है, जिससे किसानों को तो परेशानी है ही साथ ही कई किसान अपनी पेढ़ी गन्ना जो कमजोर होता है उसे हटा देते हैं जिससे गन्नेने का सही आकलन भी क्षेत्र में संभव नहीं हो पाएगा।

### दबंगों ने विधवा की बोई फसल को जोतकर किया खराब

हरगांव। दबंगों ने विधवा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके खेत पर बोई उर्द की फसल को जोतकर बर्बाद कर दिया। जब पीड़िता शिकायत लेकर हरगांव थाने पहुंची तो वहां पर हल्के के सिपाही ने अभद्रता करते हुए गाली देकर थाने से भगा दिया। हरगांव थाने के रिक्खीपुरवा गांव निवासिनी सुनीता देवी पुत्री बद्री प्रसाद का तीन बीघा खेत है। पीड़िता अनुसूचित जाति की गरीब विधवा महिला है। पीड़िता के मुताबिक उसके पिता बद्री प्रसाद ने लगभग 8 वर्ष पूर्व पास के गांव टोडरापुर निवासी विपक्षी बहादुर के पास दो वर्ष के लिए जमीन गिरवी रखी थी। पैसा न वापसी कर पाने पर बद्री प्रसाद ने उक्त जमीन पांच वर्ष के लिये अदायगी पर रख दी, लेकिन कुछ माह पूर्व बद्री प्रसाद की मृत्यु हो गयी। पीड़िता दो बहनें हैं। पीड़िता ने अपनी जमीन पर गेहूं की फसल बो दी। फसल तैयार होने पर विपक्षी ने जबरन गेंहू की फसल कटवा ली। शिकायत करने पर पुलिस ने पीड़िता की नहीं सुनी। इसके बाद उसी खेत में पीड़िता ने उर्द की फसल बोई। जिसे विपक्षी ने जबरन जोत दिया। जिससे फसल क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़िता ने हरगांव थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। जहां पर पीड़िता सुनीता देवी को ही थाने के हल्का सिपाही राजकुमार ने गाली-गलौज करके भगा दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने मामले की जांच करके कार्यवाई की जायेगी।

### हाईवे किनारे से बाइक चोरी, पुलिस अंजान

महोली, सीतापुर, अमृत विचार। बेखौफ बाइक चोर ने एक बार फिर हाई-वे किनारे खड़ी एक व्यापारी की बाइक चोरी कर कस्बा पुलिस को खुली चुनौती दी है। नगर के भट्ठा मोहल्ला निवासी आशीष गुप्ता पुत्र रघुनाथ प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वह पेशे से व्यापारी हैं। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे वह अपनी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल नंबर यूपी 34 एजेड 4497 लेकर कस्बे में गुजिया लाइन के निकट एक दुकान पर सामान खरीदने आए थे। इसी दौरान वह पड़ोस में आयोजित भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने लगे। करीब सात मिनट बाद जब वह वापस पलटे तो सड़क किनारे खड़ी उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने अपनी बाइक को तलाशने का बहुत प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आशीष ने कोतवाली में जाकर बाइक चोरी की तहरीर दी है। मालूम हो कि कस्बे में बाइक चोरी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अज्ञात चोरों द्वारा दर्जनों बाइक चोरी की जा चुकी हैं। इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने बताया कि बाइक चोरी की सूचना मिली है। मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप वाहन की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त


टक्कर के बाद सड़क की ओर झुका टूटा पोल।। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। मिश्रिख कस्बे के सीताकुण्ड 4 में लगे बिजली पोल पर पिकअप वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त होकर आधा टूट गया है। बीते तीन दिन से रास्ता अवरोध है व बिजली की भी केबल सडक पर पडी है। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते किसी भी समय बडा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी कोई अधिकार सुध लेने को तैयार नहीं है।

**अनदेखी** — ग्राम पंचायत में कुल 11 इंडिया मार्का हैंडपंप में से सात पड़े हैं खराब


# 12 हैंडपंपों पर खर्च किये साढ़े चार लाख फिर भी नहीं मिल रहा पानी

रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। लोग परेशान हैं। वहीं उन्हें प्यास बुझाने के लिए शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। सरकारी हैंडपंप खराब हैं। जिस वजह से ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं जिम्मेदार इस समस्या से भी फायदा उठाने से नहीं चूक रहे हैं। मालूम हो कि ग्राम पंचायत में कुल 11 इंडिया मार्का हैंडपंप है जिसमें से सात हैंड पंप खराब पड़े हैं।

शंकरपुरवा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर इंडिया मार्का हैंडपंप संचालित है। वहीं बाबादीन ने बताया कि मेरे दरवाजे पर लगा नल एक वर्ष से खराब पड़ा है कई बार प्रधान व सेक्रेटरी से कहा गया, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। वर्ष 2021 से 2024 तक 4, 81, 665 रुपए हैंडपंप मरम्मत व रीबोर पर खर्च किए गए, लेकिन फिर भी एक-एक बूंद को ग्रामीण तरस रहे है। मझिगवां में चार हैंडपंप है जिसमें तीन हैंडपंप खराब पड़े हैं। एक पानी नहीं दे रहा है। नवल किशोर ने बताया कि मेरे दरवाजे पर छह माह से नल खराब पड़ा है। 6 माह पूर्व मिस्त्री आया था। पांच पाइप निकले थे, जिसमें से दो पाइप लेकर चला गया था। हैंडपंप अभी भी खराब पड़ा है। वहीं स्वामी दयाल ने बताया कि मेरे दरवाजे पर लगा हैंडपंप सही पानी नहीं दे रहा है। अमर सिंह ने बताया मेरे दरवाजे पर लगा नल भी पानी नहीं दे रहा है। वहीं ओमप्रकाश के दरवाजे पर लगा हैंडपंप आठ माह से खराब पड़ा है। मौर्य नगर ग्राम पंचायत में कोई हैंडपंप नहीं है। एक प्राइवेट विद्यालय के पास लगा है वह भी खराब पानी दे रहा है। चतुरीपुरवा में जिलेदार ने बताया कि सामुदायिक शौचालय के पास लगा नल काफी देर चलाने के बाद पानी आता है। वहीं सामने लगा हैंडपंप जब से रिबोर हुआ है, तब से पानी नहीं दिया, न तो चैकी ही बनी। वहीं कैलाश ने बताया मेरे दरवाजे पर लगा हैंडपंप 6 माह से खराब पड़ा है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान अंबिका प्रसाद जब से हुए हैं तब से आज तक चार हैंडपंप रिबोर कराए हैं और बीच-बीच कुछ हैंडपंपों की मरम्मत भी करवाए हैं। उसके बावजूद भी हम लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। सेक्रेटरी प्रदीप शाह से बात की गई तो बताया हमें जानकारी नहीं है कि कितने हैंडपंप हैं और कितनों की मरम्मत हुई। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार से बात की गई तो बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



गांव में खराब पड़े नल। अमृत विचार

### चार वर्षों में मरम्मत व रिबोर के लिए निकाले गये रुपये

- 2024 में हैंडपंप मरम्मत के नाम 38,980 रूपये तथा रिबोर के नाम 61,000 रुपये निकाले गए।
- 2023 में हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 79,450 रूपये तथा रिबोर के नाम दो लाख एक सौ रुपये।
- 2022 में हैंडपंप मरम्मत के नाम 38,410 रुपए तथा रिबोर के नाम 51, 700 रुपये।
- 2021 में हैंडपंप मरम्मत के नाम 12800 रुपये।

# चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन किए अर्पित


चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्जित करते रालोद प्रदेश महासचिव।

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** भारत रत्न किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चैहान पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ विकासखण्ड पहला की ग्राम पंचायत सरैया राजा साहब पहुंचे और वहां स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके उन्हें नमन किया। कार्यक्रम मे मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने चैधरी चरण सिंह अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर धर्मेश चैधरी, मोहम्मद तालिब, हर्षित गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

न विश्चसेदविश्चस्ते विश्चस्ते नातिविश्चसेत्।
विश्चासाद् भयमुत्पन्न मुलान्यपि निकृन्तति ॥

जो व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं है ,उस पर तो भरोसा न ही करें ,लेकिन जो बहुत भरोसेमंद है, उस पर भी अंधे होकर भरोसा न करें , क्योंकि जब ऐसे लोग भरोसा तोड़ते हैं तो बड़ा अनर्थ होता है।

## संपादकीय

# घटता मत प्रतिशत

आम चुनाव 2024 समाप्ति की ओर हैं। केवल एक चरण का मतदान बाकी है। अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होगा और परिणाम 4 जून को आने हैं। जनादेश का विश्लेषण तो उसके बाद ही किया जा सकता है। परंतु चुनाव में देश भर में मतदाताओं की भागीदारी से पता चलता है कि 2019 और यहां तक कि 2014 की तुलना में चुनावों के मतदान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। मतदाताओं की उदासीनता हमारी व्यवस्था में गहरी अस्वस्थता का लक्षण है। याद रखना चाहिए कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। इस बार चुनाव की बुनियादी चिंता यह रही कि शहरी मतदाता अपेक्षाकृत उदासीन रहा। उसने मतदान के प्रति दायित्व और मताधिकार के महत्व को कमतर आंका, नतीजतन मतदान के शुरुआती आंकड़े निराश करते रहे। लंबे समय तक मतदाताओं की उदासीनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही कमजोर कर सकती है। दरअसल मुंबई से लखनऊ तक का चुनाव शहरी उदासीनता का प्रतीक रहा है। बेशक यह झुलसाती, चिलचिलाती गर्मी और लू का मौसम है। कई जगहों पर 44-45 डिग्री तक तापमान रिकॉर्ड किया गया। गर्मी के कारण मतदान कम हुआ, यह तर्क गले नहीं उतरता। क्योंकि अक्सर आम चुनाव इन्हीं महीनों में कराए जाते रहे हैं। 2009 के आम चुनाव से पहले किए गए नवीनतम परिसीमन के बाद से इतनी बड़ी संख्या में सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी में गिरावट अभूतपूर्व है। संख्याओं पर करीब से नजर डालने से पता चलता है कि 2014 में कुल मतदाताओं (18 वर्ष से अधिक आयु के योग्य मतदाता) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, और 2019 और 2024 में मामूली वृद्धि हुई थी। लेकिन केवल 2024 में ही मतदान प्रतिशत में नाटकीय रूप से गिरावट आई।

पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण में कई मतदाताओं ने आमतौर पर पश्चिम, मध्य और उत्तर भारत की तुलना में अधिक मतदान किया। फिर भी, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर, जहां मतदान प्रतिशत में 62.8 प्रतिशत से 65.7 और 68.8 प्रतिशत से 70.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, 2024 में राज्यों में मतदान में सामान्य गिरावट आई है। जबकि यह समय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का समय होता है। मतदाता की उदासीनता अन्याय और असमानता को जड़ जमाने के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। मतदान न करना भी लोकतंत्र और संविधान की अवमानना है। लिहाजा चुनाव आयोग की ओर से आवश्यक मतदान के लिए कुछ तो प्रावधान किए जाने चाहिएं।

# ये कहां आ गए हम



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। कहा जाता है कि उनके द्वारा संप्रेषित समाचारों का देवलोक में व्यापक असर होता था। यह बात अलग है कि देवर्षि नारद जी को आधुनिक युग के पत्रकारों के मानिंद संवाददाता के रूप में अपनी हैसियत का गुमान होने लगा था।

हिंदी भाषी पत्रकारों के लिए आज हिंदी पत्रकारिता के जनक जुगल किशोर सुकुल जी को श्रद्धा पूर्वक नमन करने और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करने का मौका है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र और उसूलों में आए सकारात्मक एवं नकारात्मक बदलावों का विवेचन का अवसर भी। यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। महाभारत काल में संजय ने पत्रकार की भूमिका निभाई। उन्होंने धृतराष्ट को महाभारत के युद्ध के मैदान का आंखों देखा हाल सुनाया था। रामायण काल में कूटनीतिक पत्रकारिता की शुरुआत हुई। उस दौर में मंथरा नामक एक पात्र ने यह भूमिका अदा की। मंथरा की कुटिलता ने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के हर्षोल्लास के अवसर को शोकाकुल वातावरण में तबदील कर दिया। मंथरा के भड़काऊ सूचना के कारण भगवान श्री राम को वनवास हुआ और उनके विरह में राजा दसरथ जी को अपने प्राण त्यागने पड़े थे।

प्रारंभिक काल में संत, फ़क़ीर, भाट और चारण सूचनाओं के प्रसार में सहायक होते थे। प्राचीन काल में समाज की नब्ज टटोलने के लिए भारत में राजाओं द्वारा गुप्तचरों की नियुक्तियां की जाती थीं। मुगलकाल में महत्वपूर्ण नगरों में संवाद लेखकों की नियुक्तियां की जाती थी, इन्हें 'वाकया नवीस' कहा जाता था। वाकया नवीसों के मुखिया को 'वाकया निगार' कहते थे। उस दौर में एक जगह से दूसरी जगह खबरें पहुंचाने का काम हरकारे करते थे। अकबर के शासनकाल में समाचार संकलित करने वालों को 'खबर नवीस' और समाचार लेखकों को 'वाकया नवीस' कहा जाता था। समाचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने वालों को 'क़ासिद' या 'हरकारा' कहते थे।

भारत में आधुनिक पत्रकारिता के जनक जेम्स ऑगस्टन हिकी थे। 29 जनवरी,1780 को जेम्स ऑगस्टन हिकी ने कोलकाता से 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जर्नल एडवाइजर' नामक समाचार-पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। 'बंगाल गजट' भारत का पहला आधुनिक समाचार-पत्र था, जो



हिंदी पत्रकारिता दिवस

कि 'हिकीज गजट' के नाम से ख्यात हुआ। जेम्स ऑगस्टन हिकी ने भारत की भावी पत्रकारिता के न्यूनतम आदर्श तय कर दिए थे। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता की उम्दा मिशाल पेश की। सर्वशक्तिमान साम्राज्यवादी सत्ता की तीखी आलोचना से नहीं घबराए। भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता के जनक थे- लाला राममोहन राय। उन्होंने 4 दिसंबर 1821 को बंगला साप्ताहिक 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन एवं संपादन प्रारंभ किया था। लाला राममोहन राय ने 12 अप्रैल, 1822 को 'मिरातुल अखबार' नाम से फ़ारसी भाषा का एक और अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। 1923 में भारत में उर्दू का पहला अखबार निकला, जिसका नाम 'जामे-जहांनुमा' था। मुंशी सदासुखलाल इसके संपादक और हरिहर दत्त प्रकाशक थे। 30 मई, 1826 को जुगल किशोर सुकुल ने कलकत्ता से हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन/ संपादन शुरू किया था। 1845 में बनारस से 'बनारस अखबार' प्रकाशित हुआ। गोविंद नाथ थत्ते इसके संपादक थे। 'बनारस अखबार' हिंदी प्रदेश से प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी साप्ताहिक था। 1850 में 'सुधाकर' का प्रकाशन शुरू हुआ, यह हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। इसी वर्ष जुगल किशोर सुकुल ने 'सामदण्ड मार्तण्ड' नाम से एक और अखबार निकाला। यह अखबार भी अधिक दिन नहीं चला। 1854 में श्याम सुंदर सेन ने कलकत्ता से 'समाचार सुधावर्षण' नामक हिंदी और बांग्ला में द्विभाषी दैनिक समाचार-पत्र का प्रकाशन शुरू किया। यह हिंदी का पहला दैनिक अखबार था। 'समाचार सुधावर्षण' 1873 तक प्रकाशित हुआ था। संयोग की बात यह है कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत गैर हिंदी भाषी कलकत्ता से हुई। हिंदी भाषा का पहला दैनिक समाचार-पत्र भी कलकत्ता से ही प्रकाशित हुआ था। प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान 8 फ़रवरी, 1857 में अमीमुल्ला खां ने 'पयामे आजादी' नाम का समाचार - पत्र निकाला। यह भारत में देसी भाषा का पहला राजनीतिक समाचार-पत्र था। 1871 में अल्मोड़ा से 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन शुरू हुआ। बुद्धिबल्लभ पंत इसके संपादक थे। 1900 में काशी से 'सरस्वती' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 1903 में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादक का दायित्व संभाला। 'सरस्वती' ने सही अर्थों में आधुनिक पत्रकारिता को जन्म दिया। जब मराठा दैनिक 'केसरी' के संपादक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसको लेकर रहेंगे' के उदघोष द्वारा राजनीतिक जड़ता को तोड़कर भारतीय जनमानस को झकझोर रहे थे, ठीक उसी दौर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपादन में नवंबर, 1913 में कानपुर से 'प्रताप' का उदय हुआ।

स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। 1907 में 'जू उन करनीन' नामक एक अखबार में संपादक की तलाश में छपे विज्ञापन के द्वारा स्वाधीनता संग्राम के दौर की पत्रकारिता के खतरों और पत्रकारों के संघर्ष, त्याग, तपश्चर्या एवं देश और देशवासियों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को बखूबी समझा जा सकता है। शांति भूषण भटनागर इलाहाबाद से 'स्वराज' नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उन्हें 'स्वराज' के लिए एक संपादक की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने 'जू उन करनीन' में एक विज्ञापन साया करवाया। जिसका मज़मून इस प्रकार थाः- 'एक जौं की रोटी और एक प्याला पानी, यह तनख़्वाह है,जिस पर 'स्वराज' इलाहाबाद के वास्ते एक एडिटर मतलूब है।' आजादी करीब चार दशक के बाद वैश्वीकरण और बाजारवाद का नया दौर शुरू हुआ। इससे पहले जन संचार माध्यम शिक्षा, सूचना और ज्ञान के महत्वपूर्ण माध्यम थे। पत्रकारिता का पहला और अंतिम लक्ष्य बृहत्तर समाज का हित था। संचार माध्यमों को समाज की गतिविधियों का दर्पण माना जाता था। पत्रकार, सामाजिक मूल्यों का नियामक की भूमिका में थे। पत्रकारिता को सनातन विपक्ष और समाज का सशक्त प्रवक्ता माना जाता था। सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव, बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावनाओं का प्रसार कर समाज में वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करना पत्रकारिता का पेशेवराना धर्म माना जाता था। जन संचार माध्यम आम जनता की आवाज थे।

1990 के दशक में शुरू हुए वैश्वीकरण और उसके बाद आई नई संचार क्रांति ने टेलीविजन को असीमित विस्तार दिया। न्यूज चैनलों की भरमार हो गई। टीवी ने एक नई किस्म की पत्रकारिता को जन्म दिया। टीवी पत्रकारिता ने पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र को बदल दिया है। पत्रकारिता समाजोन्मुखी से बाजारोन्मुखी हो गई। मिशन, प्रोफेशन हो गया। भाषा की मर्यादाएं भी टूट गईं। सामाजिक उत्तरदायित्वों से विमुख बाजारवाद और वैश्वीकरण के दौर की इस संवेदनहीन पत्रकारिता ने इस पेशे की विश्वसनीयता को जबरदस्त आघात पहुंचाया है। मौजूदा दौर की पत्रकारिता के मूल्य, सरोकार, पक्षधरता और वैचारिक एवं पेशेवराना निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आज सूचनाओं का चौतरफा अंबार लगा हुआ है लेकिन इन सूचनाओं में से सत्य तथ्यों को खोजना मुश्किल होता चला जा रहा है। सूचनाओं का प्रवाह स्वार्थपरक एवं एकपक्षीय है। आधुनिक जन संचार माध्यमों से जनहित के मुद्दे नदारत होते जा रहे हैं। टीआरपी की होड़ में पत्रकारिता के आदर्शों को तिलांजलि देने की अघोषित प्रतिस्पर्धा चल रही है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र और जनपक्षधर प्रेस के प्रबल पैरोकार थे। पंडित नेहरू ने कहा था-'मैं दबी हुई और नियंत्रित प्रेस की तुलना में स्वतंत्रता के दुरुपयोग के तमाम खतरों के बावजूद स्वतंत्र प्रेस ही देखना चाहूंगा।' छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ कवयित्री महादेवी वर्मा जी ने पत्रकारों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा थाः- 'पत्रकारिता एक रचनाशील विधा है। इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है। अतः पत्रकारों को अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए। क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जाएगा।' भविष्य में जब कभी इस दौर की पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका का इतिहास लिखा जाएगा, वह निश्चित ही कवयित्री महादेवी वर्मा की अपेक्षाओं के बिल्कुल उलट होगा।

## प्रसंगवश


# चुनावी अतिश्योक्तियां

हमारे नेतागण भी खूब साहित्यकार हैं। वे पिंगलशास्त्र का सम्यक ज्ञान भले ही न रखते हों किंतु चुनावी सभाओं में अलंकारिक भाषा जरूर प्रयोग करते हैं। उनके प्रयुक्त अलंकारों में भ्रम, संदेह, विरोधाभास और अतिश्योक्ति प्रमुख होते हैं। यहां हम अतिश्योक्ति अलंकार की ही बात करते हैं। इसका प्रयोग तो वे 'गप' की सीमा तक करते हैं। अब देखिए प्रधानमंत्री ने पटियाला की एक रैली में कहा है कि यदि 1971 के बांग्लादेश वाले युद्ध के समय वे पीएम होते, तो आत्म समर्पण करने वाले 93000 युद्धबंदियों को तब देते जब सिख तीर्थ करतारपुर साहब, जो पाकिस्तान में है, को वापस न ले लेते। बताते चलें कि पंजाब की तेरह सीटों का चुनाव 1 जून को होना है। अतः सिख भाइयों को खुश करने को एक डायलाग ही तो मारना है, तो मार दो। वैसे प्रधानमंत्री क्या यह नहीं जानते कि युद्ध बंदियों के बारे में 'जेनेवा कनवेंशन' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो हर देश को मानना होता है। यह 1949 में अपडेट किया गया था। इसके अंतर्गत युद्ध समाप्त हो जाने पर सामान्यतया बंदी छोड़े ही जाते हैं और जब तक वे बंदी रहते हैं तब तक सही भोजन, चिकित्सा, रखरखाव और उचित सम्मान भी सुनिश्चित करना होता है। तो क्या तत्कालीन सरकार 93000 शत्रुओं की अनिश्चित काल तक खातिर करती और इस तरह देश की आर्थिकी का भट्टा बैठालती! कोई जरूरी था कि पाकिस्तान सरकार करतारपुर वापसी की बात मान लेती? क्या बांग्लादेश युद्ध करतारपुर साहब की वजह से हुआ था? प्रधानमंत्री को पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के इंदिरा गांधी की इस बड़ी उपलब्धि की प्रशंसा में भी दो शब्द बोलने चाहिए थे। कुछ बड़े भाजपाई नेता इधर पाक अधिकृत कश्मीर को मोदी के अगले कार्यकाल में लेने की गर्वोक्तयां कर रहे हैं। हालांकि वे यह नहीं बताते कि इन बीते दस सालों में इसे क्यों नहीं ले लिया? इसी तरह करतारपुर साहब को सर्जिकल स्टाइक की तर्ज पर अब तक अपने देश में क्यों नहीं मिला लिया? दस साल तो काफी होते हैं? क्या ये अतिरंजित और लोक लुभावन हवा हवाई, अव्यावहारिक बाते केवल अगले पांच साल का जनादेश पाने के लिए की जा रही हैं?



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# जहर होता जीवनदायी जल



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं।

गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने या कर ठिठक जाते हैं। बहुत सी सरकारी योजनाएं हर घर स्वच्छ जल के वायदे करती रही हैं लेकिन आपूर्ति पर केंद्रित ये योजनाएं हर समय सुरक्षित जल-स्रोत विकसित करने में असफल ही रही हैं।

कितना दुखद है कि पांच साल पहले राजधानी के करीबी पश्चिम उत्तर प्रदेश के सात जिलों में पीने के पानी से कैंसर से मौत का मसला जब गरमाया तो एनजीटी में प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इसका कारण हैंडपंप का पानी पाया गया। अक्तूबर 2016 में ही एनजीटी ने नदी के किनारे के हजारों हैंडपंप बंद कर गांवों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था का आदेश दिए थे। कुछ हैंडपंप तो बंद भी हुए, कुछ पर लाल निशान की औपचारिकता हुई लेकिन सुरक्षित जल का विकल्प ना मिलने से मजबूर ग्रामीण वही जहर पी रहे हैं।

अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाईलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए लेकिन आज भी कोई करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रूपए का नुकसान होता है।

हर घर जल की केंद्र की योजना इस बात में तो सफल रही है कि गांव-गांव में हर घर तक पाईप बिछ गए, लेकिन आज भी इन पाईपों में आने वाला 75 प्रतिषत जल भूजल है। गौरतलब है कि ग्रामीण भारत की 85 फीसदी आबादी अपनी पानी की जरूरतों के लिए भूजल पर निर्भर है। एक तो भूजल का स्तर लगातार गहराई में जा रहा है, दूसरा भूजल एक ऐसा संसाधन है जो यदि दूषित हो जाए तो उसका निदान बहुत कठिन होता है। यह संसद में बताया गया है कि करीब 6.6 करोड़ लोग अत्यधिक फ्लोराइड वाले पानी के घातक नतीजों से जूझ रहे हैं, इन्हें दांत खराब होने, हाथ पैरे टेड़े होने जैसे रोग झेलने पड़ रहे हैं। जबकि करीब एक करोड़ लोग अत्यधिक आर्सेनिक वाले पानी के शिकार हैं। कई जगहों पर पानी में लोहे (आयरन) की ज्यादा मात्रा भी बड़ी परेशानी का सबब है।

नेशनल सैंपल सर्वे आफिस(एनएसएसओ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। सबसे दुखद है कि नदी-तालाब जैसे भूतल जल का 70 प्रतिशत बुरी तरह प्रदूशित है। यह सरकार स्वीकार रही है कि 78 फीसदी ग्रामीण और 59 प्रतिषत शहरी घरों तक स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हैं। यह भी विडंबना है कि अब तक हर एक को पानी पहुंचाने की परियोजनाओं पर 89,956 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, सरकार परियोजना के लाभों को प्राप्त करने में विफल रही है। आज लगभग 19,000 गांव ऐसे भी हैं जहां साफ पीने के पानी का कोई नियमित साधन नहीं है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। गंदा पानी पीने से दस्त और आंत्रशोथ, पेट में दर्द और ऐंठन, टाइफाइड, हैज़ा, हेपेटाइटिस जैसे रोग अनजाने में शरीर में घर बना लेते हैं।

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। देश के 639 में से 158 जिलों के कई हिस्सों में भूजल खारा हो चुका है और उनमें प्रदूषण का स्तर सरकारी सुरक्षा मानकों को पार कर गया है। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तकरीब 6.3 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। इसके कारण हैजा, मलेरिया, डेंगू, ट्रेकोमा जैसी बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण के मामले भी बढ़ रहे हैं। देश के पेय जल से जहर के प्रभाव को शुन्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए।

## सोशल फोरम


# मानव जीवन की बेहतरी का मूल्य

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला।

इतिहास में कोई भी घटित विच्छिन्न और स्वतंत्र इकाई नहीं होता। उसके पीछे क्रिया-प्रतिक्रिया की एक लंबी और प्रायः अगोचर श्रृंखला अंधेरे में अपना जाल बुनती रहती है। व्यक्तिगत की तरह सामूहिक जीवन भी अतियों के साथ दूर तक निभा नहीं पाता। लेकिन हर अति में एक त्वरा, एक चमक होती है जो आंखों में ऐसी धुंध भर देती है कि वे समय के पार देखने में अक्षम हो जाती हैं। ब्रिटेन में दीर्घकालीन गृहयुद्ध (1642-1651), जिस दौरान राजा चार्ल्स-प्रथम का सर काटा गया (30 जनवरी 1649), के बाद ही जनतंत्र अपनी जड़ें जमाने में सफल हुआ। किंतु राजतंत्र पर उसकी अंतिम विजय और पूर्ण प्रतिष्ठा महिमामय क्रांति (गौरवशाली क्रांति 1688) के बाद ही संभव हुई।

अमेरिका में अश्वेतों को ग़ुलामी से मुक्ति उत्तरी तथा दक्षिणी राज्यों के बीच एक लंबे, संहारक गृहयुद्ध (1861-65) के बाद ही मिल सकी, जिसके अंतिम दौर में मानवतावादी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को स्वयं की आहुति देनी पड़ी (14 अप्रैल 1865)। यूरोप प्रथम विश्वयुद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका से गुज़रने के बाद ही मुक्त आकाश में सांस ले सका।

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला। इतिहास में हर बेहतरी अपना मूल्य वसूलती रही है। उसके सामने भारत में वर्तमान की चपड़चूं कुछ नहीं है। विश्वास कीजिए, 4 जून को जो भी होगा, हमारी बेहतरी की ओर ही ले जाएगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**-फेसबुक वॉल से**

# जोश परिस्थितिजन्य होता है

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है।


गुरुवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस है। 198 साल हो गए। पहली नजर में मुझे लगता है कि हिंदी पत्रकार के मन में अपने कर्म के प्रति जोश कम है। पर यह मैं अपने नजरिए से सोचता हूं। गहराई से विचार करने पर यह भी समझ में आता है कि युवा पत्रकार के जोश में कमी नहीं है, उसके हालात में फर्क हैं। जोश परिस्थितिजन्य होता है। व्यावसायिक-दृष्टि से उसके सामने अस्थिरता और असुरक्षा है। उसे न तो बौद्धिक-संरक्षण प्राप्त है और न आर्थिक-सुरक्षा। समय और तकनीक के साथ चीजें बदल रहीं हैं। पर जिस वजह से पत्रकारिता का कर्म विकसित हुआ वे खत्म नहीं हुईं हैं। पाठक को जानकारी देने और विचार-विनिमय को बढ़ाने की जरूरत आज, पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। पत्रकारिता और लोकतंत्र का विकास, साथ-साथ हुआ है।

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है। सूचनाओं का भंडार भी काफी बड़ा हो गया है। एक दौर था जब सूचनाएं नहीं थीं। आज इतनी हैं कि वे शोर की शक्ल ले रही हैं। फिर भी अफवाहें हैं। इसका मतलब है कि पत्रकारिता अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में पूरी तरह कामयाब नहीं है। मैं उसे नाकामयाब भी नहीं कहूंगा, क्योंकि जो जानकारी और विचार उपलब्ध हैं वे इसी मीडिया से निकले हैं। आज शोर के बीच संयत और वस्तुनिष्ठ सूचना-विचार की जरूरत है। यह ज्यादा बड़ी चुनौती है। जीवन में चुनौतियां हमेशा बनी रहेंगी। हमें चुनौतियों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।



प्रमोद जौशी
वरिष्ठ पत्रकार

# बाबा साहब के धम्म दीक्षा गुरु चंद्रमणि



बौद्ध अनुयायी कुशीनगर के भिक्षु चंद्रमणि स्थविर को बाबा साहेब के धम्म दीक्षा गुरु के रूप में जानते हैं। 14 अक्टूबर 1956 को जब डॉ.आंबेडकर हिंदू धर्म को त्याग बुद्ध की शरण में गए तब के वयोवृद्ध बौद्ध भिक्षु चंद्रमणि से ही आंबेडकर धम्म दीक्षा ली थी, भिक्खू चंद्रमणि स्थविर का जन्म ज्येष्ठ माह की छठी को 25 मई 1876 को पौ पड़ ग्वाड़ गांव वर्मा में वैशाख पूर्णिमा के छठे दिन हुआ था। इसीलिए उनकी जयंती वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के छठे दिन मनाई जाती है। पिता ऊ चौमो माता अवाथ थीं। जिन्होंने अपने बालक का नाम सावाउं रखा था। चाचा भिक्खू चंदिमा के पास अध्ययन हेतु चले गए। उन्होंने 1888 में श्रामफेर की दीक्षा ली परम्परानुसार श्रामनेर चंदा रखा गया।

श्रीलंका के अनारगिक धम्मपाल अपने भिक्खू साथियों के साथ 1891 में भारत आए थे और ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों की यात्राएं कीं। पवित्र स्थलों की दुर्दशा देखकर बहुत दुखी हुए। अधिकतर बौद्ध स्थल ब्राह्मण पुरोहितों के कब्जे में थे। तब उन्होंने बौद्ध भिक्खुओं की कमी दूर करने को भारत के पवित्र बौद्ध स्थलों की दुर्दशा का मार्मिक उल्लेख करते हुए पड़ोसी बौद्ध देशों के भिक्खु संगठनों से अपने देश के युवा साहसी और कर्मठ भिक्खुओं को भारत भेजने का आह्वान किया। अनारगिक धम्मपाल की पुकार पर बर्मा के महान भिक्खू ऊ चंदिमा महास्थविर ने तीन श्रामनेर चंदा, सुरिय, और सदाऊ को अध्ययन और बौद्ध धम्म के पुनरोत्थान तथा प्रसार हेतु भारत भेजा। इस तरह सदाऊ भारत आए। श्रामनेर चंदा को जानकारी मिली कुशीनगर में 1876 में तथागत गौतम बुद्ध की निर्वाण की मुद्रा में एक विशाल प्रतिमा खोजी गई थी।

गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण वाली मुद्रा की प्रतिमा ब्राहमणों के चंगुल से न निकलते देख भिक्खू चन्द्रमणि अकेले ही इंग्लैंड के अधिकारियों से मिलने 1904 में सभी प्रमाणपत्र लेकर इंग्लैंड जा पहुंचे और संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर भगवान बुद्ध की प्राचीन प्रतिमा पर बौद्ध अनुयायियों के एक मात्र अधिकार को प्रमाणित कर उक्त प्रतिमा बौद्धों के अधिकार देने के पक्ष आदेश जारी कराकर वापिस लौटे। आज भी वह प्रतिमा कुशीनगर के विहार में लोगों के दर्शनार्थ सरंक्षित है। चंद्रमणि स्थविर ने जनता में बौद्ध धम्म के साथ शिक्षा के प्रचार व प्रसार में बहुत योगदान दिया उन्होंने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, मठाकुवर मंदिर, सीमा बुद्ध मंदिर, श्रावस्ती में वर्मी बुद्ध बिहार, लुम्बिनी में बुद्ध विहार, सारनाथ में वर्मी धर्मशाला अनेक बौद्ध स्थल के साथ, स्कूल व जनसुविधाओं के लिए निर्माण कराए आयुर्वेद चिकित्सा व ज्योतिष के जानकार लोगों को निशुल्क सेवा करते रहे।

इतना बड़ा इतिहास समेटे महास्थविर चंद्रमणि को अपने आपको चमकाने की इच्छा नहीं थी। बरेली में डेलापीर गुरुजी मार्बल वाली गली में एक बहुत बड़ा बुद्ध विहार का निर्माण हुआ है, जिसका नाम आपके ही नाम से चंद्रमणि बुद्ध विहार है। इनके नामकरण में इनसे ही जुड़ी एक कड़ी है बुद्ध विहार के पहले भंते व संस्थापक 1972 में दीपांकर जी थे, जो कि भंते ज्ञानेश्वर जी के सानिध्य में रहे ज्ञानेश्वर ने चंद्रमणि के साथ लोककल्याण व बौद्ध पथ में काम किया था। बरेली के चंद्रमणि बौद्ध विहार बहुत विशाल भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, जो कि भारत मे दूसरे नंबर बनने जा रही है। अभी चंद्रमणि बुद्ध विहार के अध्यक्ष जागन सिंह राकेश और उनके साथी जगनलाल भारती, डॉ.जीपी प्रेमी, ओमप्रकाश बौद्ध, मास्टर हरपाल, नेतराम सागर, दीनदयाल गौतम बुद्ध विहार के निर्माण में जुटे हैं।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

# पहाड़ों पर बढ़ रहा दबाव

पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह-तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है।

ज्यों ज्यों मैदानों में आसमान से आग बरसनी शुरू हुई है और तापमान बढ़ रहा है पर्यटकों की संख्या पर उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। समुचित व्यवस्था न होने और स्थान की कमी से दुश्वारियां भी बढ़ रही है, ट्रैफिक समस्या से तमाम व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी है। पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है। शायद इस विषय में लोग सोच ही नहीं रहे। ज्यादा पर्यटकों से पहाड़ों के होटल मालिक और व्यापारी तो गदगद है क्योंकि यही सीजन उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला होता है, लेकिन सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त होने से स्थानीय लोग परेशानी उठाने को मजबूर दिख रहे हैं। यह कहना गलत न होगा कि शायद पहाड़ इसके लिए तैयार नहीं है। मैदानी इलाकों के मुकाबले पहाड़ों का इको सिस्टम नाजुक होने की वजह से सालाना बढ़ती पर्यटकों की आमद के बहुत दुष्परिणाम वर्तमान में दिखने लगे हैं। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि निकट भविष्य में यह समस्या विकराल रूप लेने की ओर बढ़ रही है जिसका समाधान समय रहते निकालना बहुत जरूरी है।

वीकेंड पर पहुंचने वाले पर्यटकों से मुख्य सड़कों पर भयकर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। लंबे लंबे जाम से घंटो लाइन में पर्यटक फसे रहते हैं यह सिलसिला जारी है। इससे ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। यह भी एक गंभीर समस्या है जो लगातार बढ़ रही हैं। क्या समस्या का कोई हल समय रहते निकल सकेगा।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### आग लगने से मड़हा जला गाय भी झुलसी

इटियाथोक, अमृत विचार : बुधवार को अचानक लगी आग से छप्पर का मड़हा जल गया। मड़हे में बंधी गाय झुलस गई। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम सेखुई के प्रधान विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि गांव के राम कुमार वर्मा के मड़हे में आग लगने से छप्पर व लकड़ी व मशीन जल गई।आगजनी की चपेट में आकर एक गाय भी झुलस गई।घटना की सूचना थाने व लेखपाल को दी गई है। लेखपाल सूर्य नारायण मिश्रा ने आगजनी की जांच की है।

### मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

रुपईडीह, अमृत विचार : बच्चों के झगड़े को लेकर हुई मारपीट में कौड़िया के सहरिया कला गांव के रहने वाले जग प्रसाद, सुरेश यादव, अर्जुन यादव, बैजू व पप्पू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी गोपाल सिंह द्वारा की गई है।

### टीका लगाने को लेकर पैसा मांगने की शिकायत

इटियाथोक, अमृत विचार : गर्भवती महिला ने टीका लगाने के एवज में पैसे मांगने की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की है। ग्राम फरेंदा कानूनगो की सावित्री देवी ने सीएम हेल्पलाइन पर दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक में गर्भावस्था का अंतिम टीका लगवाने के लिए पर्ची लेकर दो बजे तक इंतजार किया।इसके बाद वहां मौजूद महिला चिकित्सक ने पाँच सौ रुपये टीके लगाने के लिए मांगे।सावित्री ने आरोप लगाया है कि पैसे न देने पर चिकित्सक ने मुझे भगा दिया।

# शौच गई नाबालिग से असलहे के बल पर दुष्कर्म

## पीड़िता के चाचा की ललकार पर खेत से भागा आरोपी

- आरोपी की साइकिल और मोबाइल बरामद
- प्रेम संबंध से मामला जुड़ा होने की आशंका

महोली/सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली इलाके के एक गांव में सोमवार दोपहर शौच करने जा रही एक नाबालिग के साथ असलहे के बल पर दुष्कर्म करने और घंटों कैद में रखने की घटना सामने आई है। नाबालिग के घर न पहुंचने पर उसके चाचा ने तलाश शुरू की। इस दौरान खेत में नाबालिग को जबरिया रोके आरोपी, चाचा के शोर मचाने पर अपनी साइकिल और मोबाइल फोन छोड़कर भाग गया। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर दी है। उधर आरोपी के पिता ने पीड़िता के परिजनों पर लड़के को गायब कर देने का आरोप लगाया है। वारदात के करीब 48 घंटे बाद भी पुलिस जांच-पड़ताल की बात कह रही है।

घटना सोमवार की दोपहर करीब 11.30 बजे की है। मंगलवार की दोपहर पीड़िता के पिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के मुताबिक करीब दस दिन पहले वह अपनी पत्नी सहित पिसावां थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी ससुराल चला गया था। घर पर उसकी बेटियां मौजूद थीं। सोमवार की दोपहर करीब 11.30 बजे उसकी तेरह वर्षीया बच्ची गांव के बाहर खेतों में अकेले शौच करने के लिए गई थी। तभी कचूरा गांव का विपिन चुपके से पीछे से अपनी साइकिल से आया और नाबालिग को जबरन दबोच ले गया। असलहे के बल पर वह नाबालिग को पड़ोस के गन्ने के खेत में ले गया और डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं दबंग विपिन ने कई घंटे तक नाबालिग को अपनी कैद में रखा। उधर घंटों बीत जाने के बावजूद जब पीड़िता घर नहीं पहुंची तो उसकी बड़ी बहन ने अपने चाचा को सूचना दी। भतीजी को ढूंढने के लिए चाचा खेतों की तरफ पहुंचे। उन्होंने देखा कि विपिन उनकी भतीजी को पकड़े हुए है। चाचा की ललकार पर विपिन अपनी साइकिल और मोबाइल फोन छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा। चाचा के साथ घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई। भाई की सूचना पर सोमवार की देर शाम पत्नी सहित गांव वापस लौटे पीड़िता के पिता ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### तो नाबालिग से है प्रेम-प्रसंग का मामला !

वारदात के सामने आने के बाद गांव में चर्चा है कि नाबालिग और विपिन के बीच बीते कई माह से चोरी-छिपे से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि नाबालिग के मां-बाप के घर पर न होने के चलते विपिन ने नाबालिग को मिलने बुलाया था। नाबालिग के घंटों बाद तक घर न पहुंचने पर उसकी बड़ी बहन ने अपने चाचा ने शिकायत कर दी। खेत की ओर पहुंचे चाचा ने उसे आपत्तिजनक हालत में देख लिया। इसी दौरान विपिन मौके से फरार हो गया। आरोपी बेटे को बचाने के लिए परिजन कोतवाली पहुंचे और विपिन के गायब हो जाने की सूचना दी। बताया जा रहा है कि पहले तो लड़की के परिजन लोक-लाज के भय से कोतवाली नहीं आए, लेकिन उन्होंने जब विपिन के घरवालों की चालाकी का एहसास हुआ तो वह मंगलवार को तहरीर लेकर थाने पहुंचे। इस प्रकरण में पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है।

> पीड़िता के परिजनों से अभी मेरी मुलाकात हुई नहीं है। ऑफिस में उनकी तहरीर आई होगी तो मैं दिखवाता हूं।
>
> -अरुण कुमार सिंह, सीओ महोली

### पीड़ित पक्ष पर लड़के को गायब करने का आरोप

वारदात के बाद आरोपी विपिन कार्रवाई के भय से मौके से फरार हो गया। लेकिन आरोपी पक्ष के परिजनों का दावा है कि लड़की पक्ष के लोगों ने उनके लड़के विपिन को रहस्यमय परिस्थितियों में गायब कर दिया है। उन्हें बेटे को लेकर विपक्षियों पर अनहोनी की आशंका है। आरोपी के परिजनों ने कोतवाली में विपिन के गायब होने की सूचना दी है।

## किशोरी को भगाने में तीन पर केस दर्ज

बभनजोत, अमृत विचार : खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि उसकी 17 वर्षीया बेटी को बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर 3 मई को दोपहर में थाना क्षेत्र के रहने वाले विक्की अपने माता पिता के सहयोग से लड़की को गांव के बाहर बुलाकर अपने साथ भगाकर चले गए। पीड़ित को जानकारी होने पर विक्की के घर गया जहां पर मौजूद उनके पिता वाशु व माता गीता ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर घर दरवाजे से भगा दिया। पीड़ित लोकलाज के डर से सूचना देने में देरी किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# हमें अपने चरित्र को उत्तम व आचरण को सही करना होगा: फुरकान

सीतापुर, अमृत विचार। खैराबाद में दरगाह हाफिजिया अस्लमिया में चल रहे पांच दिवसीय 179वें उर्स के दूसरे दिन प्रातःकाल कुरआन ख्वानी हुई तथा तीन बजे से महफिले समा प्रारम्भ हुई। शाम सात बजे हाफिज हजरत मोहम्मद अली शाह का कुल हुआ।

कुल शरीफ के दौरान समय उपस्थित सज्जादगान में दरगाह शाह विलायत हजरत बड़े मखदूम साहब के नजमुल हसन शोएब मियां, हजरत छोटे मखदूम साहब के सैय्यद अजीजुल हसन रिजवी मदनी मियां, हजरत सैय्यद मजा शाह कलंदर लहरपुर के सैय्यद गयास मियां, सैय्यद जिया अल्वी, हजरत हाफिज मुन्ना शाह के एजाज हसन एडवोकेट, दरगाह समदिया फफूंद शरीफ के मौलाना सैय्यद अजहर मियां चिश्ती, सैय्यद लईक अहमद किरमानी आदि मौजूद रहे।

रात में हाफिज मोहम्मद सैय्यद मोहम्मद हसन मियां अलैहिर्रहमा उर्फ मजजूब मियां का संदल चढ़ाया गया तथा तीसरे दिन हाफिजी मस्जिद में एक जलसे का आयोजन सज्जादानशीन हाजी सैय्यद फुरकान मियां हाशमी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने नात शरीफ व तिलावत कुरआन पाक किया। इसके बाद सज्जादानशीन ने मदरसे में पढ़ कर हाफिज का कोर्स पूर्ण करने वाले दो छात्रों हाफिज व कारी मिस्बाहुल हसन चिश्ती तथा हाफिज मोहम्मद समीर को हाफिज कुरआन की उपाधि से सम्मानित करते हुए पगड़ी बांधी। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने बुजुर्गों की शिक्षा पर पूरी तरह अमल करना चाहिए। नमाज की पाबन्दी आवश्यक रूप से करनी होगी। अपने चरित्र को और अपने आचरण को सही करना होगा। इस मौके पर दरगाह के मतवल्ली सैय्यद नवेद असलम हाशमी, हैदराबाद से खुर्शीद अहमद ,सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद फरहान मियां, सैय्यद फरमान मियां चिश्ती, मौलाना सैय्यद गुलाम हाफिज मियां,कारी इसलाम अहमद आरफी, लहरपुर बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता पत्रकार जेड आर रहमानी आदि मौजूद थे।

# तिरंगे की तरह सदा झुमूं, मैं हिन्दुस्तान हो जाऊं

- हनुमान मंदिर परिसर में जवाबी कीर्तन आयोजित

संवाददाता, बिसवां, सीतापुर

अमृत विचार। बुढ़वा मंगल पर हनुमान मंदिर परिसर में जोरदार जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें कानपुर की रिंकी तिवारी व इटावा के बाबा विकल के बीच जोरदार जवाबी कीर्तन का महामुकाबला हुआ। श्रद्धालु भक्त कटपीसों, सवाल जवाब एवं भक्तिमय गीतों को सुनकर भाव विभोर हो गए। इससे पूर्व हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं आरती कर विधायक निर्मल वर्मा, किसान संघ जिला उपाध्यक्ष मनीष द्विवेदी, वीरेश मिश्रा, पवन मिश्रा, अमूल्य रंजन मिश्रा, अनुज वर्मा ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया।


जवाबी कीर्तन के दौरान रिंकी तिवारी व बाबा विकल के साथ विधायक निर्मल वर्मा।

रिंकी तिवारी एवं बाबा विकल ने वाणी वंदना प्रस्तुत करने के उपरांत कीर्तन को ऊंचाइयां प्रदान की। वहीं भोर तक सवालों जवाबों की जबरदस्त टक्कर चलती रही। रिंकी तिवारी के देशभक्ति गीत मैं आजाद था, आजाद हूँ आजाद रहूंगा। मैं आजाद हूँ, आजाद रहूंगा तथा बाबा बिकल के कभी रामायण, कभी गीता व कभी भजन हो जाऊं। तिरंगे की तरह सदा झुमूं, मैं हिन्दुस्तान हो जाऊं, को श्रोताओं ने बहुत सराहा। अंत में मुकाबला बराबरी पर छूटा। हनुमान मंदिर परिसर को लाइट की झालरों से सजाया गया। पंडाल दूधिया रोशनी से लेकर कई प्रकार के रंगीन झालरों से सराबोर होकर झिलमिलाते हुए छटा बिखेरता रहा।

अतिथियों का स्वागत आयोजक वीरेश मिश्रा, पवन मिश्रा, अमूल्य रंजन मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा, सुशील मिश्रा, प्रतीक मिश्रा आदि ने सम्मानित किया। वहीं रिंकी तिवारी और बाबा विकल के बीच चले जवाबी कीर्तन के मुकाबले का आनंद रात भर श्रोताओं ने लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से हितेश कौल, गजेन्द्र शुक्ला, अश्वनी त्रिपाठी, अतुल वर्मा, राम नारायण मिश्रा, सनी गुप्ता, इसरार सहित बड़ी संख्या में कीर्तन प्रेमी मौजूद रहे।

# सड़क पर बह रहा नाली का पानी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद की जल निकासी व्यवस्था चौपट है। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। आने जाने वाले लोगों को समस्या हो रही है। मोहल्ला वासी से बार-बार नगर पालिका के कर्मचारियों को समस्या से अवगत करा रहे हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन संचारी रोग जागरूक कर रहा है। कहा जा रहा है कि अपने आसपास जमीन पर पानी को जमा ना होने दे। यदि इकट्ठा होगा तो उस बीमारी फैलने की आशंका बढ़ेगी। लेकिन नगर पालिका परिषद गोंडा के लापरवाही के चलते हजारों की आबादी जल जनित रोग के चपेट में कभी भी आ सकती है। पखवाड़े भर से नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। इस पानी के बीच होकर महिलाएं बच्चे आ जा रहे हैं। लेकिन नगरपालिका के कर्मचारी को इन आदेशों का बहुत मायने नहीं है।

स्टेशन रोड स्थित लोहिया धर्मशाला के सामने डॉक्टर ओझा की गली पर मुख्य मार्ग पर ही सड़क पर नाली का पानी बह रहा है। यहां पर रहने वाले लोगों ने समस्या से प्रशासन को अवगत कराया। लेकिन कोई ठोस निदान समस्या का नहीं हो पाया है। मोहल्ले के रहने वाले श्याम ने बताया कि काफी दिनों से सड़क पर पानी बह रहा है। नालियां ओवरफ्लो हो चुके हैं। कई बार नगरपालिका को सूचित किया गया। लेकिन कोई ध्यान ही नहीं दे रहा है। कर्मचारी आकर देख कर चले जा रहे हैं।

# मतगणना स्थल पर मोबाइल ले जाने पर होगा प्रतिबंध

## लगाई गई 1450 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी, पीएसी व सीएपीएफ के जवानों की भी रहेगी तैनाती, एसपी ने परखी सुरक्षा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: लोस चुनाव के बाद चार जून को होने वाली मतगणना के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के लिए 1450 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त पीएसी व सीएपीएफ के जवानों के साथ तीन क्यूआरटी टीमें भी मतगणना स्थल पर तैनात रहेंगी। मतगणना स्थल पर प्रत्याशी, उनके अभिकर्ता या ड्यूटी पर लगे कर्मचारी मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। मंगलवार देर रात एसपी ने मतगणना स्थल के ड्यूटी पॉइंट का निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।


मतगणना स्थल का निरीक्षण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

एसपी ने मंगलवार को एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, एसएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय व चुनाव सेल के कर्मचारियों के साथ बैठक की। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व बैरिकेडिंग में लगे कर्मचारी को चेक कर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को परखा गया। स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गयी। मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था त्रिस्तरीय लेयर में होगी। जिसमें गल्ला मण्डी मतगणना स्थल के 150 मीटर परिधि के बाहर तक किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में केवल पास धारक प्रत्याशी अथवा अन्य व्यक्तियों जिसमें मतगणना कर्मचारी, मतगणना एजेंट को जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत पास चेक करने के उपरान्त ही उनको प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। जिसमें सुरक्षा को लेकर सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेंगी। मतगणना स्थल पर पान, मसाला, सिगरेट, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व ज्वलनशील पदार्थ ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित है। लोकसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किसी भी प्रकार काजुलूस, रैली नहीं निकाली जाएगी।

मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 5 प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, 25 निरीक्षक, 164 उप निरीक्षक, 07 महिला उप निरीक्षक सहित करीब 1250 पुरुष एव महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त संख्या के पीएसी व सीएपीएफ के जवानों की भी तैनाती की जायेगी । मतगणना को लेकर 3 क्यूआरटी का गठन किया गया है जो दंगा नियन्त्रण उपकरणों से सुसज्जित होंगी । एक क्यूआरटी मतगणना स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर, द्वितीय क्यूआरटी को बडगांव चौराहे तथा तृतीय क्यूआरटी को मिश्रौलिया चौराहे पर लगाई जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय इनर कोर्डन के प्रभारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत सम्पूर्ण मतगणना/आउटर कोर्डन के प्रभारी होंगे।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा फायर सर्विस की गाड़ी का व्यवस्थापन सुनिश्चित कर लिया गया है तथा मानक के अनुसार ड्यूटी लगायी जायेगी। ड्यूटी में तैनात कर्मचारी ज्वलनशील वस्तुओं व तेल गैस या शार्ट सर्किट से लगने वाली आग पर नियत्रंण स्थापित करने वाले समस्त प्रकार के उपकरणों से सुसज्जित होंगे।

# हरी खाद की खेती बढ़ाएगी पैदावार

संवाददाता, मनकापुर

अमृत विचार: मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता बढ़ाने में हरी खाद का प्रयोग अति प्राचीन काल से आ रहा है। सघन कृषि पद्धति के विकास तथा नकदी फसलों का क्षेत्रफल बढ़ने के कारण हरी खाद के प्रयोग में कमी आई, लेकिन बढ़ते ऊर्जा संकट, उर्वरकों के मूल्यों में वृद्धि तथा गोबर की खाद जैसे अन्य कार्बनिक स्त्रोतों की सीमित आपूर्ति से वर्तमान में हरी खाद का महत्व और भी बढ़ गया है। उक्त जानकारी डॉ. मिथिलेश कुमार पांडेय वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने दी उन्होंने बताया कि दलहनी एवं गैर दलहनी फसलों को उनके वानस्पतिक वृद्धि काल में


हरी खाद की खेती दिखाते कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर मिथिलेश पांडे। अमृत विचार

उपयुक्त समय पर जुताई करके मिट्टी में अपघटन के लिए दबाना ही हरी खाद देना है।

डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने बताया कि भारतीय कृषि में दलहनी फसलों का महत्व रहा है। आश्रित पौधे के उपयोग के बाद जो नाइट्रोजन मिट्टी में शेष रह जाती है उसे आगामी फसल द्वारा उपयोग कर लिया जाता है। दलहनी फसलें भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने, प्रोटीन की प्रचुर मात्रा के कारण पोषकीय चारा उपलब्ध कराने तथा मृदा क्षरण के अवरोधक के रूप में विशेष स्थान रखती है। डॉ.पीके मिश्रा ने बताया कि दलहनी फसलों की जड़ें गहरी तथा मजबूत होने के कारण कम उपजाऊ भूमि में भी अच्छी उगती है। भूमि को पत्तियों एवं तनों से ढक लेने के कारण मृदा क्षरण कम होता है। दलहनी फसलों से मिट्टी के भौतिक एवं रासायनिक गुणों में सुधार होता है। हरी खाद की खेती के लिए ऐसी फसल का चुनाव करें जो शीघ्र वृद्धि करने वाली हो तथा तना, शाखाएं और पत्तियॉ कोमल एवं अधिक हों ताकि मिट्टी में शीघ्र अपघटित होकर अधिक से अधिक जीवांश तथा नाइट्रोजन मिल सके। दलहनी फसलों की जड़ों में उपस्थित सहजीवी जीवाणु ग्रंथियां वातावरण में मुक्त नाइट्रोजन को योगिकीकरण द्वारा पौधों को उपलब्ध कराती हैं।फसल सूखा अवरोधी के साथ जल मग्नता को भी सहन करती हो। रोग एवं कीट कम लगते हों तथा बीज उत्पादन क्षमता अधिक हो। हरी खाद के साथ-2 फसलों को अन्य उपयोग में भी लाया जा सके। हरी खाद के लिए दलहनी फसलों में सनई, ढैंचा, उर्द, मूँग, अरहर, चना, मसूर, मटर, लोबिया, मोठ, खेसारी तथा कुल्थी मुख्य है। डा. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक ने बताया कि सनई एवं ढैंचा की फसल को मत्स्य तालाबों के बंधों पर लगाकर बीज उत्पादन किया जा सकता है।

## स्ट्रीट लाइट का गिरा पोल, सही कराने की मांग

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: स्ट्रीट लाइट का खंभा टूट कर जमीन पर गिर गया है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उसको सही करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं ।जिससे मोहल्ले वासियों में काफी आक्रोश है। स्टेशन रोड स्थित घोसियाना बड़गांव की दोनों पटरी पर विधायक निधि से स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। घोसियाना के समीप स्ट्रीट लाइट का एक पोल जमीन पर गिर गया है। लाइट तो किसी तरीके से जल रही है। स्थानीय लोगों में उमेश, रमेश, सरस, महेंद्र ,उमेंद्र, मूलचंद, राघव आदि ने स्ट्रीट लाइट को सही करने की मांग की है।

# गैरहाजिर कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई रोकने को सौंपा ज्ञापन

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: लोस चुनाव के दौरान ड्यूटी से गैरहाजिर कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को रोकने के लिए शिक्षक संगठनों ने डीएम से गुहार लगाई है। बुधवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंप एफआईआर दर्ज कराए जाने के आदेश को वापस लेने की मांग की।

चुनाव में 20 मई को जिलेभर के करीब 16 हजार कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी थी। इनमें से कई बिना किसी सूचना अनुपस्थित रहे थे। पोलिंग पार्टियों की रवानगी वाले दिन प्रशासन को गैरहाजिर कर्मचारियों के स्थान पर दूसरे कर्मियों की ड्यूटी लगानी पड़ी थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए चुनाव में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों की सूची तलब की थी। डीएम की पड़ताल में विभिन्न विभागों के 234 कर्मचारी ड्यूटी से गैरहाजिर पाए गए थे। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के 79 शिक्षक व 60 शिक्षामित्र, पंचायती राज विभाग के 11 ग्राम रोजगार सेवक और 20 सफाई कर्मचारी व आठ आंगनबाड़ी कार्यकत्री, वरिष्ठ सहायक फार्मासिस्ट, शाखा प्रबंधक, पशुधन प्रसार अधिकारी, कनिष्ठ लिपिक, पंचायत सहायक समेत 29 विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। बुधवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने डीएम के प्रशासनिक अधिकारी विक्रमा प्रसाद वर्मा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंप कार्रवाई रोकने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ की जिलाध्यक्ष किरन सिंह, मंडल अध्यक्ष परवेज अकरम, जिला महामंत्री सुधाकर मिश्र, जिला संयुक्त मंत्री उमेश कुमार श्रीवास्तव, कवींद्र मिश्र उपस्थित रहे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने भी सौंपा ज्ञापन

इसी मामले को लेकर विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी ने भी जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष हकीकुल्लाह, जिला मंत्री सतीश पांडेय व सोशल मीडिया प्रभारी राम प्रकाश मिश्रा शामिल रहे।

**गर्मी के तेवर** — नौतपा के पांचवें दिन भी रिकॉर्ड तोड़ स्तर पर रही गर्मी, उमस ने किया बेहाल, बिजली ने भी रुलाया

# 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, आसमान से बरसी आग

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: नौतपा के पांचवें दिन गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ स्तर पर पहुंच गयी। बुधवार को पारा 43 डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे दिन आसमान से आग बरसती रही और लोग इस भीषण गर्मी से बेहाल दिखे। गर्मी के साथ उमस ने भी लोगों को बेहद परेशान किया।इस भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति भी गड़बड़ हो गई है। कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया है। लो वोल्टेज की सप्लाई होने से विद्युत के घरेलू उपकरण नहीं चल रहे हैं।

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच किसी तरीके से अपना काम निपटा रहे हैं। लगातार पड़ रही गर्मी लोगों को रुलाने लगी है। गर्मी व तेज हवा चलने से लोग घर से बाहर निकलने में कतरने लगे हैं। सुबह आठ बजते ही सड़कों पर चलना दूभर हो जा रहा है। धूप इतनी तेज है कि जैसे आसमान से आग बरस रही है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग छतरी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गर्मी का आलम यह है कि भले ही तापमान 45 सेल्सियस हो लेकिन आभास 47 सेल्सियस का हो रहा है। कामकाजी लोगों का धूप में निकलना विवशता है। दिनभर वातावरण में धुंध छायी रही। जिससे उमस और बढ़ गई। फील्ड में कार्य करने वाले लोग तीखे धूप के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। गर्मी का आलम यह है कि घर से निकलने वाले लोग चेहरा सहित पूरा शरीर ढंककर चल रहे हैं। तेज धूप और गर्मी बढ़ गई है। लिहाजा लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। वहीं लू के थपेड़े लोगों को झुलासने का कार्य कर रहे है। गर्मी के चलते तालाब ,पोखरा में पानी सूख गया है। मवेशी पानी के लिए तरस रहे हैं। मौसम विभाग से जुड़े लोगों की माने तो आने वाले दिन गर्मी और परेशान करेगी।


गर्मी के बीच खुद को ढंककर सड़क से गुजरतीं युवतियां। अमृत विचार

### गर्मी से बढ़ीं बीमारियां, अस्पताल के बेड फुल

गर्मी के चलते सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।कई ऐसे लोग हैं जिनको डायरिया ,बुखार, पेट दर्द,आदि की समस्या हो रही है। अस्पताल में डायरिया, बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। फिलहाल तेज हवा सभी को परेशान कर रही है। जिला अस्पताल के सभी वार्ड मरीजों से भरे हैं।

## बिना काम भुगतान करने का आरोप

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत बेलवा बाजार निवासी प्रताप नारायण दुबे ने बगैर विकास कार्य कराये ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव पर 40 लाख रुपए भुगतान किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मिलकर मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराये जाने की मांग की है।

## सोख्ता निर्माण: मानकों की हो रही अनदेखी

गोंडा, अमृत विचार। सरकारी हैंडपंपों के पास सोख्ता बनवाने की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई है। । विखं रूपईडीह के 106 ग्राम पंचायतों में सोख्ता गढ्डों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायतों में मानक को दरकिनार कर ठेका पट्टी द्वारा इन सोख्ता गढ्डों का निर्माण कराया गया। ऐसे में फर्जीवाड़े की आशंका प्रबल हो गयी है। इस सम्बन्ध में एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए सोख्ता गढ्डों का निर्माण किया जाए, लेकिन मानक विहीन व मानक जगहों पर निमार्ण न होने पर जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

## समर कैंप को लेकर भड़के शिक्षक, करेंगे विरोध

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राज्य परियोजना निदेशक बेसिक शिक्षा द्वारा पांच से 11 जून तक प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसे लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। शिक्षकों ने कहा कि गर्मी अपने चरम पर है, लू चल रही है। यदि समर कैंप लगता है तो छात्रों को भी खतरा हो सकता है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि यह एक अव्यावहारिक आदेश है। अधिकारियों को जहां कैंप लग रहे हैं, वहां जाकर देखना चाहिए। किन परिस्थितियों में छात्र-छात्राओं को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है।

# 87 आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज बंटेगा पुष्टाहार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र के 87 आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को अभियान के तहत पुष्टाहार वितरित किया जाएगा। वितरण में पारदर्शिता के लिए विभाग के 10 बाल विकास परियोजना अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों में खाद्यान्न का वितरण सुबह 9 से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। खाद्यान्न मार्च, अप्रैल और मई माह का एक साथ दिया जाएगा। केंद्रों पर छह माह से तीन साल के बच्चों को एक-एक किग्रा दलिया, चावल, चना और .455 किग्रा खाद्य तेल प्रतिमाह के हिसाब से दिया जाएगा। तीन से छह साल के बच्चों को आधा-आधा किलो दलिया, चावल, चना बांटा जाएगा। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, स्कूल बाहर किशोरियों डेढ़ किलो दलिया, एक-एक चावल व चना, .455 किग्रा तेल और छह माह से छह वर्ष तक के अतिकुपोषित बच्चों को डेढ़-डेढ़ किलो दलिया व चावल, दो किलो चना दाल और .455 किग्रा तेल प्रतिमाह की दर से दिया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी एके त्रिपाठी ने बताया कि वितरण में पारदर्शिता के लिए दस बाल विकास परियोजना अधिकारियों मुख्य सेविका को लगाया गया है।

# रात में पहरा देते रहे सीएमएस, दिन में सहमे दिखे चिकित्सक

## जिला अस्पताल में चिकित्सकों से शपथ पत्र भराए जाने के कुछ ही घंटे बाद सीएमएस ने जानी हकीकत

अयोध्या कार्यालय

▶▶ निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी ओपीडी से बाहर की दवाएं लिखने वालों पर रही नजर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में चिकित्सकों से शपथ पत्र भराए जाने के कुछ ही घंटे बाद रात में सीएमएस रिएलटी चेक करने के लिए इमरजेंसी ओपीडी में पहुंच गए। वह देर रात तक बैठे रहे। इस दौरान उन्होंने कुछ वार्डों का निरीक्षण भी किया, लेकिन उनकी पूरी निगाह इमरजेंसी ओपीडी से बाहर की दवाएं लिखने वालों पर थीं। हालांकि पूरी रात बीत गई और एक भी दवा बाहर की नहीं लिखी गई। दूसरे दिन बुधवार को ओपीडी शुरू हुई तो इसका असर और चिकित्सकों पर भी दिखा। आलम यह रहा कि सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक एक भी चिकित्सक द्वारा बाहर की दवा लिखे जाने का मामला प्रकाश में नहीं आया।

दरअसल जिला अस्पताल से लगातार बाहर की दवाएं व जांच कराने का मामला सामने आ रहा था। हाल ही में प्रभारी सीएमएस के रूप में पदभार ग्रहण करने वाले डॉ.उत्तम कुमार के लिए इसे रोकना काफी चुनौतीपूर्ण होने लगा था। लगातार उन्हें मीडिया के जरिए बाहर की दवाएं व जांच को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। इसे लेकर उन्होंने मंगलवार को ईएमओ समेत सभी चिकित्सकों से शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। इसकी तस्दीक करने के लिए सीएमएस रात साढ़े 10 बजे के करीब जिला अस्पताल पहुंच गए। सूत्रों की मानें तो वह रात एक बजे तक इमरजेंसी की ओपीडी में बैठे रहे। वह ओपीडी में आने वाले हर एक मरीज की स्टाफ से बातचीत पर निगाह बनाए हुए थे।

### ओपीडी के समय दवा की दुकानों पर रहा सन्नाटा

रात में सीएमएस के इमरजेंसी ओपीडी में रहने की बात जानने के बाद बुधवार को ओपीडी में पहुंचे चिकित्सक सहमे दिखे। दोपहर दो बजे तक कोई भी मरीज बाहर से दवा लेने जाता नहीं दिखाई पड़ा। आलम यह रहा कि अस्पताल के सामने स्थित मेडिकल स्टोरों पर भी सन्नाटा पसरा नजर आया।

### हस्ताक्षर के बाद बाहर की दवाओं की पर्चियां हुईं थीं वायरल


शपथ पत्र पर चिकित्सकों के हस्ताक्षर के बाद दो चिकित्सकों की पर्चियां वायरल हुई थीं। जेबा और लीला नाम की मरीज को बाहर की दवाएं लिखी गईं थीं। दोनों ही मरीजों के पर्चे पर पूर्व सीएमएस डॉ. बृज कुमार की मुहर लगी हुई थी।

> चिकित्सालय में सरकार ने सारी व्यवस्थाएं दे रखी हैं। उसी के तहत कार्य कराना है। रात में इमरजेंसी ओपीडी में बैठा था। वार्डों का भी निरीक्षण किया। इक्का-दुक्का कमियां मिली थीं। उन्हें सुधारने का निर्देश दिया गया है। बाहर की दवा व जांच बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
>
> -डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस जिला चिकित्सालय

# 10 घंटे से अधिक अंधेरे में रहे 80 हजार लोग

## 42 डिग्री के तापमान में क्षतिग्रस्त हुई 33 हजार केवीए लाइन, 8 घंटे तक ढूंढे नहीं मिला फाल्ट | चौक उपकेंद्र से जुड़े 22 इलाकों में मचा हाहाकार, बिजली पानी को तरसे लोग, उपकेंद्र पर सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस

अयोध्या कार्यालय



नगर के तेलीटोला में फैला जर्जर तारों का जंजाल। अमृत विचार



सोहावल विद्युत उपकेंद्र के फीडर भी हो रहे प्रभावित। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने बिजली आपूर्ति के इंतजामों की पोल खोल दी है। 48 घंटे के दौरान 10 घंटे की अघोषित कटौती, ट्रिपिंग और 33 हजार केवीए लाइन के क्षतिग्रस्त होने से 80 हजार से अधिक लोग अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। पेयजल संकट के साथ-साथ तमाम परेशानियां झेलनी पड़ीं। कटौती के दौरान सभी उपकेंद्रों के नंबर व्यस्त होने और अधिकारियों के मोबाइल नंबर कवरेज क्षेत्र से बाहर होने के कारण लोग किसी से संपर्क कर ये भी नहीं जान पाए कि बिजली कब आएगी। जिसके चलते उपभोक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए चौक और नियावां आदि उपकेन्द्रों पर पुलिस का पहरा बिठाना पड़ा।

कैंट अंजनीपुरम विद्युत उपकेंद्र के अधीन देवकाली और अंजनीपुरम इलाके के लोगों ने मंगलवार को दोपहर तीन बजे से पांच घंटे बिजली कटौती झेली। चौक क्षेत्र की 80 हजार से अधिक आबादी शाम सात बजे से रात दो बजे तक आठ घंटे से ज्यादा अंधेरे में भीषण गर्मी में बिलबिलाने को मजबूर हुई। दर्शननगर उपकेन्द्र से आई 33 हजार केवीए लाइन दो स्थानों पर खराब हो गई। जानकारी के बाद जब पेट्रोलिंग शुरू की गई तो रात 11 बजे तक फाल्ट की लोकेशन ही नहीं मिली। फाल्ट लोकेटर मशीन लाई गई, लेकिन उसे भी एक घंटे से ऊपर लगा, तब जाकर फॉल्ट मिला। चौक उपकेन्द्र तक आई 33 हजार केवीए लाइन इस सीजन में चौथी बार फाल्ट आया है। इसके बाद भी पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जा सकी है। चौक क्षेत्र, अकब बजाजा, हैदरगंज, राठहवेली, खुर्द महल, शक्तिनगर, अंगूरीबाग, आवास विकास, मुकेरीटोला, धारा रोड, अफीम कोठी, कश्मीरी मोहल्ला समेत रीडगंज, चौक लायट गेट आदि इलाकों में मंगलवार रात बिजली आपूर्ति ठप रही।

अंगूरीबाग के निवासी अशोक कुमार, रियाज अंसारी, महताब आलम ने बताया कि फोन न मिलने पर वह रात 11 बजे चौक उपकेन्द्र शिकायत दर्ज कराने गए तो वहां तैनात पुलिस ने लौटा दिया। राठहवेली के मंजर आलम, शफीक अहमद ने कहा कि हर दूसरे तीसरे दिन अंडरग्राउंड 33 हजार केवीए लाइन में फाल्ट हो रहा है। कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, चौक विघुत उपकेंद्र को अपग्रेड किए जाने की आवश्यकता है। इस उपकेन्द्र से शहर का एक तिहाई हिस्सा जुड़ा है और अत्याधिक ओवरलोड में चल रहा है। बताया कि अधिकारियों के संज्ञान में है। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### अंजनीपुरम कॉलोनी में रात भर कटौती, बेहाल रहे लोग

कैंट अंजनीपुरम विद्युत उपकेंद्र के अधीन अंजनीपुरम कॉलोनी, देवकाली इलाके में भी अघोषित कटौती की मार लोगों को झेलनी पड़ी। बताया गया कि यहां भी लोकल फाल्ट के कारण रात दो बजे तक आपूर्ति ठप रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोज आठ से 10 घंटे की कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी में बिजली न आने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां मंगलवार शाम को भी फाल्ट आने से देवकाली क्षेत्र में शाम सात बजे तक आपूर्ति ठप रही। इसके बाद रात में 10 बजे के बाद फिर चली गई।

### ये इलाके भी रहे कटौती से प्रभावित

नगर क्षेत्र के अतिरिक्त मक्खापुर, हैबतपुर, दर्शननगर आसिफ बाग चौराहे के आसपास बुधवार सुबह से ही बिजली गुल रही। स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को पेयजल संकट भी झेलना पड़ा। बताया गया कि दोपहर बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हुई तो उसके बाद ट्रिपिंग में दो घंटे कटौती हुई।

> मंगलवार रात 33 हजार केवीए लाइन में फाल्ट आने के कारण आपूर्ति बाधित हुई। रात 12 बजे बहाल कर दी गई थी। वर्तमान में ओवरलोड होने के कारण ट्रिपिंग की समस्या अधिक आ रही है। इसके बावजूद भी सुचारू आपूर्ति का प्रयास किया जा रहा है।
>
> -प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खंड प्रथम

### उपभोक्ताओं को भारी पड़ रही 5 घंटे की कटौती

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र सोहावल से जुड़े फीडरों में चल रही पांच घंटे की अघोषित कटौती उपभोक्ताओं को भारी पड़ रही है। दोपहर में जब तापमान चरम पर होता है तब तीन घंटे की कटौती होती है। इससे बच्चों, बुजुर्ग व मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपमंडलीय अभियंता मनोज कुमार यादव ने बताया मांग और आपूर्ति में अंतर आने के बाद विद्युत आपूर्ति की कटौती करनी पड़ती है। कभी-कभी ओवरलोड होने के कारण ऑटोमेटिक आपूर्ति प्रणाली स्वत: ट्रिप करके आपूर्ति ठप कर देती है। उपभोक्ताओं को चाहिए घरों में जितनी आवश्यकता हो उतने ही उपकरण चलाएं।

# 43 डिग्री पहुंचा पारा



नवीन मंडी रोड पर कड़ी धूप व धूल के गुबार के बीच मुंह बांध कर जाती युवती। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नौतपा के नौ दिन अभी पूरे भी नहीं हुए हैं और दिन-ब-दिन पारा बढ़ता जा रहा है। जिले का बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को छक्के छुड़ा दिए। न्यूनतम पारे के ऊपर जाते ही अब तो रात में भी गर्मी बढ़ गई है। कुल मिलाकर दिन का चैन और रात की नींद दोनों ही उड़ गई हैं।

हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी होने का असर अब दिखने लगा है। सड़कों पर बुधवार को सिर्फ वही नजर आए, जिन्हें जरूरी काम था। चौक, देवकाली और नाका बाजार में खरीदारी करने वाले नहीं निकले। दोपहर में सन्नाटा छाया रहा। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि न्यूनतम तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। अभी मौसम में कोई परिवर्तन की संभावना नहीं है।

▶▶ बढ़ रहा न्यूनतम तापमान, रात में भी होने लगी गर्मी

### कार का इंजन ओवरहीट



कार की एसी के कंप्रेशर की मरम्मत करता मैकेनिक।

**अमृत विचार:** तापमान 43 डिग्री पर पहुंचते ही वाहन भी जवाब देने लगे हैं। खराब होने वाले वाहनों में एक से लेकर 10 हजार रुपये तक का खर्च आ रहा है। वर्कशॉप संचालक सूफियान ने बताया कि वाहनों के कूलेंट में सबसे अधिक परेशानी आ रही है। कार के इंजन के ओवरहीट होने पर कूलेंट पर असर देखने को मिल रहा है। क्योंकि गर्मी में इंजन का तापमान और अधिक बढ़ जाता है।

# हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

अयोध्या कार्यालय

▶▶ कुल्हाड़ी से काटकर की थी हत्या 11 हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** कुल्हाड़ी से काटकर युवक की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 11 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की आधी धनराशि वादी को बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय रवि कुमार गुप्ता की अदालत से बुधवार को हुआ।

एडीजीसी कौशल कुमार चतुर्वेदी, श्रीधर मिश्र, रंजीत मिश्रा अधिवक्ता सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2018 की है। कुमारगंज थाना क्षेत्र के तुरसमपुर गांव निवासी जयकुमार तिवारी गांव के ही ज्ञानेंद्र के साथ हलियापुर गए थे। फोन करने पर उनका फोन भी बंद मिला। रात एक बजे उसके बरामदे में आवाज हुई। उनके पुत्र विकास तिवारी ने निकल कर देखा तो ज्ञानेंद्र सिंह खून से लथपथ एक बोरा उसके बरामदे में साइकिल से गिरा कर जा रहा था। विकास ने उसे रोकना चाहा तो उसने उसे भी जान से मारने की धमकी दी। विकास ने ज्ञानेंद्र सिंह और उसके बहनोई शैलेंद्र के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी ज्ञानेंद्र सिंह के घर से बरामद की गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने ज्ञानेंद्र को दोषी पाते हुए सजा दी, जबकि शैलेंद्र को साक्षी के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

### ऊर्जा की बर्बादी



तस्वीर अयोध्या के सिविल लाइंस स्थित टीवी टॉवर के निकट की है। बुधवार को दिन में हाईमास्क जलता मिला। एसडीओ को कॉल की गई तो उन्होंने पीडब्लूडी की जिम्मेदारी बताई। फिलहाल बिजली संकट के बीच सड़क पर हाईमास्क की जलती बिजली सच बयां कर रहीं हैं। यह फोटो 'अमृत विचार' के नियमित पाठक अंशुमान मित्रा द्वारा मोबाइल से खींच कर भेजी गई है।

# दो बाइक भिड़ीं, वृद्धा की मौत, दो गंभीर

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या-रायबरेली हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार वृद्धा की मौत हो गई। दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये।

थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के खड़भड़िया गांव निवासी बंसीलाल अपनी पत्नी शिव कुमारी के साथ अयोध्या कैंट से अपने घर बाइक से आ रहे थे। इनायत नगर थाना क्षेत्र में बरम बाबा कट के पास विपरीत दिशा से मिल्कीपुर की ओर जाने लगे। दूसरी तरफ से सहुलारा गांव निवासी दीपक कुमार यादव बाइक से इनायत नगर की ओर जा रहे थे। तभी दोनों बाइकों में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों मोटरसाइकिल आपस में रगड़ते हुए काफी दूर तक गई। हादसे में दीपक (21), बंसीलाल (70) व बंसीलाल की पत्नी शिव कुमारी (60) गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचा। जहां से डॉक्टरों ने तीनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शिवकुमारी की मौत हो गई। वहीं पति बंसीलाल व दूसरे बाइक चालक दीपक यादव की हालत गंभीर बनी हुई है।

## सार-संक्षेप

### तीन लाख से अधिक पौधे रोपे जाने का लक्ष्य

**हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** जुलाई माह में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण के लिए वन संपदा की भूमि पर गड्ढों की खुदाई का काम शुरू हो गया है। बीकापुर रेंज में तीन लाख 20 हजार पौधे रोपित किये जाएंगे। इसके लिए नंसा जाना मार्ग स्थित चापरघटा पुल के पास ग्राम पंचायत पेड़रा में विसुही नदी के किनारे पांच एकड़ की भूमि पर पौध रोपने के लिए गड्ढों को खोदा जा चुका है। बीकापुर रेंज वन अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि कई प्रजाति के जैसे पीपल, बरगद, नीम, सागौन, अर्जुन, पाकड़, जंगली बबूल आदि पौधों को अधिक से अधिक संख्या में लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### लापता छात्र को परिजनों से मिलाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** रहस्यमय ढंग से गायब हुए छात्र को पुलिस ने बुधवार को परिजनों को सौंप दिया है। कौशलपुरी निवासी एचसीजे स्कूल में कक्षा 10 का छात्र शुभ गुप्ता गत दिवस घर से कहीं निकला था। वापस न आने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थाना कैंट प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि छात्र देवकाली पर मिला।

### बोर्ड की मान्यता के लिए आवेदन कल तक

**अयोध्या, अमृत विचार :** शैक्षिक संस्थाओं को माध्यमिक शिक्षा परिषद की मान्यता लेने के लिए 31 मई तक आवेदन करना होगा। इसके लिए यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि आवेदनों की जांच के बाद विद्यालय को मान्यता दी जाएगी।

### कौशलपुरी के सैलून में चोरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना कैंट क्षेत्र के कौशलपुरी कॉलोनी फेज टू की सुपर मार्केट की दुकान का ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। सैलून की दुकान से 27 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली गई।

हालात | भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं की संख्या में कमी से रोजी-रोटी पर पड़ रहा असर

# श्रद्धालुओं के ठिठके कदम, नाविकों की आमदनी ठप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नौतपा में चिलचिलाती गर्मी के कारण सरयू के घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखी जा रही है। इसका असर नाविकों पर पड़ रहा है। श्रद्धालुओं से उनकी रोजी रोटी जुड़ी हुई है। अयोध्या के सरयू तट पर 100 से अधिक लोगों का परिवार नाव से ही चलता है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने से नाविकों के लिए भी आय का स्रोत बढ़ गया है, लेकिन गर्म मौसम और सरयू का जल स्तर घटने के साथ श्रद्धालुओं की कमी होते ही उनके रोजगार को प्रभावित हो गए हैं। आने वाले लोग नौका विहार नहीं कर रहे हैं।



भीषण गर्मी से सरयू के घाटों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### लू चलने से नदी किनारे उड़ रही बालू

नाविक अनूप माझी व अन्नू माझी ने बताया कि गर्म हवा और लू के कारण नदी किनारे बालू उड़ रही हैं। इस कारण श्रद्धालु नौका विहार नहीं करते हैं। नदी का जल स्तर भी कम हो गया है। बीच-बीच में टापू बन जाने से नाव को चलाने में भी दिक्कत खड़ी हो रही है। आने वाले लोग सिर्फ दर्शन और पूजन करके चले जाते हैं। ऐसे में हम लोगों को परिवार चलाने में दिक्कत आ रही है। सुबह से शाम तक हम लोग अपनी नाव लेकर खड़े रहते हैं। कभी-कभी कुछ सवारी मिल जाती है। इससे सिर्फ तेल खर्च ही निकलता है। बचाने के नाम पर कुछ नहीं मिलता है। इसी तरह जून माह तक रहेगा।

## विद्यालयों में आपदा प्रबंधन के लिए बनेगी विशेष टीम

**अयोध्या, अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को आपदा से बचाव की जानकारी देने के लिए विशेष टीम गठित होगी। इसी क्रम में माध्यमिक विद्यालयों को छात्र-छात्राओं को भी आपदा प्रबंधन के लिए तैयार किया जा रहा है। माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को आपदा की जानकारी देने के लिए जिला व विद्यालय स्तर पर स्कूल सेफ्टी एडवाइजरी कमेटी का गठन किया जा रहा है। जिसके लिए डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्यों को कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया है। जुलाई तक सभी कॉलेजों में गठन पूरा कर लिया जाएगा।

# शिक्षकों की तैनाती की होगी जांच, हड़कंप

अयोध्या कार्यालय

▶▶ शिक्षकों और छात्रों की संख्या भी परखी जाएगी

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती का शासन ने संज्ञान लिया है। अब हर स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थियों की संख्या की पड़ताल होगी। पूरा ब्योरा अपलोड करके शासन को भेजा जाएगा। जिसके बाद शिक्षकों की तैनाती को लेकर निर्णय होगा। माना जा रहा है कि कम संख्या वाले विद्यालयों के कई शिक्षकों के तबादले हो सकते हैं। इसे लेकर हड़कंप मचा है।

जिले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 1792 परिषदीय विद्यालयों में मौजूदा समय में करीब एक लाख 75 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। विभाग अभी नामांकन की प्रक्रिया चला रहा है। यह संख्या दो लाख पार करेगी। जबकि स्कूलों में साढ़े आठ हजार से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं तैनात हैं। अयोध्या के करीब होने के कारण मसौधा पूरा और सोहावल ब्लॉक में हर व्यक्ति यहां पर ट्रांसफर पाने के जुगाड़ में रहता है। खासकर रुदौली, मवई, अमानीगंज, हैरिंगटनगंज, तारून जैसे सुदूर पिछड़े ब्लॉक के कई स्कूल ऐसे हैं, जहां शिक्षक के विभागीय काम में चले जाने से शिक्षामित्र या अनुदेशक के भरोसे हो जाते हैं। जिले को हाल ही में करीब 102 नए शिक्षक मिले है। इनकी तैनाती की जानी है। इसे शासन ने गंभीरता से लिया है।

शासन का मानक प्रति 30 बच्चों पर एक शिक्षक का है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, शिक्षक व विद्यार्थियों की स्कैनिंग से सारी बात सामने आ जाएगी। इसके बाद नियुक्ति को लेकर आदेश जारी होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग में इसे लेकर खलबली मची हुई है। माना जा रहा है कि अनियमित तरीके से तैनाती पाने वाले शिक्षकों और इसके जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई भी की जा सकती है। नए आदेश के बाद अब सब अपनी बचत के रास्ते तलाशने लगे हैं। जिला समन्वयक नमनराज ने बताया कि फिलहाल प्रेरणा पोर्टल बंद चल रहा लेकिन एक लाख 75 हजार छात्र अभी तक नामांकित हैं। उन्होंने बताया कि शासन के आदेश का पालन कराया जा रहा है।

# बेजोड़ बनारस में मोदी महिमा गान



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो अब खुद को बनारसी कहते हैं, लगातार नई काशी बनाने के अभियान में जुटे हैं। इसी का नतीजा है कि विश्वनाथ धाम कॉरीडोर बनने के बाद 13 करोड़ पर्यटकों के आने से यहां आय और रोजगार के साधन तेजी से बढ़े हैं।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** वाराणसी मोदी मय है। गंगा किनारे घाट हों या गलियां चाहे बाजार कहीं भी किसी से पूछ लीजिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत पर किसी को कोई संशय नहीं है, बल्कि इस तरह का सवाल करने पर लोग आपको घूरते या अचरज से देखते नजर आएंगे। चर्चा में अगर कुछ है, तो वह यह कि इस बार जीत का अंतर कितना बड़ा होगा, 400 पार होगा या नहीं। गोदौलिया चौक में एक चाय के अड्डे पर सुबह अखबार के पन्नों में झांकते हुए मोदी के विरोधी भी उनकी जीत पर बहस करते और शर्त लगाते मिलते हैं। इसी तरह अंधरापुल चौराहा जिसका नामकरण अब सीता राम द्वार किया जा चुका है, पर भीड़भाड़ के बीच सड़क किनारे एक होटल में छिड़ी चुनावी चर्चा में ज्यादातर लोग मानते हैं कि मोदी के आने के बाद बीते दस साल में शहर की सूरत काफी बदल गई है, बड़े शहरों जैसी भव्यता, सुविधा और चमक-दमक आ गई है। मोदी ने जो किया है, वह और कोई नहीं कर सकता है। हालांकि कुछ लोग इस बात से थोड़ा खिन्न नजर आते हैं कि सब कुछ पर्यटकों की खातिर हो रहा है। इससे बनारस का अपना मिजाज और रिवाज बदल रहा है। काशी वाली संस्कृति की पहचान कम होती जा रही है। विरासत भले सहेजी जा रही हो, लेकिन अध्यात्म और मुक्ति वाली पुरानी बात पीछे छूट रही है। लेकिन बात जैसे ही जीत-हार पर आती है तो सबकी राय एक ही नजर आती है कि अब दस लाख से जीतेंगे कि नहीं यह तो नहीं पता पर इतना तय है कि मोदी पिछली बार से ज्यादा वोटों से जीतेंगे।

भाजपा नेता और संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार वाराणसी से चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए है। प्रचार में जुटे लोग पूछने पर कहते हैं कि 10 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़कर चुनावी अभियान संभाल रखा है। वह लगातार दौरे, जनसभाएं और रैली कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों की फौज के साथ संगठन के बड़े पदाधिकारियों की टीम वाराणसी में डेरा डाले हैं। छोटी-छोटी की गलियों में बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री को वोट देने के लिए लोगों के हाथ जोड़ रहे हैं। अलग-अलग वर्गों को साधने के लिए अलग-अलग नेता लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि अंतिम तीन दिन प्रधानमंत्री भी वाराणसी में मौजूद रहेंगे।



- भाजपा अपने सबसे बड़े नेता और प्रधानमंत्री को इस बार 10 लाख वोटों से जीत दिलाने के मिशन में जुटी
- अधिकतर लोगों का मानना है कि मोदी ने जो किया, वह कोई नहीं कर सकता, बदल गई शहर की तस्वीर

## 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 6,74,664 | |
| सपा | शालिनी यादव | 1,95,159 | |
| कांग्रेस | अजय राय | 1,52,548 | |

## 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 | 56.37 |
| आप | अरविंद केजरीवाल | 2,09,238 | 20.30 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 | 7.34 |
| बसपा | विजय जयसवाल | 60,579 | 5.88 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 | 4.39 |

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मांग रहे समर्थन

- वाराणसी में के. शिव कुमार अपनी युग तुलसी पार्टी से मैदान में हैं। वह आंध्र प्रदेश में तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों के प्रबंधन के लिए बने तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व बोर्ड सदस्य हैं। शिव कुमार ने जीवन भर गाय संरक्षण पर काम किया है। वह हैदराबाद में तीन गौशालाओं के मालिक हैं। शिव कुमार का वाराणसी में चुनाव अभियान के दौरान मुख्य मुद्दा यह है कि केंद्र सरकार गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करे। उनका कहना है कि भाजपा सनातन धर्म के बारे में तो बात करती है, लेकिन वे इस संबंध में कुछ भी लागू नहीं कर रहे हैं।


### बसपा प्रत्याशी लड़ चुके दो लोकसभा और दो विस चुनाव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उतरे बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी 1984 में जनता पार्टी के टिकट पर वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे। 1991 में उन्होंने जनता दल से वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा की ज्योत्सना श्रीवास्तव से 5,000 वोटों से हार गए थे। 1995 में सोनेलाल पटेल के नेतृत्व वाले अपना दल में शामिल हो गए थे। 2004 में अपना दल से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़कर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2012 में लारी ने मुख्तार अंसारी के नेतृत्व वाले कौमी एकता दल से वाराणसी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।


# मोदी की जीत की हैट्रिक या अजय की हार का चौका !

- 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब पांच लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाने के साथ बड़े वोटों के अंतर से जीत का रिकार्ड बनाने की तरफ देख रहे हैं। वहीं उनका मुकाबला करने के लिए चुनावी मैदान में उतरे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की हार का हैट्रिक का रिकार्ड पिछले चुनाव में ही बन चुका है, यदि वह इस बार भी चुनाव हारते हैं, तो उनके नाम पर हार का चौका दर्ज हो जाएगा। अजय राय की पिछली तीनों हार में एक और खास बात रही है कि वह तीनों मर्तबा तीसरे नंबर पर ही रहे हैं, यानी थर्ड डिवीजन हार की हैट्रिक। लेकिन उनके लिए इस बार हालात पिछले चुनावों से थोड़े बेहतर नजर आ रहे हैं। हालांकि मुकाबले में बसपा से अतहर लारी भी हैं, लेकिन मोदी के साथ सीधी लड़ाई अजय राय की ही है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ीं शालिनी यादव 1,95,159 वोट हासिल करके दूसरे नंबर पर रही थीं। इससे पहले 2014 के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने के साथ अजय राय की जमानत भी जब्त हो गई थी। इस चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी को चुनौती दी थी। दूसरे नंबर पर रहे केजरीवाल को 2,09,238 वोट मिले थे और अजय राय सिर्फ 75,614 वोट ही पा सके थे। 2009 का लोकसभा चुनाव अजय राय सपा के टिकट पर लड़े थे और तीसरे स्थान पर रहते हुए 1,23,874 वोट पाए थे। भाजपा से डॉ. मुरली मनोहर जोशी चुनाव जीते थे। बसपा से मैदान में उतरे माफिया मुख्तार अंसारी दूसरे नंबर पर रहे थे। अजय राय चार बार विधायक रह चुके हैं। वह तीन बार भाजपा और एक बार निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे। 2009 में भाजपा से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर सपा से लोकसभा का चुनाव लड़े थे। साल 2012 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद 2012 से 2017 तक वाराणसी की पिंडरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे।


## वाराणसी में पिछले चुनाव का वोट शेयर




## मोदी के विरुद्ध ये तीन प्रमुख प्रत्याशी मैदान में



अजय राय।



अतहर जमाल लारी।



के. शिव कुमार।

### इस बार सिर्फ छह प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

- साल 2014 के चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट पर 41 प्रत्याशी मैदान में थे। पिछली बार 2019 में कुल 26 प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा सिमटकर छह पर आ गया है।

### नेहरू और इंदिरा के रिकार्ड की कर लेंगे बराबरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार वाराणसी से जीत हासिल करते ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। बतौर प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकार्ड बनाया था। हालांकि वह रायबरेली से जीत की हैट्रिक नहीं लगा सकी थीं।

# दो महिला सांसदों का ममता के गढ़ में संघर्ष

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल में सातवें और अंतिम चरण में दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और उत्तर सीटों पर मतदान होना है। इनमें भाजपा ने जिन सीटों को जीतने के लिए तगड़ी व्यूह रचना की है, उनमें कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्र प्रमुख है।

इस सीट को पहले कलकत्ता दक्षिण पूर्व नाम से जाना जाता था। वर्ष 1952 में इस सीट से जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले सांसद बने थे। पिछले कुछ समय से कोलकाता दक्षिण सीट पर टीएमसी का दबदबा है। लेकिन इस बार भाजपा यहां कमल खिलाने को बेताब है। टीएमसी की सांसद माला राय के मुकाबले भाजपा ने रायगंज से सांसद देबश्री चौधरी को मैदान में उतारा है, जो कड़ी टक्कर दे रही हैं। सीपीआई (एम) से सायरा शाह हैं, जो अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की भतीजी हैं। कोलकाता दक्षिण को मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी का गढ़ कहा जाता है। वह छह बार यहां से सांसद चुनी गई थीं। इसकी शुरुआत उन्होंने 1991 में सीपीआई (एम) नेता बिप्लब दास गुप्ता को हराकर की थी। इसके बाद 1996, 1998, 1999, 2004 और 2009 में वह सांसद चुनी गईं। लेकिन 2011 में सांसद पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री बन गई थीं, क्योंकि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में जीत हासिल कर ली थी।

- भाजपा ने कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट पर रायगंज की सांसद देबश्री चौधरी के लिए झोंक रखी है ताकत
- इस लोकसभा क्षेत्र से 1952 में पहले सांसद चुने गए थे भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी

### दम दम से भाजपा ने ढाई दशक पहले खोला था खाता

दम दम लोकसभा क्षेत्र में इस बार टीएमसी के दिग्गज नेता सांसद सौगत रॉय का मुकाबला भाजपा के सीलभद्र दत्ता और सीपीआई (एम) के सुजन चक्रवर्ती से है। बंगाल में दम दम सीट पर ही सबसे पहले भाजपा ने वर्ष 1998 में खाता खोला था। तपन सिकंदर बंगाल के पहले भाजपाई सांसद बने थे। वह 1999 में दोबारा चुने गए थे। इसके बाद से भाजपा यहां जीत को तरस रही है। 2019 में दम दम में टीएमसी सांसद सौगत राय ने भाजपा के समिक भट्टाचार्य को हराया था। 2014 के चुनाव में सौगत राय ने सीपीआई (एम) के असीम दास गुप्ता को पराजित किया था। भाजपा के तपन सिंकदर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2009 का चुनाव भी सौगत राय ने ही जीता था। राज्य की बारासात सीट पर डॉ. काकोली घोष दस्तीदार का मुकाबला भाजपा के स्वपन मजूमदार और सीपीआई(एम) के संजीब चटर्जी से है। बशीरहाट में हाजी नुरुल इस्लाम का भाजपा की रेखा पात्रा और सीपीआई (एम) के निरापद सरदार में मुकाबला है। मथुरापुर में बापी हलदर, भाजपा के अशोक पुरकैत और शरत चंद्र हलदर में लड़ाई है। डायमंड हार्बर में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का मुकाबला भाजपा के अभिजीत दास से हो रहा है। जादवपुर में टीएमसी की सयोनी घोष का मुकाबला भाजपा के डॉ. अनिर्बान गांगुली से है।

# बलिया में बगावत से गड़बड़ाए समीकरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के नाम से पहचान रखने वाली बलिया लोकसभा सीट पर इस बार उनके बेटे नीरज शेखर भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने के बाद सपा के जातीय समीकरण में फंस गए थे। साल 2019 के चुनाव में सिर्फ 15,000 वोटों से पिछड़ने वाले सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे थे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां जीत रही थी, लेकिन इस बार कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। ऐसे में राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को बलिया पहुंचकर एक झटके में समीकरण बदल दिए। उन्होंने सपा नेता और पूर्व मंत्री नारद राय तथा पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह को भाजपा में शामिल कराकर माहौल भाजपा की तरफ मोड़ दिया।

बलिया में चुनाव ब्राह्मण बनाम राजपूत के बीच सिमटता नजर आ रहा था। ऐसे में सपा की पिछड़ा वर्ग में पैठ ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ा रखी थीं। बलिया से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में सभा करने पहुंचे अमित शाह ने मंच पर नारद राय को खास तवज्जो दी। नारद राय भूमिहार समाज के बड़े नेता माने जाते हैं और भूमिहार समाज की पूर्वांचल की बलिया, गाजीपुर, मऊ, देवरिया, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, महाराजगंज, गोरखपुर जैसे जिलों में ठीक-ठाक पैठ है। माना जा रहा है कि अमित शाह ने नारद राय को भाजपा में लाकर बलिया के साथ ही चार और सीटों पर सपा के समीकरण गड़बड़ा दिए हैं। नारद राय की सपा से नाराजगी का कारण सोमवार को बलिया में सनातन पांडे के समर्थन में अखिलेश यादव की रैली से शुरू हुई थी। जब अखिलेश ने मंच से नारद राय का नाम नहीं लिया था। इसी से खफा होकर नारद राय ने बागी तेवर अपनाए और भाजपा का दामन थाम लिया।




जनता ही राजा

हिमाचल प्रदेश की हॉट सीट मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में सभा करने पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा भीड़ देखकर खुशी से उछलती नजर आईं।

**दो बार की सांसद किरन खेर की जगह भाजपा ने इस बार उतारा है संजय टंडन को चुनावी मैदान में, मुकाबला कांटे का दिख रहा**

# चंडीगढ़ में दांव पर लगी है कांग्रेस नेता मनीष तिवारी की साख

**कांटे का मुकाबला**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते 10 साल से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर की पत्नी किरन खेर यहां से लगातार 2014 और 2019 के चुनाव जीती थीं। इससे पहले 2009 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। पवन कुमार बंसल सांसद चुने गए थे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में वह भाजपा प्रत्याशी किरन खेर से चुनाव हार गए थे। इस बार यहां भाजपा ने किरन खेर के स्थान पर संजय टंडन को चुनावी मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस नेता मनीष तिवारी से हो रहा है।



संजय टंडन।



मनीष तिवारी।

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में पले-बढ़े 58 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी कांग्रेस का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने पिछली लोकसभा में आनंदपुर साहिब का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले वह 2009 से 2014 तक लुधियाना से सांसद रहे थे। मनीष तिवारी पिछले दो चुनावों से अपने गृहनगर चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। उधर, भाजपा नेता बलरामजी दास टंडन के पुत्र संजय टंडन चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में अपनी चुनावी राजनीति शुरू कर रहे हैं। वह 1990 के दशक से भाजपा के साथ जुड़े हैं और पार्टी के भीतर व्यापक संगठनात्मक अनुभव रखते हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से बसपा ने डॉ. ऋतु सिंह को उतारा है। ऋतु दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रही हैं। वहां भी वह दलितों के लिए आवाज उठाने के लिए जानी जाती थीं। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

जानकार चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर हुई भाजपा की किरकिरी और मनीष तिवारी को आम आदमी पार्टी का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति बेहतर मान रहे हैं। शायद इसी के मद्दे नजर यहां भाजपा ने अंतिम चरण के प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद मनोज तिवारी सभाएं करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष तिवारी के समर्थन में रोड शो करके माहौल बना गए हैं।

### 2019 चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट % |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 50.64 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 40.35 |
| आप | हरमोहन धवन | 3.82 |
| बसपा | परवीन कुमार | 1.62 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट% |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 42.20 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 26.84 |
| आप | गुलकीरत कौर पनाग | 23.97 |
| बसपा | जन्नत जहां-उल-हक | 3.51 |

लुधियाना व आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतने के बाद चंडीगढ़ से किस्मत आजमा रहे हैं मनीष तिवारी

## एक नजर

### 3162 किग्रा विस्फोटक 608 बम बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 28 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक लोगों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,31,596 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 26,88,418 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10,147 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10,335 कारतूस, 3162.32 किलोग्राम विस्फोटक व 608 बम बरामद कर जब्त किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5323 केन्द्रों पर रेड डाली गई और 188 केन्द्रों को जब्त किया गया। 28 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 5949 लोगों को पाबन्द किया गया।

# 25 जिलों के 137 ग्रामों की होगी चकबंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मिली अनुमति**

▸▸ कई जिलों में एक-दो तो कई में आठ से दस ग्राम हैं शामिल




**अमृत विचार :** शासन ने 25 जिलों के 137 ग्रामों की प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की चकबंदी कराने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति उप्र. जोत चकबंदी अधिनियम-1953 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदान की गई है। इसमें कई जिलों में एक-दो तो कई में आठ से दस ग्राम शामिल हैं। इनमें बरेली, मुरादाबाद, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, बस्ती जैसे जिलों के अधिक ग्राम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन गांवों में चकबंदी की मांग लंबे समय से चल रही थी।

**बरेली, मुरादाबाद, कानपुर देहात के ये गांव शामिल**

बरेली की मीरगंज तहसील क्षेत्र के करौरा भगवंतपुर, ठिरिया बुजुर्ग, बफरी अब्दुल नवीबुर, अंबरपुर, जैतपुरा, बिहारीपुर, गोरालोकनाथपुर मुस्तकिल, गोरालोकनाथपुर एहतमाली तथा बहेड़ी तहसील के गांव पनवरिया एवं फरीदपुर तहसील के गांव गोविंदपुर शामिल हैं। उधर, मुरादाबाद की बिलारी तहसील के गांव अलीरजापुर माफी, राधौपुर विरान, जैतिया फिरोजपुर शामिल हैं। मुरादाबाद तहसील के गांव रफातपुर को शामिल किया गया है, जबकि ठाकुरद्वारा तहसील के गांव टांडा अफजल ऐहतमाली, पीपलसाना एहतमाली और कोहनकू गांव को भी शामिल किया गया है। बिजनौर की नगीना तहसील के गांव मुर्तजाबाद, शंकरपुर व धामपुर तहसील के ताजगंज और शाहजहांपुर को शामिल किया गया है। कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील के गांव भीतरगांव, करनजाई, भीटीकुर्सी, तिस्ती, परसौरा, गोपालपुरतालुका, धरमूपुर शामिल हैं, जबकि भोगिनीपुर तहसील के गांव बम्हरौली को भी शामिल किया गया है।

**गोरखपुर, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और गोंडा के ये गांव शामिल**

गोरखपुर की खजनी तहसील का गांव ढढौना तप्पा हवेली, चतुर बंदुआरी तप्पा महसिन, सहजनवा के गांव भीमापार तप्पा उत्तर हवेली, सीहापार तप्पा उत्तर हवेली, खीरीडाड़ तप्पा भरसाड़, महुआपार तप्पा भरसाड़ एवं सदर तहसील के गांव बैजनाथपुर तप्पा मछारी चंदौर गांव को शामिल किया गया है। सुल्तानपुर की तहसील जयसिंहपुर के ग्राम भीखूपुर, कारबेन, पारा, विशुनदासपुर, कल्याणपुर, डोमनपुर, रायापुर, चिरानेडीह तथा लंभुआ तहसील के धनहुआ ग्राम को भी शामिल किया गया है। अंबेडकरनगर के जलालपुर तहसील के ग्राम चौदहप्रास, नारीपुरमेहनाजपुर, मैनुद्दीनपुर, साईपुरसमसपुर को भी शामिल किया गया है। गोंडा की मनकापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले वनटांगिया ग्राम अशरफाबाद व मनीपुर ग्रंट के अलावा गोंडा तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव घुसवा को भी शामिल किया गया है। बलरामपुर के उतरौला का गांव महुवाधनी भी शामिल है।

## पशु बीमा में नहीं चलेगी मनमानी करें दावों का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीमित पशुओं की संख्या बढ़ाने के साथ शर्तों के मुताबिक दावों का भुगतान करना होगा। यह निर्देश मनमानी से लंबित दावों और लक्ष्य न बढ़ने पर निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने उप्र पशुधन विकास परिषद और बीमा कंपनी को दिए हैं।

सोमवार को पशुपालन निदेशालय से की गई वीडियो कांफ्रेंसिंग में निदेशक को पशुधन बीमा योजना की समीक्षा में जिलों पर पशुओं के बीमा का लक्ष्य पूरा नहीं मिला था। जिन पशुओं की मौत हुई उनमें ज्यादातर का भुगतान लंबित पाया। नाराजगी जताते हुए लक्ष्य के मुताबिक पशुओं का बीमा करना व लंबित दावों का भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में एक पशु का बीमा होना और मरने पर कम से कम दो पशुओं के बीमा की अनिवार्यता बताकर क्लेम निरस्त करना और न के बराबर पशुओं के मरने पर ज्यादा क्लेम बताकर चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे बीमा पर रोक लगाना जैसी शिकायतें की गईं। लाभ न मिलने से पशुपालकों का योजना से मोहभंग हो रहा है।

# पांच जिला न्यायालयों में होगी यूपीएसएसएफ की तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा और मथुरा में होगी तैनाती

**अमृत विचार :** प्रदेश के जिला न्यायालयों की सुरक्षा को लेकर गृह विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब जिला न्यायालयों पर पुलिस के स्थान पर उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की तैनाती की जाएगी। काफी समय से यह मांग भी की जा रही थी। हालांकि प्रथम चरण में अभी सिर्फ पांच जनपदों में विशेष सुरक्षा बल की तैनाती का फैसला लिया गया है। बाकी जनपद न्यायालयों में सुरक्षा बलों की तैनाती कब की जाएगी यह फैसला अगले चरण के तहत लिया जाएगा।

जिन जिलों के न्यायालयों में यूपीएसएसएफ तैनात करने का निर्णय लिया गया है, वह जिले कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा और मथुरा हैं। गृह विभाग ने बुधवार को तैनाती करने की संस्तुति प्रदान कर दी है। न्यायालयों में कितने कार्मिक तैनात होंगे, कब से तैनात होंगे, रुकने आदि की क्या व्यवस्थाएं होंगी.. यह फैसला पुलिस मुख्यालय स्तर पर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि संस्तुति मिल गई है, जल्द ही संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से बातचीत करके तैनाती का फैसला लिया जाएगा। बता दें कि न्यायालयों में यूपीएसएसएफ लगाने का प्रस्ताव बीती 3 जनवरी को पुलिस विभाग की ओर से भेजा गया था। इस संबंध में गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता की ओर से पुलिस महानिदेशक को भी अवगत करा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक द्वितीय चरण में प्रयागराज, लखनऊ, मेरठ आदि जनपदों के न्यायालयों को शामिल किया जाएगा।

# प्रदेश सरकार ने दिए बिजली आपूर्ति अनवरत बनाए रखने के निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने भीषण गर्मी व लू के दौरान प्रदेश में अनवरत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को स्थानीय समस्यायों का जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है। कहा गया है कि वर्तमान में गर्मी पूरे चरम पर है। पूरे प्रदेश में लगभग सभी जिलों में तापमान निरंतर 45 डिग्री सेंटीग्रेड को पार कर रहा है। शाम को व रात्रि में भी तापमान में विशेष गिरावट नहीं हो रही है। भीषण गर्मी का कहर प्रदेश के विद्युत तंत्र व उत्पादन कर रही इकाइयों की क्षमता को निरंतर चुनौती दे रही है।

अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में बीते 26 मई को 29,058 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई, जो 2022 व 2023 की अधिकतम दैनिक मांग क्रमशः 22,572 व 21,502 मेगावाट से लगभग 29 प्रतिशत व 35 प्रतिशत अधिक थी। इसी प्रकार इस वर्ष 27 मई को आपूर्ति की गई अधिकतम मांग क्रमशः 29,167 मेगावाट व 29,212 मेगावाट थी, जो वर्ष 2022 व 2023 से क्रमशः 35 प्रतिशत व 40 प्रतिशत अधिक है।

**40 उपकेंद्रों पर चल रहा स्वीकृत से ज्यादा बिजली भार**

प्रदेश में जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे बिजली की मांग भी लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में बढ़ी हुई मांग के अनुपात में पावर कॉरपोरेशन अनवरत बिजली आपूर्ति कर रहा है। प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को मिलाकर लगभग 4634 उपकेंद्रों के जरिए प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसमें से मात्र 40 उपकेंद्रों पर बढ़ती बिजली मांग का प्रभाव देखा गया है। फिलहाल बिजली भार को संतुलित करने का प्रयास लगातार जारी है। स्थायी समाधान के लिए बिजनेस प्लान के अंतर्गत इन सभी उपकेंद्र पर कार्य कराया जा रहा है।

## कश्मीर के विस्थापित परिवारों के दिन बहुराने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कश्मीर से विस्थापित परिवारों में एक बार फिर दिन बहुरने की आस जगी है। वर्ष 1990 से मिल रही 750 रुपये पेंशन अब 1250 रुपये की जाएगी। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिया जाएगा। इतना ही नहीं, उनके बच्चों को आरटीई के तहत स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। वर्ष 1990 में कश्मीर से 99 परिवार विस्थापित किए गए थे। इनमें से एक परिवार अयोध्या में बस गया और शेष परिवार नोएडा में रहकर जीवनयापन कर रहे हैं। सभी को वर्ष 1992 से 750 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन दी जा रही है। इनको रहने के लिए जनता फ्लैट दिए गए हैं। नोएडा के आठ और अयोध्या के एक परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है। यह नौ परिवार आर्थिक बदहाली का दंश झेल रहे हैं और एक ही कमरे के फ्लैट में गुजर बसर कर रहे हैं। वर्ष 1992 से इनकी पेंशन की धनराशि में आज तक बढ़ोतरी नहीं हुई है। इनकी पेंशन बढ़ाने और अन्य सुविधाएं देने के लिए एक प्रस्ताव समाज कल्याण निदेशालय ने तैयार किया था और शासन को भेजा था, मगर कोई निर्णय नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों ने दोबारा सर्वे कराकर रिपोर्ट मंगवाई।

# बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर चार अधिशासी अभियंता निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



▸▸ पश्चिमांचल निगम के एमडी ने मेरठ में तैनात अभियंताओं पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रदेश में गहराये बिजली संकट के बीच के बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर मेरठ पर तैनात चार अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने जिन अभियंताओं पर कार्रवाई की है उसमें अधिशासी अभियंता वितरण खंड-पंचम मेरठ मनोज अग्रवाल, अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय मवाना महेश चंद्र विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय बड़ौत कृष्ण पाल व अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-चंदौसी सुशील कुमार पांडे शामिल हैं। इन अभियंताओं पर बिजली आपूर्ति में लापरवाही के साथ ही अपने कार्य में रुचि न लेने व राजस्व वसूली के लिए सार्थक प्रयास न करने का आरोप है। जांच में इन अभियंताओं को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाया गया है। प्रबंध निदेशक ने बिजली आपूर्ति में लगे अभियंताओं को कर्तव्य व दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**अनपरा व पारीछा की इकाइयां ठप, संकट गहराया**

भारी मांग के कारण अनपरा सी की 600 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गईं। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में करीब 200 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार इन इकाइयों के अगले दो दिनों के भीतर चालू होने की संभावना है। जबकि पहले से बंद चल रही इकाइयों बारा व जवाहरपुर बिजलीघर की 660 मेगावाट की एक-एक इकाई व पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को चालू किए जाने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता बुधवार की रात तक इन इकाइयों के चालू हो जाने की संभावना जताते रहे। प्रदेश में बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,282 मेगावाट दर्ज की गई। कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू में करने के प्रयास हो रहे हैं, पर बार-बार उत्पादन इकाइयों के ठप होने के कारण स्थिति संभल नहीं पा रही है। इसके साथ ही स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट लगातार बना हुआ है।

# अजीम प्रेमजी के खिलाफ निचली अदालत का तलबी आदेश निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 'प्रेमजी का कार्य गीता के कर्म योग के सिद्धांत के अनुरूप'

▸▸ न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने की टिप्पणी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने देश के मशहूर उद्योगपति व विप्रो के चेयरमैन/एमडी अजीम प्रेमजी के खिलाफ श्रम प्रवर्तन अधिकारी, लखनऊ द्वारा स्थानीय अदालत में दाखिल परिवाद की पूरी प्रक्रिया को खारिज कर दिया है, साथ ही न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा अजीम प्रेमजी को तलब किए जाने संबंधी आदेश को भी निरस्त कर दिया है। इसी के साथ न्यायालय ने अपने निर्णय में अजीम प्रेमजी के लोकहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका कार्य श्रीमद्भागवद गीता के 'कर्म योग' के सिद्धांत के अनुरूप है, जिसका आशय है निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए, आध्यात्मिकता को प्राप्त करना।

यह निर्णय न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने अजीम प्रेमजी की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में प्रेमजी व अन्य के खिलाफ मुख्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ की अदालत में परिवाद दाखिल किया, जिस पर अदालत ने 3 सितम्बर 2016 को संज्ञान लेते हुए प्रेमजी के खिलाफ तलबी आदेश पारित किया और बाद में 13 मई 2017 को वारंट भी जारी कर दिया था।

दलील दी गई कि प्रेमजी की कम्पनी विप्रो ने एक सर्विस प्रोवाइडर कम्पनी मेसर्स जीफॉरएस सिक्योर सल्युशंस इंडिया प्राइवेट लि0 कम्पनी से मैन पावर सप्लाई करने का करार किया था, उक्त करार में ही स्पष्ट था कि जीफॉरएस के कर्मचारी न तो विप्रो के एजेंट होंगे और न ही उसके कर्मचारी माने जाएंगे, यह भी तय था कि अपने कर्मचारियों का भुगतान सर्विस प्रोवाइडर कम्पनी ही करेगी। इस दौरान 2 जून 2016 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी के निरीक्षण में जीफॉरएस द्वारा श्रम कानूनों का अनुपालन न करना पाया गया। घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए, याची की ओर से तर्क दिया गया कि उपरोक्त तथ्यों से प्रेमजी के खिलाफ कोई अपराधिक मामला नहीं बनता है। याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। हालांकि न्यायालय ने याचिका को मंजूर करते हुए कहा कि प्रेमजी बिजनेस में नैतिक मूल्यों का सम्मान करने वाले व्यक्ति हैं, उन्होंने विप्रो को आईटी सेक्टर में एक ग्लोबल ब्रांड बनाया और वे कई परोपकारी कार्य करते रहे हैं।

# मतगणना कर्मियों को एसएमएस से मिलेगी टेबल संख्या की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कर्मियों को केकेसी कॉलेज में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

▸▸ मतगणना में लगे कर्मियों को सुबह 6 बजे पहुंचना होगा रमाबाई स्थल

▸▸ मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अंदर नहीं ले जा सकेंगे कर्मी

**अमृत विचार :** मतगणना में लगे कर्मियों को एसएमएस के माध्यम से टेबल संख्या की जानकारी मिलेगी। मतगणना में लगे कर्मियों को सुबह 6 बजे रमाबाई रैली स्थल पहुंचना होगा। कर्मी मोबाइल या इलेक्ट्रानिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को केकेसी कॉलेज में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर 934 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी कर्मियों को सुबह 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंचना होगा। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। कर्मियों की जिस लोकसभा में ड्यूटी होगी उसी के अनुसार प्रवेश करेंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे और गणना की समस्त गतिविधियों पर नजर रखेंगे। मतदान में लगे कर्मियों का दूसरा प्रशिक्षण 3 जून को होगा। दूसरी ओर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में चल रही इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) के मतपत्रों की स्कैनिंग प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि 3 जून को रमाबाई स्थल पर सुबह 7:30 बजे ईटीपीबीएस मत पत्रों को स्कैनिंग करने की प्रक्रिया अभ्यास किया जाएगा।

**164 टेबल पर होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला :** रमाबाई रैली स्थल पर 164 टेबल पर मतगणना होगी। इनमें एआरओ और आरओ की टेबल भी शामिल है। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में आरओ और एआरओ के अलावा 14 टेबल होंगी। रिजर्व और पोस्टल बैलेट मिलाकर कुल 19 टेबल एक विधानसभा में होंगी। जिस विधानसभा क्षेत्र में बूथों की संख्या अधिक होगी वहां पर मतगणना के चक्र ज्यादा रहेंगे। जहां बूथ कम हैं उस विधान सभा क्षेत्र की मतगणना जल्द पूरी हो जाएगी क्योंकि चक्र कम होंगे।

**प्रशिक्षण में ये भी बताया**

- मतगणना शुरू होने पर विभिन्न चक्रों में मशीनें प्राप्त होंगी। मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर लें कि चक्र के अनुसार निर्धारित मशीन ही उन्हें प्राप्त हुई है या नहीं।
- परिणाम सेक्शन के एड्रेस टैग सील को खोल कर रिजल्ट सेक्शन कवर को ऊपर की ओर उठाकर खोलना होगा। क्लोज बटन के साथ लगे हुए स्पेशल टैग से भी बूथ का मिलान एवं सील की जांच करनी होगी। जांच में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर आरओ को तत्काल सूचना देनी होगी।
- मशीन का स्विच ऑन करें उसकी डिस्प्ले प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्रीन पेपर सील एवं स्पेशल टैग को बिना निकाले रिजल्ट बटन को दबाना होगा।


## वर्ग पहेली-85

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।




**वर्ग पहेली-84 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 आ | ■ | 2 कू | ■ | ■ | 3 मे |
| 4 फ़े | लो | शि | प | ■ | ■ | ह |
| ■ | ड़ | ■ | मं | ■ | 5 चु | र |
| ■ | न | ■ | डू | ■ | ■ | बा |
| ■ | ■ | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | ■ | ■ | ता | ■ | ति | ■ |
| 9 आ | रा | म | ■ | 10 म | का | म |

## सुडोकू-164

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | | 3 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | | |

**सुडोकू-163 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 | 6 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 11.43 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 07.31 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज आपके लिए समय अनुकूलता भरा रहेगा। विदेश यात्रा की इच्छा रख रहे लोगों की आकान्क्षा पूरी हो सकती है। वैवाहिक जीवन के लिए आपको काफी समय निकालना होगा। ऐश्वर्य के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें।

**वृष** — आज व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी आय में अचानक वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक होना उचित नहीं है। मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। अपनी आत्मप्रशन्सा करने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में कई नकारात्मक लोगों को झेलना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन से जुड़े मामलों में बाहर वाले लोगों की राय न लें। प्रतिष्ठित लोगों को अपने मान-सम्मान के खोने का भय रहेगा। दिनचर्या का क्रम बिगड़ सकता है।

**कर्क** — आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। विवादों से आपको पूरी तरह दूरी बनाकर रखना होगा। यदि किसी रोग से पीड़ित हैं तो दवाइयों का विशेष ध्यान रखें। बजट से अधिक धन खर्च करना हानिकारक हो सकता है।

**सिंह** — आज सामाजिक कार्यक्रमों में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। ससुराल पक्ष के लोगों से मिलना हो सकता है। किसी के भी बारे में नकारात्मक राय न रखें। इससे आपके विषय में भी लोग गलत राय बना सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**कन्या** — आज आप कई सारे कार्यों में एक साथ उलझ सकते हैं। अपनी सीमा से ज्यादा काम न करें। व्यवसाय को लेकर लुभावने अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी मामलों में लापरवाही महंगी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

**तुला** — आज आप अपने विरोधियों के ऊपर काफी नाराज रहेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते है। भावुक होकर कोई भी निर्णय न लें। कला से जुड़े लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लोग आपकी भावनाओं का शायद मान न रखें।

**वृश्चिक** — आज आप भविष्य को लेकर काफी चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद आप पीछे नहीं हटेंगे। आप अपनी परिस्थितियों को लेकर उदास हो सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालने का प्रयास करेंगे।

**धनु** — आज आपकी बातों से लोग काफी प्रभावित रहेंगे, लेकिन इसका आपको गलत लाभ नहीं उठाना चाहिए। भाई-बहनों को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से आपकी मित्रता होगी। किसी वेबसीरीज या सिनेमा का आनन्द उठा सकते हैं।

**मकर** — आज आप धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। उत्तम भोजन का आनन्द लेंगे। इन्टरव्यू आदि में जा रहे हैं तो आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है। यदि संभव हो तो आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**कुंभ** — आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। किन्तु किसी से अनावश्यक चर्चा में समय बर्बाद न करें। आपके गुप्त शत्रु आज सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे में कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुप्त बातें लोगों से शेयर नहीं करनी चाहिये। नशे की सामग्रियों का उपभोग न करें।

**मीन** — आज आप किसी बात को लेकर निराश हो सकते हैं। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवश करें। आपका धन आज फंस सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ अशान्ति रहेगी। फिलहाल यथास्थिति में बदलाव करने का विशेष प्रयास न करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- रेस 3 — सुबह : 11.50
- खलनायक — रात : 09.54

&pictures
- दंबग 2 — सुबह : 11.02
- नोटबुक — रात : 08.00

Sony PIX
- द मास्क — दोपहर : 12.42
- जस्टिस लीग — शाम : 06.54

Zee Cinema
- घायल — सुबह : 07.20
- मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी — शाम : 06.00

Colors Cineplex
- फिर हेरा फेरी — सुबह : 08.06
- दिवाने हुए पागल — शाम : 05.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की (टीटी)-अमृतसर जाने वाली गाड़ी कब आएंगी?
टीटी-6 बजे
लड़की-और लोकल?
टीटी-09 बजे
लड़की तो फिर मालगाड़ी
टीटी-अरे, क्यों परेशान कर रह हो,
लड़की-बताओ ना, प्लीज
टीटी-बाबा 1 बजे आएगी।
पर आपको कहां जाना है?
लड़की-कही नहीं सर जी,
बस पटरी पर लेट कर एक सेल्फी लेनी थी।
टीटी बेहोश...।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,502.90 | 22,704.70 |
| नुकसान | 667.55 | 183.45 |
| प्रतिशत में | 0.89 | 0.80 |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 30 मई 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 बोल्ड 1135 डीएमओ 850।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को सुधारा

## स्थिर से बढ़ाकर किया सकारात्मक और दो साल में सुधार की जताई है उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है। एसएंडपी ने हालांकि, भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था।

अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकती है। एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। एसएंडपी ने कहा-बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर सकारात्मक किया गया। साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक की पुष्टि की जाती है।




### एशिया-प्रशांत में सबसे अधिक रही जीडीपी की वृद्धि दर

एसएंडपी ने कहा-सकारात्मक परिदृश्य हमारे इस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है कि निरंतर नीतिगत स्थिरता, गहन आर्थिक सुधार तथा उच्च बुनियादी ढांचा निवेश दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बनाए रखेंगे। एजेंसी का अनुमान है कि पिछले तीन वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर औसतन 8.1 प्रतिशत सालाना रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सार्थक रूप से कम होता है और परिणामस्वरूप सामान्य सरकारी ऋण संरचनात्मक आधार पर सकल घरेलू उत्पाद के सात प्रतिशत से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है। एसएंडपी ने कहा कि पिछले चार से पांच वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सार्वजनिक निवेश तथा उपभोक्ता गति अगले तीन से चार साल में ठोस वृद्धि संभावनाओं को आधार प्रदान करेगी। भारत की कमजोर राजकोषीय स्थिति हमेशा से ही इसकी सॉवरेन रेटिंग की पृष्ठभूमि का सबसे कमजोर हिस्सा रही है। सभी तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी है। वहीं फिच और मूडीज ने अपनी रेटिंग पर अब भी स्थिर परिदृश्य कायम रखा है।

# बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

- निवेशकों की मुनाफावसूली से निफ्टी भी 183.45 अंक गिरा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। बीएसई सेंसेक्स 27 मई को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अब तक के उच्चतम स्तर 23,110.80 अंक पर बंद हुआ था।



सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख को देखते हुए निवेशकों ने अमेरिका में कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) आंकड़े जारी होने से पहले मुनाफावसूली की। यह आंकड़ा मुद्रास्फीति के बारे में संकेत देता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना है।

### निवेशकों की संपत्ति 5.12 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.12 लाख करोड़ रुपये घट गई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले निवेशकों की सतर्कता के बीच शेयर बाजार में इससे पहले रिकॉर्ड बढ़त दर्ज हो रही थी। बैंक शेयरों में बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचकांक में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स 24 मई से चार कारोबारी सत्रों में 915.14 अंक गिर चुका है। हालांकि 27 मई को सेंसेक्स 76,009.68 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 97,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,500-55,700 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,000 |
| चांदी पक्की | 908 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,325 |
| चांदी आभूषण | 92,300। |

### पेटीएम-अडाणी समूह ने हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से किया इनकार

**नई दिल्ली।** वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अडाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है। अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को गलत और असत्य करार दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है। उद्योगपति गौतम अडाणी के पेटीएम में संभावित हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के साथ बातचीत करने संबंधी खबरों पर वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा-यह केवल अटकलें हैं। कंपनी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रही है।

## एडीबी ने विकास के लिए 2023 में भारत को दिए 2.6 अरब डॉलर के ऋण

नई दिल्ली एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2023 में भारत को 2.6 अरब डॉलर का ऋण दिया जिसका उद्देश्य शहरी विकास को मजबूत करना, औद्योगिक गलियारे के विकास का समर्थन करना, बिजली क्षेत्र के सुधारों को बढ़ावा देना, भारत की जलवायु लचीलापन बनाना, बागवानी का समर्थन करना और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

एडीबी ने सॉवरेन पोर्टफोलियो के तहत 2.353 करोड़ डॉलर की तकनीकी सहायता और 41 लाख डॉलर का अनुदान भी दिया। इसके अलावा, उसने वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई।

एडीबी के भारत के कंट्री निदेशक मियो ओका ने कहा-वर्ष 2023 में एडीबी के पोर्टफोलियो ने सरकार के प्राथमिकता वाले एजेंडे का समर्थन किया। हम उन परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे जो भारत के संरचनात्मक परिवर्तन को गति देते हैं, रोजगार पैदा करते हैं, बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करते हैं, हरित विकास को बढ़ावा देते हैं।

### स्पाइसजेट के खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** विमानों का इंजन मुहैया कराने वाली कंपनी इंजन लीज फाइनेंस (ईएलएफ) ने करीब 100 करोड़ रुपये की देनदारी के मामले में कर्ज संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला अर्जी दाखिल की है। ईएलएफ ने स्पाइसजेट को आठ विमान इंजन पट्टे पर दिए हुए हैं। उसने दावा किया है कि स्पाइसजेट पर किराये एवं ब्याज समेत करीब 1.6 करोड़ डॉलर की देनदारी बनती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने बुधवार को इस याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की।

## डिजाइन, प्रोग्रामिंग प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए शीर्ष कौशल

नई दिल्ली, एजेंसी

नए स्नातकों के लिए डिजाइन, एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे कौशल करियर में ढेरों अवसर खोल सकते हैं। अग्रणी पेशवर नेटवर्क लिंक्डइन के अनुसार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग विश्लेषक में स्नातक डिग्री धारकों के लिए रोजगार के प्रमुख अवसर हैं।

लिंक्डइन की करियर स्टार्टर 2024 रिपोर्ट के अनुसार, स्नातक डिग्री वाले युवा पेशेवरों के लिए यूटिलिटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। नए स्नातकों को नियुक्त करने वाले अन्य शीर्ष उद्योगों में तेल, गैस व खनन, रियल एस्टेट, उपकरण किराया सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया, शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे विभिन्न नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सामुदायिक व सामाजिक सेवा, कानूनी, विपणन और मीडिया व संचार जैसे क्षेत्रों में स्नातक डिग्री धारकों के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ एवं भारत की वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा-नौकरी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो सकता है...खासकर करियर की शुरुआत में।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आदेश के खिलाफ याचिका पर जामिया विवि से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के प्रोफेसर इकबाल हुसैन की याचिका पर विश्वविद्यालय से बुधवार को जवाब तलब किया। हुसैन ने अपनी याचिका में एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके जरिये विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति और इसके बाद कार्यवाहक कुलपति के तौर पर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गयी थी। न्यायमूर्ति विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ हुसैन की अपील पर जेएमआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 12 अगस्त तय की।

### फैक्ट्री में लगी आग, दो महिलाओं की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित गोदवारा के फोम फैक्ट्री में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में दो महिलाओं की जिन्दा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हुई है। आग इतना भयानक है कि दूर दूर तक केवल धुंए का गुबार नजर आ रहा है। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये जो फैक्ट्री है वो थाना खमतराई के बसंत नगर में स्थित है। उन्होंने बताया कि यहां सात कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री में आग लगी और पांच कर्मचारियों ने यहां से भागकर अपनी जान बचाई है।

### अमृतसर में हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से एक किलो 90 ग्राम हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सुबह के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर ड्रोन की आवाजाही को रोका। प्रोटोकॉल के अनुसार, बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की हरकतों पर तुरंत नज़र रखी और उन्हें बेअसर करने का प्रयास किया गया है।

# पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण बदल रही है जनसांख्यिकी: मोदी

## रैली में प्रधानमंत्री ने लगाया आरोप, टीएमसी सरकार जारी कर रही फर्जी जाति प्रमाण पत्र

काकद्वीप (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रही है तथा अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले लोग स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को छीन रहे हैं।

मोदी ने यह भी दावा किया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर मूल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अधिकार मुसलमानों को दे रही है। उन्होंने कहा-बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। टीएमसी धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। वे सीएए का इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? ये लोग (तृणमूल नेता) सीएए के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में लोकसभा चुनाव के लिए रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए। • एजेंसी

### भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खत्म कर देगी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में वापस आई तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है।



### भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री विजयन की बेटी के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

**कोच्चि।** भाजपा नेता शोन जॉर्ज ने केरल उच्च न्यायालय में एक अर्जी दायर कर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी की अब बंद हो चुकी कंपनी 'एक्सलॉजिक' ने अबू धाबी के एक खाते में भारी रकम जमा की और कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन ने इसके माध्यम से धन को अमेरिका स्थानांतरित कर दिया। विजयन पर 1996 में केरल के ऊर्जा मंत्री रहने के दौरान कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन को ठेका देने में हुए कथित भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप है, जिससे सरकारी खजाने को कथित तौर पर नुकसान हुआ था। तिरुवनंतपुरम स्थित एक विशेष अदालत ने 2013 में विजयन और दो अन्य को इस मामले में बरी कर दिया था।

### गर्मी में ठंडक का अहसास...


गुरुग्राम में भीषण गर्मी के दिनों में बच्चे जलाशय में अठखेलियां करते हुए। • एजेंसी

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र शरजील इमाम को दी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

**सांप्रदायिक दंगों से जुड़ा मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी। इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम और दिल्ली पुलिस के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा-अपील स्वीकार की जाती है। अभियोजन के अनुसार इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कथित तौर पर भाषण दिया जहां उसने असम और शेष पूर्वोत्तर को देश से काटने की धमकी दी थी। इमाम ने निचली अदालत के समक्ष दावा किया था कि वह पिछले चार वर्षों से हिरासत में है और गैरकानूनी गतिविधियां




(रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों के लिए सजा) के तहत अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर अधिकतम सजा सात वर्ष है। आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436-ए के अनुसार किसी व्यक्ति को हिरासत से उस स्थिति में रिहा किया जा सकता है यदि उसने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि काट ली हो।

वहीं सुनवाई अदालत ने 17 फरवरी को उसे जमानत देने से इनकार करते हुए अपने फैसले में कहा था कि असाधारण परिस्थितियों में आरोपी की हिरासत की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इमाम 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े कई मामलों में आरोपी है, जिसमें हिंसा की कथित बड़ी साजिश का मामला भी शामिल है। वह साजिश के एक मामले में भी न्यायिक हिरासत में है।

## पालघर रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी मालगाड़ी

मुंबई, एजेंसी

- घटना से कई ट्रेन रद और कई का बदला गया समय

महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण पश्चिमी रेलवे को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ ही कई ट्रेनों का समय बदलना पड़ा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर मरम्मत का काम जारी है।

पश्चिमी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 41 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गईं, 28 आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं, 12 के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 22 रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया। दोपहर को जारी बुलेटिन में पश्चिमी रेलवे ने कहा कि दहानु रोड (पालघर जिले में) और मुंबई के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं (आने-जाने के लिए) शाम तक फिर से शुरू हो जाएंगी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने पहले बताया था कि मंगलवार शाम 5.08 बजे मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे गुजरात से मुंबई आने वाली रेलगाड़ियों का यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना के 15 घंटे बाद भी रेल मार्ग बहाल करने का कार्य जारी है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय में लोगों के लिए मुफ्त वाई-फाई सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों-प्रतिवादियों और आम लोगों के लिए अपने परिसर में मुफ्त वाई-फाई सुविधा बुधवार को शुरू की, ताकि उन्हें मुकदमे और अन्य डेटा की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कानूनी संसाधनों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल सके। न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा का शुरू होना न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसका उपयोग करने वाले लोगों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस पहल के पहले चरण के तहत ओटीपी-आधारित मुफ्त वाई-फाई सुविधा खंड-ए, खंड-बी, खंड-सी, विस्तारित खंड, मध्यस्थता केंद्र और अधिवक्ताओं के लिए जलपान स्थल में होगी।

### बदमाशों ने ट्रक में लगाई आग, एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत

**रांची।** झारखंड के रांची में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ट्रक में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना यहां से करीब 65 किलोमीटर दूर मैक्लुस्कीगंज-चामा रोड पर मंगलवार को हुई। खलारी के डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शुरु में संदेह था कि इस घटना को माओवादियों ने अंजाम दिया है। उन्होंने कहा-अब ऐसा लग रहा है कि अपराध को स्थानीय गिरोह ने अंजाम दिया है। डीएसपी के मुताबिक, ड्राइवर से पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था।

## दिल्ली के उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी को किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- चिकित्सा उपकरणों की खरीद में अनियमितताओं के चलते हुई कार्रवाई

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

दास को 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान 60 करोड़ रुपये मूल्य के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में अप्रैल में सतर्कता निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सतर्कता निदेशालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा- दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम-10 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बच्चों के अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका होने का आरोप लगाया है। इस अस्पताल में शनिवार रात आग लगने की घटना में छह नवजात की मौत हो गई थी।

### गिरफ्तारी के खिलाफ बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से अपनी याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है। कुमार ने अपनी अवैध गिरफ्तारी के लिए उचित मुआवजे और उनकी गिरफ्तारी का निर्णय लेने में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने की भी मांग की। सोमवार को कुमार की जमानत याचिका को एक सत्र अदालत ने खारिज कर दिया था।

# पंजाब में अवैध खनन स्थलों पर ईडी का छापा, 3.5 करोड़ जब्त

चंडीगढ़, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब के कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जगदीश सिंह उर्फ भोला मुख्य आरोपी है। एजेंसी ने इस छापेमारी के दौरान साढ़े तीन करोड़ की नकदी जब्त की है।

सूत्रों के मुताबिक, रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि भोला मामले में एजेंसी द्वारा कुर्क की गई जमीन पर 'अवैध' खनन किया जा रहा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। इस कथित अवैध खनन मामले के कुछ आरोपियों में 'नसीबचंद व श्री राम क्रशर' और अन्य शामिल हैं। पंजाब में मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन का यह मामला करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ गिरोह से जुड़ा है, जिसका पुलिस ने 2013-14 के दौरान पर्दाफाश किया था। ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले को आमतौर पर 'भोला' मादक पदार्थ मामले के नाम से जाना जाता है क्योंकि इस मामले में कथित मुख्य आरोपी, पहलवान से पुलिसकर्मी और फिर मादक पदार्थ माफिया बने जगदीश सिंह उर्फ भोला की संलिप्तता सामने आई थी। ईडी ने भोला को जनवरी 2014 में गिरफ्तार किया था।



मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े भोला ड्रग्स मामले से ईडी की ओर से जब्त किए गए तीन करोड़ रुपये।

- रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर की गई छापेमारी की कार्रवाई
- ईडी ने कुर्क की जमीन पर अवैध खनन किए जाने के बाद उठाया कदम

## आप विधायक को जमानत देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्टने पंजाब से आप विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। माजरा को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और माजरा द्वारा मौजूदा लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के अनुरोध संबंधी याचिका पर जवाब मांगा।



विधायक की ओर से पेश वकील ने चुनाव प्रचार के लिए चार जून तक अंतरिम जमानत दिये जाने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने कहा कि वह सभी पक्षों की बात सुने बिना अमरगढ़ से विधायक को राहत देने के लिए इच्छुक नहीं है। पंजाब में एक जून को अंतिम चरण में मतदान होगा। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इससे पहले उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं है।

सीबीआई ने पिछले साल मई में 40 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी में गज्जन माजरा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। ईडी ने सितंबर, 2022 में बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत उनसे जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी।

## डोंबिवली रसायन फैक्टरी विस्फोट मामले में एक और गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में पिछले सप्ताह रसायन फैक्टरी में विस्फोट मामले में कंपनी के एक और निदेशक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

फैक्टरी के रिएक्टर में विस्फोट की घटना में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। घटना के बाद पुलिस ने अमुदन केमिकल्स के निदेशक मलय मेहता (38) को गिरफ्तार किया था। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को कंपनी की एक और निदेशक और मलय मेहता की पत्नी स्नेहा मेहता को तलब किया और पूछताछ के बाद मामले में प्रथम दृष्टया उनकी संलिप्तता साबित होने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी के मुताबिक स्नेहा को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। घटना के संबंध में पिछले सप्ताह पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी जिसमें उनका नाम नहीं था।

## किशोर न्याय बोर्ड के आचरण की जांच को समिति गठित

पुणे कार दुर्घटना

- 19 मई को पोर्श कार की टक्कर से बाइक सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हो गई थी मौत

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

महाराष्ट्र सरकार ने पुणे कार दुर्घटना मामले में एक समिति गठित की है जो किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि क्या मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूर्णतः पालन किया गया था।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने पिछले सप्ताह पांच सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि इसका नेतृत्व विभाग का उपायुक्त पद का एक अधिकारी कर रहा है और इसके अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को पोर्श कार चला रहे नाबालिग आरोपी ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित तौर पर टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया कि 17 वर्षीय आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटों बाद नाबालिग को जमानत दे दी थी। उसने नाबालिग से सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का एक निबंध लिखने को कहा था जिसकी काफी आलोचना हुई थी। डब्ल्यूसीडी आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने बताया कि जेजेबी में न्यायपालिका का एक सदस्य और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त दो लोग होते हैं। उन्होंने कहा, हमने एक समिति गठित की है जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त जेजेबी सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि कार दुर्घटना मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूरी तरह पालन किया गया या नहीं। नारनवरे ने कहा, एक और तीन सदस्यीय समिति नाबालिग आरोपी के रक्त नमूनों को कथित तौर पर बदलने की जांच कर रही है।

## पाकिस्तान में गिरफ्तार दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में उन दो भारतीयों से मुलाकात की, जिन्हें चार साल पहले जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ट्रिब्यून अखबार के हवाले से कहा कि जम्मू-कश्मीर में बांदीहुराह शहर के गोरेज इलाके के रहने वाले फिरोज अहमद लोन (29) और नूर मोहम्मद वानी (24) नामक दो युवकों को 2020 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के हिस्से गिलगित-बाल्टिस्तान में गिरफ्तार किया गया था। खबर में कहा गया है, कि दोनों भारतीय नागरिकों को हाल में गिलगित-बाल्टिस्तान की जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित किया गया था। भारत सरकार के अनुरोध पर राजनयिक पहुंच प्रदान की गई। यहां भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बद्देपारा इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। मद्देड थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। बद्देपारा के करीब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों ने अभी तक दो नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किया है।

### नक्सलियों ने कंटेनर के साथ व्यक्ति को जिंदा जलाया

**रांची।** राजधानी रांची से 60 किमी दूर स्थित मैकलुस्कीगंज–चामा रोड में नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। आगजनी की घटना में नक्सलियों ने कंटेनर के साथ–साथ एक व्यक्ति को जिंदा जलाया है। मृतक व्यक्ति कुक का काम करता था। सूचना के बाद से ग्रामीण एसपी, खलारी थानेदार विजय सिंह, मैकलुस्कीगंज थानेदार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रहे है। नक्सलियों ने मैकलुस्कीगंज–चामा रोड में कंटेनर को निशाना बनाते हुए पहले रुकवाया लेकिन, चालक मौके से भाग गया। इसके कुछ देर बाद नक्सलियों ने गाड़ी में आग लगा दी। इस घटना में गाड़ी में बैठा व्यक्ति को जिंदा जला दिया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि जांच जारी है।

### चीन में पूर्व बैंकर को रिश्वत लेने के जुर्म में मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन की अदालत ने 15.1 करोड़ डॉलर की घूस लेने के जुर्म में पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनाई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बुधवार को बताया कि चाइना हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स (सीएचआईएच) के पूर्व महाप्रबंधक बाई तिआनहुई को मंगलवार को तिआनजिन की अदालत ने मौत की सजा सुनाई। अदालत के फैसले के अनुसार, उसके आजीवन राजनीतिक अधिकार भी छीन लिए गए और उसकी सारी संपत्ति जब्त कर ली गई है। अदालत ने कहा कि बाई ने भारी रकम के बदले में अधिग्रहण और परियोजनाओं के वित्त पोषण में दूसरों की मदद करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया।

### छात्राओं के स्कूल में बदमाशों ने लगाई आग

**मीरानशाह।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में छात्राओं के विद्यालय में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि रजमक उपमंडल के शाखिमर गांव स्थित गोल्डन एरो पब्लिक स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग तेजी से फैली और पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी। आग से इमारत में रखे फर्नीचर और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और स्कूल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है।

### न्यू मैक्सिको में एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में अल्बुकर्क इंटरनेशनल सनपोर्ट के हवाई क्षेत्र के पास एफ–35 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लॉकहीड मार्टिन के अधिकारियों ने कहा कि एफ–35 विमान टेक्सास से कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस जा रहा था। यह न्यू मैक्सिको के कीर्टलैंड एयर फोर्स बेस में ईंधन भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों और अल्बुकर्क फायर रेस्क्यू ने कहा कि पायलट को चोटें आईं और उसे न्यू मैक्सिको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि विमान लॉकहीड मार्टिन कारखाने से स्थानांतरित किया जा रहा था ताकि दुर्घटना के समय उसका उपयोग किया जा सके।

# इजराइली कार्रवाई पर नीतियों में कोई बदलाव नहीं : अमेरिका

### कहा- राफा में हुए हमले में जानमाल के नुकसान दिल दहला देने वाले और भयावह

वाशिंगटन, एजेंसी

- इजरायल ने हथियारों को पाने के लिए निर्धारित दायरे को नहीं किया है पार : अमेरिकी प्रवक्ता
- अमेरिका को लगता है, शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा इजराइल

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने गाजा के शहर राफा पर इजराइल के हवाई हमले में लोगों के मारे जाने की घटना की निंदा की लेकिन कहा कि वह इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर नीतियों में बदलाव नहीं करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजरायल ने भविष्य में हथियारों को पाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्धारित दायरे को पार नहीं किया है और अमेरिका को लगता है कि वह शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा। ऐसा लगता है कि वह राफा के आबादी वाले इलाके में कोई जमीनी अभियान नहीं चला रहे हैं। उन्होंने राफा में हवाई हमले में हुए जानमाल के नुकसान को दिल दहला देने वाला और भयावह करार दिया और कहा कि अमेरिका इजराइल द्वारा की जा रही जांच के परिणामों को देख रहा है, जिसमें कहा गया है कि हमास के दो लड़ाकों पर हमले के बाद हुए दूसरे धमाके में आम नागरिक मारे गए।

किर्बी ने कहा कि इस हमले में हमास के दो सरगना मारे गए, जो हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। हमने कई बार कहा है कि इजराइल को लोगों की जान बचाने के लिए एहतियात बरतना चाहिए।

### इजरायल ने राफा शिविर पर बमबारी में शामिल होने से किया इनकार

**गाजा।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने राफा के पास अल–मवासी इलाके में शिविर पर हुए बम विस्फोट में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। आईडीएफ ने कहा कि कुछ घंटों की रिपोर्टों के विपरीत, अल–मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया गया। आईडीएफ ने कहा कि हथियारों का छिपा हुआ भंडार घातक विस्फोटों का कारण है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया था कि इजरायली तोपखाने ने अल–मवासी क्षेत्र में विस्थापितों के लिए तंबुओं पर बमबारी की, जो मानवीय क्षेत्र है जहां विस्थापित गाजावासी आईडीएफ के आदेश के आधार पर शरण लेते हैं।

**इजराइल ने किया फिर हमला :** इजराइल ने बुधवार को राफा में फिर से हमला किया। हमास पर युद्ध में नागरिकों की मौत पर बढ़ती चिंता के बावजूद इजराइल ने बदलाव का कोई संकेत नहीं दिखाया है, जिससे युद्धविराम के लिए हो रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में रुकावट आ रही है। राफा में मीडिया की ओर से आज तड़के नए हमलों की सूचना दी गई।

### आलिया, प्रियंका सहित कई हस्तियों ने फिलिस्तीन के साथ दिखाई एकजुटता

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट और करीना कपूर खान सहित कई भारतीय हस्तियों ने राफा में एक शिविर पर इज़राइली हमले के बाद फिलिस्तीन के प्रति समर्थन जाहिर की है। इज़राइल के हमले में 45 लोगों की मौत हुई है। इज़राइली हमले की कड़ी निंदा हो रही है हालांकि इज़राइली सेना का दावा है कि शिविर में आग फिलिस्तीनी आतंकियों के हथियारों से हुए विस्फोटों से लगी होगी। वहीं सोनम कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, कोंकणा सेन शर्मा, एटली, वीर दास, दीया मिर्जा, तृप्ती डिमरी, शिल्पा राव, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह सहित कई हस्तियों ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही राफा की वह तस्वीर साझा की जिस पर लिखा है, सभी की निगाहें राफा पर हैं।

### एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र पर लगाया गाजा में हिंसा रोकने में विफल होने का आरोप

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गाजा के राफा में रक्तपात रोकने में विफल होने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर बुधवार को हमला बोला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आत्मा मर चुकी है। एर्दोगन ने कहा कि अगर आप नरसंहार को नहीं रोक सकते तो संयुक्त राष्ट्र का क्या उपयोग है? अगर दुनिया का भाग्य पांच देशों के हाथों में है, तो इन इमारतों का क्या उपयोग है? संयुक्त राष्ट्र अपने कर्मचारियों की भी सुरक्षा नहीं कर सकता।

## रूसी हस्तक्षेप की आशंका में यूरोपीय संसद की ली तलाशी

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के संघीय अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद के एक कर्मचारी के आवास और ब्रसेल्स में संसद भवन में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

अभियोजकों ने कहा कि फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में संदिग्ध के कार्यालय की न्यायिक सहयोग एजेंसी यूरोजस्ट और फ्रांसीसी अधिकारियों के सहयोग से तलाशी ली गई। स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की संसद का मुख्यालय है। यह तलाशी यूरोपीय संसद के चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले ली गई। जांच की घोषणा पिछले महीने बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेल्जियम की खुफिया सेवा ने एक ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है, जो यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। अभियोजकों ने कहा कि यह तलाशी हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और आपराधिक संगठन की सदस्यता के मामले का हिस्सा है और रूसी हस्तक्षेप के संकेतों से संबंधित है, जिस पर यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया और वॉयस ऑफ यूरोप समाचार वेबसाइट के माध्यम से रूसी हित वाले प्रचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें भुगतान किया गया।

राजकोट के गेम जोन में आग

## एसआईटी को शीर्ष अधिकारियों से पूछताछ की मिली अनुमति

अहमदाबाद, एजेंसी

- गृह राज्य मंत्री ने दी अनुमति,7 सरकारी और दो पुलिस कर्मियों की भूमिका की हो रही जांच

गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में लगी आग की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि जांच में जरूरत के अनुरूप उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ करने की अनुमति मिल गई है।

संबंधित घटनाक्रम में राजकोट के जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों के डीएनए नमूने उनके रिश्तेदारों से मेल खा गए हैं। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी द्वारा गांधीनगर में एसआईटी सदस्यों से मुलाकात करने और जांच में प्रगति की समीक्षा करने के बाद विशेष जांच दल के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने मीडिया से बात की। त्रिवेदी ने कहा कि हमें राजकोट नगर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस और बिजली कंपनी से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और दोषी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

एसआईटी में तकनीकी शिक्षा आयुक्त बीएन पाणि, गांधीनगर स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी, अहमदाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेएन खड़िया और सड़क एवं भवन विभाग के अधीक्षण अभियंता एमबी देसाई शामिल हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि गृह राज्य मंत्री (सांघवी) ने कहा है कि यदि आवश्यक हो तो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों सहित वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाए। एसआईटी दो पुलिसकर्मियों समेत उन सात सरकारी कर्मचारियों में से प्रत्येक की भूमिका की भी जांच कर रही है, जिन्हें पहले ही निलंबित कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि गेम जोन संचालकों ने सीमा से अधिक 30 लीटर से ज्यादा पेट्रोल संग्रहित किया था, इसलिए पेट्रोलियम अधिनियम के तहत प्राथमिकी में धाराएं जोड़ी जाएंगी। मंत्री ने हमें जांच करने को कहा है ताकि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## गुप्त धन मामले में ट्रंप चुनाव कानून उल्लंघन के दोषी

वाशिंगटन, एजेंसी

- वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी को किए गए भुगतान से जुड़ा मामला

अमेरिकी अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने जूरी से कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुप्त धन मामले में अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि ट्रंप चुनाव कानूनों के उल्लंघन के दोषी हैं। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 2006 में उनके बीच हुए यौन संबंध के बारे में सार्वजनिक रूप से बताने से चुप कराने के लिए कथित गुप्त धन भुगतान से संबंधित व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। ट्रंप पर यह भी आरोप है कि 2016 के चुनाव से पहले उन्होंने चुप्पी साध ली। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने आरोपों और डेनियल्स के साथ कोई संपर्क होने से इनकार किया है। मंगलवार को अंतिम दलील देते हुए अभियोजक ने कहा कि यह साबित हो गया है कि ट्रंप ने चुनाव कानून का उल्लंघन करने, सहायता करने या छिपाने का प्रयास किया था। अभियोजक ने बताया कि बहुत सारे सबूत हैं कि यह भुगतान डेनियल्स को किया गया था। जूरी बुधवार को न्यायाधीश जुआन मर्चन के 12-सदस्यीय जूरी को निर्देश देने के बाद इस पर विचार करेगी कि ट्रंप को दोषी ठहराए या नहीं।

### इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत



चिलचिलाती गर्मी का कहर जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए विजय चौक पर लगे फव्वारे के पानी में बंदर अठखेलियां करते नजर आए। ● एजेंसी

## मेक्सिको में इज़रायली दूतावास के बाहर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

मेक्सिको सिटी , एजेंसी

- 80 लोगों ने दूतावास घेरने का किया प्रयास, इनमें ज्यादातर महिलाएं रहीं शामिल

मेक्सिको सिटी में इजरायली दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन पुलिस के साथ हिंसक झड़प में बदल गया और पत्रकारों समेत कई घायल हो गए। मैक्सिकों के प्रसारक टेलीडियारियो ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली दूतावास के बाहर मंगलवार रात 80 लोग एकत्र हुए तथा पुलिस घेरा और अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस के सहयोग से दूतावास के गार्डों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी लेकिन उन पर पत्थरों और पेट्रोल बमों से हमला किया गया। प्रदर्शन और झड़पें जिनमें कथित तौर पर ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं, दो घंटे तक चली और बिना किसी गिरफ्तारी के समाप्त हो गई। घटनाओं को कवर करने के लिए मौजूद कई पत्रकार भी झड़प के दौरान घायल हो गए। रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए कहा गया है कि झड़प के दौरान चार पुलिस अधिकारियों और दो महिलाओं को चोटें आईं, जिनमें से ज्यादातर के शरीर के विभिन्न हिस्से जल गए और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन दक्षिणी गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हाल ही में हुए इजरायली हमलों को लेकर था।

## बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इमरान खान के वकील ने किया हमला

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद की अदालत के बाहर खान के वकील ने हमला कर दिया। यह हमला तब हुआ जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपती की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तीन फरवरी को एक निचली अदालत ने शादी के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बुशरा के पूर्व पति खावर ने 2023 में दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बुशरा द्वारा इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली थी।

## उत्तर कोरिया ने दक्षिण की ओर उड़ाए कचरे से भरे गुब्बारे

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे उड़ाए जिससे दक्षिण की सेना को देश के विभिन्न हिस्सों में कचरे और मलबे को इकट्ठा करने के लिए रासायनिक तथा विस्फोटक प्रतिक्रिया टीमों को तैनात करना पड़ा।

उत्तर कोरिया द्वारा कचरे के गुब्बारे उड़ाया जाना हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सैन्य वैज्ञानिकों से उपग्रह प्रक्षेपण में मिली असफलता से उबरने और अंतरिक्ष में अपनी टोही क्षमताओं को विकसित करने को कहा था, जिसके बाद ये गुब्बारे उड़ाए गए। किम ने अंतरिक्ष परियोजना को अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने में बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उत्तर कोरिया का उपग्रह प्रक्षेपण मिशन सोमवार को असफल हो गया था। कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के पास 20 लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास किया था। किम ने प्रक्षेपण असफल होने के बाद पहली टिप्पणी करते हुए दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' की खबर के मुताबिक, किम ने मंगलवार को अपने भाषण में दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को उन्मादी पागलपन और नजरअंदाज नहीं करने योग्य खतरनाक उकसावे वाला कदम करार दिया था।

खगोलीय घटना | मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का हुआ खुलासा

# लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की धरती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारे सौर मंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह वीनस यानी शुक्र ग्रह की सतह पर ज्वालामुखी सक्रिय हैं, जो बड़े पैमाने पर लावा उगल रही है। मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का खुलासा हुआ है।

शुक्र ग्रह की सतह पर माट मॉन्स नामक स्थान पर यह ज्वालामुखी काफी सक्रिय है। 3-डी कंप्यूटर मॉडल से लावा उगलते ज्वालामुखी का स्पष्ट पता लगाया जा सका है। नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र ग्रह की कक्षा में पहुंचकर इसकी तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों का कई वर्षों तक अध्ययन किया गया। तब जाकर इस रहस्य का खुलासा हो पाया। वीनस पर सक्रिय ज्वालामुखी की यह दूसरी खोज है। मैगेलन अंतरिक्ष यान 1990 से 1992 तक शुक्र ग्रह की सतह का 98 फीसद मानचित्रण किया था और इटली के वैज्ञानिकों ने इसका विश्लेषण किया।

पेस्कारा डी अन्नुंजियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डेविड सुल्केनीज़ ने अपने बयान में कहा कि सक्रिय ज्वालामुखी के लिहाज से पृथ्वी और शुक्र ग्रह में एक जैसी समानता है और शुक्र पर यह नवीनतम खोज मैगलन के सिंथेटिक एपर्चर रडार से छवियों की ऐतिहासिक 2023 खोज पर आधारित है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।



शुक्र ग्रह की सतह पर बने ज्वालामुखी की तस्वीर।

- नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र की कक्षा में पहुंचकर ली तस्वीर, कई वर्षों तक किया गया अध्ययन

### 3 से 20 मीटर ऊंचे ज्वालामुखी

**नैनीताल :** शुक्र के दोनों ज्वालामुखी 3 से 20 मीटर ऊंची हैं, जो ज्वालामुखी लगभग 30 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। संभव है कि और भी ज्वालामुखी हो सकते हैं। जिनकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा शुक्र की भूगर्भीय स्थिति का पता भी लगाया जा रहा है। इस खोज से शुक्र की पृथ्वी की तुलना में भूगर्भीय स्थिति की सही जानकारी मिल पाएगी।

## पाकिस्तान में बस के खड्ड में गिरने से 28 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक तेज रफ्तार यात्री बस के पलट कर खड्ड में गिर जाने से बच्चों और महिलाओं सहित 28 लोगों की मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। यह बस तुर्बत से बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही थी और क्वेटा से लगभग 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं,यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले तीन मई को गिलगित बाल्टिस्तान में एक यात्री बस के एक संकरी सड़क से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थीं, जबकि 21 अन्य घायल हो गए थे।